राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 युवराज बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एमबेस्डर...

कांग्रेस मुसलमानों को गोमांस खाने का अधिकारदेना चाहती है, योगी आदित्यनाथ ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 344 | पटना, रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### कोटा-दानापुर के बीच प्रत्येक शनिवार को चलेगी विशेष रेलगाड़ी

कोटा। रेलवे ने कोटा से दानापुर (पटना) के बीच प्रत्येक शनिवार को गर्मी के सत्र के लिए विशेष रेलगाड़ी चलाने का निर्णय किया है। कोटा मंडल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेल प्रशासन ने ग्रीष्मावकाश में भीड़ को कम करने के लिए कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी दोनों दिशाओं में 27 अप्रैल से 30 जून के बीच साप्ताहिक रूप में चलाने का निर्णय किया है। पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन किया गया है। यह गाड़ी अब कोटा से प्रत्येक शनिवार रात 9.05 बजे प्रस्थान के बजाय रात 9.25 बजे चलेगी। सूत्रों के अनुसार गाड़ी संख्या 09817 कोटा से दानापुर विशेष रेलगाड़ी आज से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार रात 9.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को सायं 6.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा अगले दिन रविवार को सायं 6.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। प्रत्येक रविवार को 28 अप्रैल से 30 जून तक से दानापुर स्टेशन से रात्रि 9.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को रात 10.25 बजे कोटा पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### मणिपुर में दो समूहों के बीच गोलीबारी, एक युवक की मौत

इंफाल। मणिपुर में दो गुटों के बीच गोलीबारी के बाद लापता हुआ एक व्यक्ति अगले दिन मृत पाया गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात को कांगपोकपी और इंफाल पूर्व जिलों की सीमा पर सिनाम कोम में गोलीबारी हुई। उसने बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद लापता हुआ एक ग्राम स्वयंसेवक शनिवार सुबह मृत पाया गया। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान लैशराम प्रेम के रूप में की गयी है। इलाके में स्थिति शांतिपूर्ण रखने के लिए सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है।

### रांची में बर्ड फ्लू को लेकर हाई अलर्ट, केंद्रीय टीम ने अस्पतालों का लिया जायजा

रांची। रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से पहुंची केंद्रीय टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की आपात स्थिति और संक्रमण के प्रसार पर रोक के लिए की जा रही कार्रवाई का जायजा लिया। टीम में संयुक्त सचिव के स्तर के अधिकारी और विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। उन्होंने रांची स्थित मेडिकल कॉलेज और सदर हॉस्पिटल का निरीक्षण कर आइसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन बेड, पीपीई किट, एंटी वायरल एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र को बर्ड फ्लू का एपिक सेंटर बताया गया है। यहां करीब ढाई हजार मुर्गियों और बत्तखों को मारा गया है। इस कार्य में लगाए गए पांच कर्मियों को क्वारंटाइन किया गया है। यह एहतियाती कदम इसलिए उठाया गया कि पक्षियों से एवियन इन्फ्लूएंजा का वायरस इंसानों में न पहुंचे। एपिक सेंटर के एक किलोमीटर के दायरे में मुर्गी, बत्तख, अंडे की आवाजाही और खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। इन क्षेत्रों में मुर्गियों, बत्तख की कलिंग भी कराई जा रही है। बता दें कि होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में बीते 12-13 अप्रैल को दो दर्जन चूजों की मौत के बाद उनके सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भेजे गए थे।

---

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से पंचायत अध्यक्षों से किया संवाद

# राज्य सरकार के 18 सालों की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं : सीएम नीतीश

**प्रात : किरण संवाददाता**

## बोलें-हमनें समाज के सभी तबकों के लिए किया है काम



पटना। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने तीसरे, चौथे एवं पाँचवे चरण में होने वाले चुनाव सम्बंधित तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने हेतु पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्राथमिक इकाई के अनेक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना विचार रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमनें समाज के सभी तबकों के लिए काम किया है।

पहले बिहार की स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति बदतर हुआ करती थी। 2005 के बाद हमारी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया। 2005 से पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिमाह औसतन 39 मरीज जाते थे लेकिन अब वह संख्या बढ़कर 10 हजार से अधिक हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे तो सड़कों की स्थिति बेहद खराब रहती थी, अपने क्षेत्र में हमें पैदल जाना पड़ता था लेकिन आज बिहार के सभी क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुगम हुई है। मुख्यमंत्री ने राजद को भी निशाने पर लिया और कहा कि 15 सालों में उनलोगों ने कुछ नहीं किया। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाया जबकि हमारा कोई परिवार राजनीति में नहीं है, पूरे बिहार को हम अपना परिवार मानते हैं। हमें काम करने का मौका मिल तो हमनें बिहार की महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। बच्चियों के लिए हमनें पोशाक और साईकल योजना की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो काम हुए हैं उसे महिलाओं के बीच जाकर बताएं। साथ ही उन्होंने कहा कि 2005 के बाद हिन्दू-मुस्लिम के बीच का झगड़ा बिल्कुल बंद हो गए। पहले शाम होते कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार के 18 सालों की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं साथ ही उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि पिछली बार से बड़े अंतर से जीत हासिल करना है।

इस वर्चुअल बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, डॉ नवीन आर्या चंद्रवंशी, मनीष कुमार, सुनील कुमार सुशील, निहोरा प्रसाद यादव, वासुदेव कुशवाहा, हिमराज राम, मधुरेन्द्रु पांडे, विनीता स्टेफी पासवान आदि मौजूद रहें।

---

पीएम ने महाराष्ट्र में चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर बोला हमला

# कश्मीर में अनुच्छेद- 370 बहाल करना है कांग्रेस का एजेंडा : मोदी

## इंडी गठबंधन में सतानत को खत्म करने की बात करने वालों का सम्मान होता है

- पीएम मोदी ने कहा कि अगर मैं फुटबॉल की भाषा में बोलूं तो लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद भाजपा 2-0 से आगे हैं।

**प्रात : किरण**



कोल्हापुर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा में लगातार विपक्षी दलों की खिंचाई कर रहे हैं। इस बीच महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र का फुटबॉल केंद्र है। यहां युवाओं के बीच फुटबॉल काफी लोकप्रिय है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर मैं फुटबॉल की भाषा में बोलूं तो लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद भाजपा 2-0 से आगे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस को एहसास हो चुका है कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा राष्ट्र-विरोधी एजेंडे और तुष्टिकरण का उपयोग किया जा रहा है और अब उनका एजेंडा यह है कि वे कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करेंगे। प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष ने एक साल, एक पीएम का फॉमूर्ला तैयार किया है। अगर विपक्ष को पांच साल का मौका मिला तो उनके पांच अलग-अलग पीएम होंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कर्नाटक और तमिलनाडु में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता दक्षिण भारत को विभाजित कर अलग देश की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि इसे कभी स्वीकार करेगी?

**पीएम मोदी ने डीएमके पर भी साधा निशाना:** पीएम मोदी ने डीएमके को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बेहद खास डीएमके पार्टी के नेता सनातन धर्म को गाली दे रही है और कह रहे हैं कि सनातन डेंगू और मलेरिया है। पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा ऐसे नेताओं को महाराष्ट्र में आमंत्रित किया जाता है। इससे साफ है कि इंडी गठबंधन में सतानत को खत्म करने की बात करने वाले नेताओं का सम्मान होता है।

---

# पीएम मोदी को सिख समाज से है विशेष लगाव : जेपी नड्डा

**प्रात : किरण**



नई दिल्ली/एजेंसी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बड़े पैमाने पर सिख समाज के लोगों के पार्टी में शामिल होने को भाजपा के लिए गौरव और खुशी की बात बताते हुए कहा है कि पीएम मोदी को सिख समाज से विशेष लगाव है और भाजपा सिख समाज के साथ मिलकर दिल्ली और पंजाब के विकास के लिए कार्य करती रहेगी। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी में शामिल होने वाले सिख समाज के प्रतिष्ठित लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि सिख कौम के लिए अगर सही मायने में किसी ने काम किया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पीएम मोदी लंबे समय तक पंजाब के प्रभारी रहे हैं, इसलिए उन्हें उनसे बहुत लगाव है। पंजाब का कोई ऐसा जिला या गांव नहीं है जहां पीएम मोदी न गए हों। 1984 के दंगे का जिक्र करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 1984 में जिस तरह से मानवता और इंसानियत का गला घोंटा गया, वो सबने देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने 1984 के दंगों पर एसआईटी का गठन किया और आज उन दंगों के दोषी जेल में हैं। सिख समाज के समर्थन के लिए आभार जताते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी सबका ख्याल रखती है। सिख समाज के योगदान को पहचानना, उसकी इज्जत करना और मुख्यधारा में शामिल करते हुए, पूरी ताकत के साथ सिखों को आगे बढ़ाना अगर संभव है, तो ये भाजपा में ही संभव है। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि हमारे सिख भाइयों ने किस तरीके से देश के लिए अपनी कुबार्नी दी, देश के लिए शहीद हुए। देश पर जितने भी आक्रमण हुए, उन सबको मुंहतोड़ जवाब देने और विजय हासिल करने में सिख भाइयों का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे सिख कौम के लोग भाजपा में शामिल हों, ये उनके लिए गौरव और खुशी की बात है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके माध्यम से देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें बहुत बड़ा योगदान सिख समाज का है, इनके शामिल होने से भाजपा इस काम और तीव्र गति से आगे बढ़ाएगी।

नड्डा ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर और लंगर के भोजन पर जीएसटी सरकार द्वारा भरने जैसे कई काम गिनाते हुए दावा किया कि पीएम मोदी ने सिख समाज के लिए कई ऐसे काम किए जो 70 सालों तक कोई और प्रधानमंत्री नहीं कर पाया। आपको बता दें कि इससे पहले दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों सहित सिंह सभा एवं अन्य सिख संस्थाओं से जुड़े 1500 महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जसमेन सिंह नोनी, हरजीत सिंह पप्पा, रमनदीप सिंह थापर, भूपिंदर सिंह गिन्नी, रमनजोत सिंह मीता, परविंदर सिंह लक्की और मंजीत सिंह औलख सहित दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 7 सदस्यों एवं सिंह सभा और अन्य सिख संस्थाओं से जुड़े 1500 महत्वपूर्ण व्यक्तियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

---

# नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री : शाह

**प्रात : किरण**

## राजकोट के जामकंडोरण में केन्द्रीय मंत्री की जनसभा



राजकोट/एजेंसी। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे।

अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी।

जबकि पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिए गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरूआत कर दी है। पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से घूमा है। उन्होंने पोरबंदर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया का जिक्र कर कहा कि कोरोनाकाल में मांडिवया ने घबराए बगैर एकदम शांत मन से वैक्सीन का काम पूरा किया। कांग्रेस सरकार में देश में 7 एम्स था, आज हर साल एक लाख डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। यह मोदी सरकार की देन है। जन औषधि केन्द्र मनसुख मांडविया ने शुरू कराया। सौराष्ट्र में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि सौराष्ट्र को कांग्रेस सरकार ने जल संकट की ओर धकेल दिया था। मोदी सरकार ने नर्मदा के जरिए पीने का पानी कच्छ तक पहुंचाया।

समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम का अयोध्या की चर्चा कर शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार राममंदिर का मुद्दा 70 वर्षों तक भटकाती रही। आखिरकार मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ ही राममंदिर का निर्माण करवा कर समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम कर दिया है। गरीबों को अनाज, शौचालय, खुद का घर, उज्ज्वला गैस, नल से जल और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता का काम नरेन्द्र मोदी ने किया।

अनुच्छेद 370 का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को इसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय कोई भी ऐरा-गैरा हमला करता था लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान के घर में घुसकर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों के हौसले पस्त कर दिए गए।

---

# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद, चार घायल

**प्रात : किरण**

इंफाल/एजेंसी। मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया। कुकी आतंकवादियों ने नारायणसेना में सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की। विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है।

---

# 17 महीनों में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का किया काम : तेजस्वी

**प्रात : किरण**



पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खगड़िया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम नीतीश को हम मान-सम्मान देते हैं, इसके बाद वे पलट जाते हैं और फिर हमें ही गाली देने लग जाते हैं। तेजस्वी ने कहा कि हम लोग सरकार में रहते हुए अच्छा काम कर रहे थे कि चाचा पलट गए। तेजस्वी यादव ने शनिवार को खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में बोसा हाईस्कूल मैदान में सीपीएम कैंडिडेट संजय कुमार के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वे सम्मान करते थे और करते रहेंगे। वे बुजुर्ग हैं और अभिभावक हैं। उनको सब हाइजैक किए हुए हैं। हमारे चाचा बीच में कहते थे कि कहां से नौकरी लाएगा, अपने बाप से पैसा लाकर बांटेगा क्या? जब वे हमारे साथ आए, तो 17 महीनों में तेजस्वी ने उन्हीं मुख्यमंत्री के हाथ से नियुक्ति पत्र बंटवाए जो असंभव कहते थे। 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का काम किया गया। तेजस्वी ने आगे कहा कि उन्होंने सभी विकास मित्र, टोला सेवक, आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय दोगुना करने का वादा किया था। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी देने की बात कही थी। जब वे सत्ता में आए तो इन वादों को पूरा करके दिखाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने

दिखाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने पांच लाख लोगों को नौकरी दी और तीन लाख का इंतजाम अलग से करके आए। अब हालत ये है कि एनडीए सरकार ने बहाली रोक दी है। तेजस्वी के जाने के बाद बहाली तो नहीं निकली लेकिन पेपर लीक जरूर हो गया।

---

### हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद भाजपा ने मांगा केजरीवाल का इस्तीफा

नई दिल्ली/एजेंसी। भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने एमसीडी स्कूलों की दयनीय हालत को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल पूरी तरह से फेल है और हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सिरसा ने दावा किया कि हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के लोभी हैं, अपने लिए सत्ता का इस्तेमाल कर रहे हैं और वह देश के हित से ऊपर अपने निजी हित को मानते हैं। उन्होंने हाई कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल इतना फेल है।

---

**चुनाव** | तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में डाले जाएंगे वोट

# तीसरे चरण की चार सीट पर इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी

## एनडीए के सांसदों को देंगे चुनौती

**प्रात : किरण**



पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में पांच सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे।

बिहार लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 07 मई को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होने जा रहा है। इनमें से चार सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा पर इंडिया गठबंधन के बैनर तले पहली बार लोकसभा के रण में उतरे प्रत्याशी, राजग के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। झंझारपुर संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार सुमन महासेठ पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं। श्री महासेठ इस सीट पर वर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल से मुकाबला करने के लिये तैयार हैं।सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ इससे पूर्व वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मधुबनी विधानसभा सीट से वीआईपी के प्रत्याशी रह चुके हैं, तब, उन्हें राष्ट्रीय जनता दल उम्मीदवार समीर कुमार महासेठ ने हराया था। सुपौल संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी, सिंहेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल पहली बार लोकसभा में अपनी किस्मत आजमाने के लिये तैयार है। श्री चौपाल की चुनावी टक्कर इस सीट पर जदयू के वर्तमान सांसद दिलकेश्वर कामत से है। अररिया से पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम इंडिया गठबंधन में शामिल राजद के बैनर तले पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे हैं। श्री आलम का मुकाबला इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रदीप कुमार सिंह से होगा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अररिया संसदीय सीट से प्रदीप कुमार सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस सीट पर श्री सिंह की टक्कर राजद प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन से हुयी। श्री तस्लीमुद्दीन ने श्री सिंह को चुनावी मैदान में मात दी।श्री तस्लीमुद्दीन के निधन के बाद अररिया लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 में उप चुनाव हुआ। उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह का मुकाबला श्री तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र राजद प्रत्याशी सरफराज आलम से हुआ। भाजपा के श्री सिंह को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को पराजित कर बाजी अपने नाम कर ली। इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह की चुनावी टक्कर स्वर्गीय तस्लीमुद्दीन के दूसरे पुत्र राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम से होने जा रही है। मधेपुरा संसदीय सीट से भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे पूर्व सांसद डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र कुमार चंद्रदीप मधेपुरा सीट से पहली बार राजद के टिकट पर चुनावी रण में उतरे हैं। श्री चंद्रदीप की चुनावी टक्कर जदयू सांसद दिनेशचंद्र यादव से है।

---

# संविधान और लोकतंत्र के मसले पर लालू प्रसाद और सम्राट में वार-पलटवार

**प्रात : किरण**

पटना/एजेंसी। बिहार में लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान के बाद शनिवार को राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संविधान और लोकतंत्र को लेकर एक दूसरे पर निशाना साधा।

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शनिवार को अपने अधिकारिक एक्स पर भाजपा से सवाल पूछते हुए लिखा, "भारतीय जनता पार्टी, मोदी सरकार और बीजेपी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित देश के सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान से नफरत क्यों है?" उन्होंने आगे लिखा कि मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण, नौकरी, लोकतंत्र और संविधान क्यों समाप्त करना चाहती है? जवाब दें? इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पलटवार करने में देरी नहीं की। उन्होंने अपने अधिकारिक एक्स पर लालू प्रसाद को जवाब देते हुए लिखा कि लालू जी, जब संविधान को दरकिनार कर मनमोहन सिंह गरीब, दलितों की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला हक बता रहे थे, तो कहां थे आप? जब संविधान के पन्नों पर उकेरे प्रभु श्रीराम को सैकड़ों साल तक टेंट में रखा गया था तो कहां थे आप? उन्होंने आगे लिखा, "नौकरी के लिए गरीबों की जमीन लूटने वाले हमें ना बताएं कि संविधान की रक्षा कैसे की जाती है। जब तक देश में नरेंद्र मोदी जी जिन्दा हैं, किसी की मां ने दूध नहीं पिया है जो संविधान को बदल दे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, रविवार, 28 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नवम पातशाह के प्रकाश पर्व को ले रखा गया अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। सिख पंथ के नवम गुरु श्री तेगबहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर धार्मिक आयोजन तख्तश्री पटना साहिब में किया गया है। इसे लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह की देखरेख में रखा गया। इसका समापन सोमवार को होगा। उसी दिन दरबार साहिब में विशेष दीवान सजेगा, जिसमें शबद कीर्तन, और कथा प्रवचन होगा। रविवार को पांचवें गुरु अर्जन देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर श्री अखंड पाठ रखा जाएगा। इसका समापन मंगलवार को होगा।

### शतचंडी महायज्ञ व सत्संग 12 से

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना क्षेत्र के मितन घाट बक्शी मुहल्ला स्थित श्री भगवती सीता स्थान और श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर न्यास समिति की ओर से शतचंडी महायज्ञ और सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाला यह धार्मिक आयोजन 12 मई से शुरु होगा। इस संबंध में समिति के उपाध्यक्ष रतनदीप प्रसाद, सचिव प्रभात बहादुर माथुर, शत्रुघ्न यादव और नितेश सिन्हा ने बताया कि काशी के आचार्य नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यत्व में धार्मिक अनुष्ठान होगा। 16 मई को सीता जयंती के मौके पर मंदिर में यज्ञ की पूर्णाहुति, हवन, ध्वजारोहण व कन्या पूजन के साथ ही अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने बूथ कैप्चरिंग गुट के मंसूबे पर फेरा पानी

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी संवैधानिक संस्थाएं सक्रिय हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ की आशंका व संदेह को निराधार बताया और कहा कि दोबारा से मतपत्र से मतदान कराने की प्रणाली पर वापस लौटने से पिछले कुछ सालों से लगातार हुए चुनाव सुधार की स्थिति पहले जैसे हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम की जगह मतपत्र पर वापस लौटना उस दौर में जाना होगा, जब बूथ कैप्चरिंग होती थी।

### मां गंगा की पूजा कर उतारी आरती

पटना सिटी (प्राकि)। श्री गुरु गोविंद सिंह घाट (कंगन घाट) पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल, महासचिव राजेश शुक्ला टिल्लू एवं सह-मीडिया प्रभारी विकास राज जयसवाल द्वारा गंगा पूजा एवं गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती पंडित हिमांशु गिरी द्वारा कराई गई। इसमें मुख्य यजमान शीला हिमतसिंगघका थीं। इस दौरान अर्चना गुप्ता, प्रयांजलि, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, राजनाथ राय मुखिया, वकील राय आदि शामिल थे।

### चोरी के मोबाइल खरीदने के मामले में तीन युवक गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मोबाइल चोरी करने व मोबाइल खरीदने के मामले में तीन युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी किये गये मोबाइल भी बरामद किया। तीनो युवक से पुछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांधीनगर गाभतल निवासी नित्यानंद सिंह ने लिखित शिकायत दर्ज कराया था। बताया जाता है कि विगत 23 अप्रैल को नित्यानंद सिंह के घर से एक मोबाइल चोरी कर ली गयी थी। जिसका छानबीन में पता चला कि स्थानीय भोला नामक युवक ने घर में घुस कर मोबाइल चोरी की है। जिसपर पुलिस ने भोला को गिरफ्तार किया। उसके निशान देही पर चोरी के मोबाइल खरीदने वाले अखाड़ा रोड निवासी आकाश कुमार एवं दलदलीरोड निवासी सौरभ कुमार को गिरफ्तार करते हुए मोबाइल बरामद किया। तीनो को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है

### बदमाशों ने एक परीक्षार्थी को मारपीट कर किया जख्मी

दानापुर। नगर के क्षेत्र अंतर्गत बीएस कालेज परीक्षा केन्द्र के बाहर बदमाशो ने एक परीक्षार्थी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। जख्मी छात्र स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र जय शंकर सिंह ने दो नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। जख्मी ए एन कॉलेज अंग्रेजी तृतीय वर्ष के छात्र जय शंकर सिंह छात्र ने बताया है कि 25 अप्रैल को वो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने लिए वो आया था। जय शंकर जब परीक्षा देने बी एस कालेज परीक्षा केन्द्र पर पहुंचा तो मेन गेट के पास अभिनव राय उर्फ आकाश और नचिकेता प्रताप उर्फ सरदार के कुछ लड़को के साथ मिल कर मारपीट किया।

# लूट कांड का तीसरा आरोपी बनारस में ननिहाल से किया गया गिरफ्तार

## 40 हजार नगद व मोबाइल बरामद, अबतक तीन गिरफ्तार, पांच की तलाश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता






बाइपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के चौकशिकारपुर आरओबी पर एक कंपनी के स्टाफ से हुई लूटपाट में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बनारस के शिवपुरी से हुई है। वह पटना से भाग कर यहां ननिहाल में ठिकाना ले रखा था, मगर पुलिस वहां जाकर दबोचने में सफल रही। इस तरह से इस कांड में पुलिस ने पटना के रहने वाले दो आरोपी में से एक को झारखंड के बेरमो और दूसरे को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पटना सिटी के डीएसपी 2 डॉ गौरव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान शनिवार को दी। दरअसल बाइपास थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर आरओबी पर अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर एक कंपनी के स्टाफ से छह लाख 93 हजार 952 रुपया लूट लिया था। यह संबंध में थाना में 22 अप्रैल को कांड संख्या 157 दर्ज किया गया था। इसके पूर्व पुलिस ने इस घटना में शामिल नून की चौराहा का रहने वाला राहुल कुमार और मंगल को गिरफ्तार कर 62 हजार और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल को भी जब्त कर चुकी है। दरअसल एसएसपी सह पुलिस महानिरीक्षक राजीव मिश्रा के निदेशपर डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर इस घटना में शामिल मुख्य अपराधी को गिरफ्तार किया तथा लूटे गए रुपए में से 40 हजार और एक मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार पवन कुमार पिता स्वर्गीय नरेश राम कदमकुआं थाना क्षेत्र के नाला रोड पानी टंकी के पास का रहने वाला है। दरअसल राहुल अमेजॉन कंपनी में काम कर चुका है और वह रुपए के लेन-देन के साथ ही स्टाफ कैसे पैसा जमा करता है, सब पता कर लिया था। दो-तीन माह काम करने के बाद वह काम छोड़ दिया था। बाद में उसकी मुलाकात मंगल से हुई। मंगल ने ही रेकी करने के साथ ही मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने का काम किया था। इस तरह से पुलिस ने इस कांड में एक लाख दो हजार नगद तीन आरोपियों से बरामद कर चुकी है। प्रेस वार्ता के दौरान बाइपास थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा भी मौजूद थे। गठित टीम में चौक थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना, मालसलामी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मेहंदीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, बाइपास थाना के अपर थाना अध्यक्ष एसआई संजय कुमार के अलावा डीआईयू की टीम, डायल 100 की टीम, बाइपास थाना के एसआई अनमोल राम और चालक सिपाही सतीश कुमार शामिल थे।

# बिहार में फिर इस लोस चुनाव में राजद का सुपड़ा होगा साफ

## नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे हैं, जिसकी बेसुरी आवाज कोई सुनना नहीं चाहता। वे शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुर्गा को लगता है कि उसे बांग देने से ही सुबह होती है और लोगों की नींद खुलती है। तेजस्वी यादव को यह मालूम होना चाहिए कि यह बिहार है, यहां के लोग झूठे और फरेबियों को सबक सिखाना जानते हैं। बिहार के लोग जानते हैं कि नौकरी किसने दी और कौन श्रेय लेने के लिए बेचैन है। श्री मिश्र ने कहा कि यह कोई भी समझ सकता है कि सरकार में फैसला लेने का अधिकार मुख्यमंत्री को होता है या किसी और को। क्रिकेट या किसी भी टीम का नेतृत्व कप्तान करता है। दूसरे खिलाड़ी कप्तान के नेतृत्व में सिर्फ प्रदर्शन करते हैं। तेजस्वी के बारे में जगजाहिर है कि वे न तो कभी बेहतर खिलाड़ी साबित हुए और न ही बेहतर जनप्रतिनिधि। ये सिर्फ भ्रष्टाचार का रायता फैलाने में माहिर हैं। नौकरी देने का फैसला तेजस्वी का नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय का फैसला है। श्री मिश्र ने सवालिया लहजे में कहा, यह लोग कभी किसी को नौकरी दे सकते हैं क्या? ये लोग तो नौकरी के बदले जमीन हड़पने वाले लोग हैं। खाली पदों की बोली लगा कर अपनी तिजोरी भरने वाले लोग हैं। इन बातों को बिहार की जनता जानती है और एक बार फिर राजद का सुपड़ा इस लोकसभा चुनाव में साफ होने वाला है।

# डकैती कांड के दुर्दांत अपराधी अनिल कुमार की जमानत अर्जी खारिज

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर अंतर्गत व्यवहार न्यायालय दानापुर के अपर न्यायिक दंडाधिकारी ५ के प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी ५ पंकज पांडे के न्यायालय में नौबतपुर थाना कांड संख्या 455/ 2023 धारा 392 भा दा वि के अभियुक्त अनिल कुमार के जमानत आवेदन पर जोरदार बहस करते हुए प्रशिक्षु सहायक अभियोजन पदाधिकारी तनु कुमारी के बहस पर सहमति जताते हुए जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। विदित हो कि अभियुक्त अनिल कुमार एक दुर्दांत अपराधी है जिसका कई कांडो में संलिप्ता है। अनिल कुमार अभियुक्त के रानी तालाब थाना कांड संख्या 224/ 23 की जमानत अर्जी को प्रशिक्षु सहायक अभियोजन पदाधिकारी सौम्या आनंद एवं आंचल अनिल ने अपनी जोरदार बहस से खारिज करवा दिया। यह मुकदमा विनीत कुमार शाह प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी, दानापुर के न्यायालय में विचाराधीन था। ज्ञात हो कि सभी प्रशिक्षु पदाधिकारी दानापुर के अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी मिथिलेश ठाकुर के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस जमानत अर्जी को खारिज कराने हेतु सभी प्रशिक्षु सहायक अभियोजन पदाधिकारी को मिथिलेश ठाकुर ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# झाऊगंज के अशोक राजपथ पर गिरा जर्जर मकान का हिस्सा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चौक थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ पर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के नई दर्शनी ड्योढ़ी के सामने में स्थित एक जर्जर मकान का हिस्सा ध्वस्त होकर सड़क पर गिर गया। शनिवार की सुबह मकान का मलबा सड़क पर फैल जाने से वहां पर वाहनों का परिचालन वन-वे हो गया। इससे अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। सुखद बात यह रही कि हादसा में कोई जख्मी नहीं हुआ। पुलिस ने निगम के वाहनों की सड़क पर गिरे मलबा को साफ कराया। दरअसल इस मकान के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में लंबित है। इसमें बताया जाता है कि आधा पारसनाथ सराफ और आधा परमात्मानंद, देवतानंद, सच्चिदानंद आदि भाई का है। विवाद की स्थिति बने रहने के कारण इसकी देखरेख एवं मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा था। यह तो सुखद संयोग रहा कि जिस वक्त मलबा गिरा, उस समय वहां पर न कोई ऑटो या ई-रिक्शा खड़ा नहीं था। रास्ते से गुजरने वाले वाहन और पैदल जाने वाले राहगीर भी बच गए। हालांकि इस जमीन के दूसरे आधा हिस्सा के दावेदार पारसनाथ सराफ ने चौक थाना की पुलिस को जाकर सूचित किया और वह अपने स्तर से भी तीन-चार मजदूर को नया फावड़ा के साथ लगाया। इस कारण से नगर निगम के बॉब कट और मजदूरों की मदद से जल्द ही मलबा को सड़क से किनारे कर दिया गया। इसके बाद मार्ग पर आवाजाही सामान्य तरीके से हो सका। जहां पर यह हादसा हुआ है, वहां पर भीड़भाड़ और लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

# मई दिवस पर सफाई मित्रों को छुट्टी देने की मांग

## गर्मी में काम के दौरान सफाई मित्रों के लिए पीने के पानी वह आराम के लिए रैन बसेरा नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना नगर निगम चतुर्थ कर्मचारी संघ एटक ने एक मई को नगर निगम के सफाई कर्मियों को मई दिवस यानी एक मई को काम नहीं लेने की मांग किया है। संगठन के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक हुई। इसमें इस बात पर रोष प्रकट किया गया कि मजदूरों को अंतरराष्ट्रीय पर्व पर भी नगर निगम के चालक, सफाई निरीक्षक, पर्यवेक्षक और सफाई मित्रों को छूट्टी नहीं दिया जाता है, जबकी कार्यालय में छुट्टी रहती है। संघ ने इस बात पर भी रोष व्यक्त किया कि गर्मी आते ही सफाई कर्मियों का काम का समय सुबह साढ़े पांच से साढ़े 12 तक कर दिया जाता था। लेकिन इतनी भयंकर गर्मी के बाद भी समय में परिवर्तन नहीं किया गया और दोपहर दो बजे तक काम लिया जा रहा है। इसके कारण अनेक सफाई मित्रों को लू लगने की संभावना है। सफाई मित्रों के लिए निगम प्रशासन के द्वारा कहीं भी पीने का पानी और गर्मी में आराम के लिए रैन बसेरा की भी व्यवस्था नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि एक मई को मई दिवस के अवसर पर ऐटक द्वारा आयोजित सेमिनार जनशक्ति भवन अदालतगंज अमरनाथ रोड में नगर निगम कर्मी शामिल होंगे। एजेंसी कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं दिया गया है, जबकि पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति और नगर आयुक्त के बीच वार्ता में यह तय हुआ था कि एजेंसी कर्मी को हर माह की 10 तारीख तक वेतन दे दिया जाएगा। इस आशय का पत्र भी निर्गत हो चुका है। चालक को मूल पद पर बहाली के बाद भी उन्हें गाड़ी नहीं दिया जाता और उनसे अन्य काम लिया जाता है। संघ ने इस पर नगर आयुक्त से संज्ञान लेकर चालक से गाड़ी चलवाने की मांग की है। बैठक में संघ के महासचिव मंगल पासवान, प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार, सचिव सूरज राम, विपिन कुमार, राधे प्रसाद, शिवनाथ कुमार, ह्रदीपक कुमार एवं गणेश राम उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता सूरज राम ने किया।

# फायरिंग मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने विगत 17 अप्रैल को दियारा के मकसुदपुर में फायरिंग में बिक्रम राम की हुई मौत मामले में एक आरोपी कृष्णा राय को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में नामजद 18 लोगो में तीन को पहले जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि दियारा के मकसुदपुर में छापेमारी कर फरार चल रहे कृष्णा राय को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य आरोपित के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सनद हो कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने व प्रतिमा निर्माण को लेकर चबुतरा बनाने के विवाद को लेकर दबंगो ने 17 अप्रैल को मारपीट, रोड़ेबाजी व फायरिंग की थी। जिसमे बिक्रम कुमार राम की मौत हो गई थी। जबकि महिला समेत तीन जख्मी हो गए थे।

# टीबी को समाज में कलंक समझना गलत:राजेश कुमार

प्रात :किरण संवाददाता




पटना- रीच संस्था द्वारा ह्यूनाइट टू एक्टह्व प्रोजेक्ट के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं रीच के तत्वावधान में आज शनिवार को पटना स्थित एक निजी होटल में डिसेमिनएशन कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन राजेश कुमार, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, बिहार प्रशासनिक सेवा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं डॉ. बी.के.मिश्र, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला में राजेश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं डॉ. बी.के.मिश्र, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा, अविनाश पांडेय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, ह्यूनाइट टू एक्टह्व प्रोजेक्ट की लीड, स्मृति कुमार, फाइंड के नेशनल ऑपरेशन मेनेजर, डॉ. सत्या, पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर के संचारी रोग पदाधिकारी सहित विभिन्न जिलों से आये टीबी चैंपियंस, रीच की तरफ से मोहम्मद मुदस्सिर सहित रीच के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे. टीबी चैंपियंस ने टीबी मरीजों को दिलाई समाज में पहचानः कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजेश कुमार, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, बिहार प्रशासनिक सेवा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने कहा कि टीबी को समाज में कलंक समझा जाता है जो कि गलत है. सही समय पर इलाज शुरू करने एवं दवा के पूरे कोर्स का सेवन कर कर कोई भी टीबी मरीज आसानी से स्वस्थ हो सकता है. उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति ने पिछले वर्ष टीबी चैंपियंस के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया था जिसमे टीबी चैंपियंस ने शामिल होकर समाज में एक साकारात्मक संदेश दिया था. स्वास्थ्य विभाग टीबी चैंपियंस की हर संभव मदद करने के लिए प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि टीबी चैंपियंस ने टीबी मरीजों को पहचान कर ससमय इलाज करवाने में मदद कर एवं उनके परिवार का उन्मुखीकरण कर टीबी मरीजों को अपने घर एवं समुदाय में पहचान दिलाने में मदद की. कुपोषण है टीबी का सबसे बड़ा कारणः कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. बी.के.मिश्र, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने कहा कि टीबी का सबसे बड़ा कारण कुपोषण है. कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्ति को टीबी आसानी से अपनी गिरफ्त में ले लेता है. उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों में टीबी के संक्रमण का खतरा सर्वाधिक होता है. डॉ. मिश्र ने बताया कि राज्य यक्ष्मा कार्यालय टीबी चैंपियंस द्वारा किये जा रहे कार्यों को संज्ञान में लेते हुए उनकी सराहना करता है. टीबी एक सामाजिक बीमारीः वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला से जुडी रीच की निदेशक, डॉ. राम्या अनंताकृष्णन ने कहा कि टीबी एक सामाजिक बीमारी है और इसके उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहयोग एवं सहभागिता की जरुरत है. उन्होंने कहा कि देश के 11 राज्यों के 80 जिलों में 2000 से अधिक टीबी चैंपियंस को रीच द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है. टीबी चैंपियंस ने 212 व्यक्तियों को निक्षय मित्र बनने के लिए किया प्रेरितः कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्मृति कुमार, ह्यूनाइट टू एक्टह्व प्रोजेक्ट की लीड ने कहा कि टीबी चैंपियंस ने राज्य में 212 व्यक्तियों को प्रेरित कर निक्षय मित्र बनने के लिए राजी किया. उन्होंने कहा कि रीच द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों के 2-2 टीबी चैंपियंस को प्रशिक्षित किया है. उन्होंने सिफार को लगातार मीडिया सुपोर्ट के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यशाला में ह्यूनाइट टू एक्टह्व प्रोजेक्ट का इम्पैक्ट रिपोर्ट रिलीज किया गया एवं टीबी चैंपियंस को प्रशस्ति पात्र देकर सम्मानित किया गया.

# घर से कुछ दूरी पर गड्ढे में मिला लापता बच्ची का शव



पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज मुहल्ला से लापता हुई ढाई साल की बच्ची प्रिया का शव मिला। उसका शव घर से कुछ दूरी पर पानी से भरे गड्ढे में शनिवार को बरामद किया गया। मालसलामी थाना की पुलिस ने बताया कि शव घर से ही कुछ दूर रिकाबगंज स्थित पानी से भरे जल्ला से बरामद हुआ है। बच्ची खेलते हुए घर से निकली और पानी में गिर गई। बच्ची प्रिया 25 अप्रैल को पूर्वाह्न करीब दस बजे घर से बाहर खेलने को निकली थी। इसके बाद से ही लापता थी। परिजन उसकी काफी खोज किए, मगर नहीं मिली। इसके बाद पिता विक्की कुमार ने इस संबंध में मालसलामी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोग पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए। पुलिस ने बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ की ओर चौकशिकारपुर आरओबी से उतर रहे पिकअप वैन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। तेज गति से जा रहे पिकअप वैन ने शनिवार की रात बाइक सवार को ऐसा टक्कर मारा की बाइक सवार वाहन से दूर फेंका गया। इस दौरान चालक पिकअप वैन को लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना बाइपास थाना की पुलिस को दिए जाने के बाद वहां से जीरो माइल ट्रैफिक थाना को सूचित किया गया। घायल को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में ले जाया गया है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर घायल का खून पसरा हुआ था। उसकी बाइक को किनारे कर दिया गया है।

# पुरानी सिटीकोर्ट के पास लूटपाट करने वाला एक गिरफ्तार, दो की तलाश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ के पुरानी सिटीकोर्ट के पास अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोटरसाइकिल, मोबाइल और रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। यह घटना 25 एवं 26 अप्रैल को रात में हुई थी। इस संबंध में आलमगंज थाना में 25 अप्रैल को कांड 348 एवं 26 अप्रैल को कांड 351 दर्ज किया गया था। इस संबंध में पुलिस ने घटना में शामिल अप्राथमिकी अभियुक्त मीना बाजार के सादिकपुर दुर्गा चरण लेन के रहने वाले जगदीश प्रसाद के पुत्र गोलू कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से लूटी गई मोटरसाइकिल, आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद किया गया है। यह जानकारी एएसपी शरथ आरएस ने कार्यालय कक्ष में शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि लगातार लूट की दो घटनाओं को अंजाम देने के बाद सहायक पुलिस अधीक्षक पटना सिटी-1 के निर्देशन में आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से जांच पड़ताल एवं वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान किया गया। इस दौरान कांड संख्या 348 में बड़ी की छिनी गई मोटरसाइकिल बीआर 01एफजेड 4033 को बरामद किया गया। पुलिस ने आलमगंज थाना क्षेत्र के सादिकपुर दुर्गा चरण लेन मीना बाजार से गोलू कुमार पिता जगदीश प्रसाद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गोलू का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसने दो अन्य अपराधियों के साथ मिलकर दोनों लूट की घटना को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार की है। कांड में गिरफ्तार अपराधी के साथी फरार हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है। इस तरह से आलमगंज थाना की पुलिस के द्वारा 36 घंटे के अंदर दोनों लूट कांड का उद्वेदन कर दिया गया है। गिरफ्तार गोलू पर आलमगंज थाना में 9 मई, 23 को कांड 402 में धारा 399, 402, 414, 413 भादवि एवं 251बी, ए, 26, 35 आर्म्स एक्ट के अलावा मोटरसाइकिल चोरी का अन्य मामला दर्ज है। अन्य कांड के बारे में पता किया जा रहा है। छापेमारी दल में परीक्ष्यमान एसआई प्रीतम कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, सअनि देवेंद्र कुमार गौतम, संजय कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल के सिपाही मुन्ना एवं नीरज शामिल थे।

# संक्रमण नियंत्रण पर कार्यशाला में बताए गए गुर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला प्रसूति विभाग में विभागाध्यक्षा डॉप्रो ममता सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यशाला हुई। इंफेक्शन कंट्रोल विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी ने किया। उन्होंने संक्रमण नियंत्रण के उपाय के बारे में बताया। मुख्य वक्ता माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल पर प्रस्तुति देते हुए बचाव के उपाय बताए। कार्यशाला का संचालन डॉ वीणा सिन्हा व डॉ आरती ने किया। आयोजन में डॉ राजकुमारी, डॉ अभिलाषा शांडिल्य, डॉ राजेश कुमार, डॉ सत्येंदू सागर, डॉ बबीता, डॉ निधि, डॉ सरिता, डॉ शिम्पी, डॉ मृत्युंजय व डॉ श्रेया के साथ पीजी के छात्र भी शामिल थे। इन लोगों ने मेडिकल वेस्ट कचरा के सुरक्षित डिस्पोजल पर भी बल दिया।

# गाय के चारा में लगी आग से मचाई भारी तबाही : ग्रामीण

प्रात :किरण संवाददाता



भागलपुर। नाथनगर प्रखंड परिक्षेत्र के बेलखारिया पंचायत अंतर्गत भटुआचक में गाय के चारा (नरुआ) की टाल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना भयावाह रूप धारण कर लिया था कि आग पर काबू पाने में ग्रामीणों को काफी मक्कसत करना पड़ा है, वही आग कैसे लगी इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है। इस हादसे में वाहन समेत हजारों रुपए के समान जलकर पूरी तरह राख हो गया है। वही दूसरी तरफ घंटो बीत जाने के बाद आसपास के लोगों के मदद से आग पर काबू पाया जा सका है। वही इस हादसे में कोई जान माल की सूचना नहीं मिली है। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने अग्निशमन विभाग को दिया गया है, वही इस हादसे में हजारों रुपए के सामान जलकर राख हो जाने की बात कही जा रही हैं। वही मामले को लेकर पीड़ित ने बताया कि घर में मौजूद था। वही लोगों ने घटना की जानकारी दी गई कि तुम्हारे बासा पर आग लग गया है। जिसके बाद आनन फानन में वहां पर पहुंचे तो आग लगा हुआ देखें तो मुझे कुछ नहीं समझ में आया और आग लग में सारा कुछ जल रहा था। वही घटना की जानकारी के बाद दर्जनों की संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मकसद के बाद आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी यह जानकारी नहीं है। आशंका जताया जा रहा है कि सिगरेट के फुल्ली कोई फेक कर चला गया होगा, जिससे इतनी बड़ी घटना घटित हुई है।

# मेसौढा में आग ने मचाई तांडव

प्रात :किरण संवाददाता

ढाका प्रखंड के मेसौढा बउलिया से आगे कुमहरटोली में शनिवार की संध्या आग लगने लगभग आधा दर्जन लोगों के खलिहान जल कर राख की ढेर में तब्दील हो गई।जिसमें मुस्मात कमली,जनक सहित अन्य लोग शामिल हैं। सुचना पर थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी पहच ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाई।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ग्रामीण खालिद सरवर ने बताया की काफी मस्त के बाद आग पर काबू पाई गई।जान-माल की क्षति नहीं हुई है।

# इंडी गठबंधन अर्बन नक्सल के विचारों के चंगुल में : रामकृपाल

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधन पर मुसलमानों का पहला हक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री और पाटलिपुत्र से भाजपा के प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने शनिवार को कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर राजद और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि एनडीए सरकार प्रधानमन्त्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में लगी है जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र लोगों के जीवन भर की कमाई का एक्स रे कर उसे लूटने की योजना बना रही है। पटना के भाजपा मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेता श्री यादव ने कहा कि आजादी के बाद सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस रही।




तब देश की हालत कैसी थी और 10 साल पहले जब आपने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए पर विश्वास व्यक्त किया उसके बाद देश की हालत कैसी है वह भी आपके सामने है। प्रधानमन्त्री ने निष्ठा और ईमानदारी से देश को अंधकार से बाहर निकाला।

श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस सहित पूरा इंडी एलांएस अर्बन नक्सल के विचारों के चंगुल में है। उन्होंने कहा कि कांगेस कह रही है की देश की जनता ने अपने बाल बच्चों के लिए जो कमाया है उसको उनसे छीन कर मुसलमानों को बांट देगे। वैसे, कांग्रेस की यही नीति रही है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि इस देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने आर्डिनेंस फाड़ कर मनमोहन सरकार के कैबिनेट के निर्णय का विरोध किया था। उसी तरह से कांग्रेस और राजद में अगर हिम्मत है तो कहे कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गलत बोला था।

उन्होंने कहा कि मोदी कहते हैं इस देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों को है। देश में सिर्फ एक ही जाति है और वह है गरीबी। इसलिए मोदी गरीबों को मुफ्त घर, मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन दे रहे हैं। उनका आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उत्थान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में 22 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। इंडिया गठबंधन की नीतियां भारत को उस युग में ले जाना चाहती है जब देश का सोना विदेश में गिरवी रखा गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पार्टनर राजद भी कांगेस के घोषणा पत्र का समर्थन कर रही है।

श्री यादव ने दावा किया कि इस चुनाव में इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो जाएगा और एनडीए देश में 400 पार और बिहार में 40 का आंकड़ा छुएगी।

इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, रणधीर यादव, रणवीर कुमार और उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# देश के भविष्य को तय करने वाला है यह चुनाव : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

परिवहन मंत्री शीला मंडल व जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने शनिवार को झंझारपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। 27 अप्रैल इस मौके पर परिवहन मंत्री ने कहा कि नीतीश के समाजवादी शासन से पहले बिहार में कैसी अंधेरगर्दी थी इसे लोग भूले नहीं हैं। तब जनता शाम ढले सड़कों पर निकलने से भी डरती थी, आज देर रात तक लोग अपने परिजनों के साथ घूमते नजर आते हैं। तब लोग बिजली के लिए तरसते थे और आज राज्य का कोना-कोना बिजली से जगमगा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ही है जिसने गरीबों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को तो बढ़ाया ही साथ-साथ आधी आबादी को भी पूरा हक दिया। शिक्षा विभाग में 50 प्रतिशत अन्य सरकारी नौकरियों तथा पोस्टिंग में 35 प्रतिशत के आरक्षण का अधिकार दिया। नीतीश सरकार के कारण महिलाओं को उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत व नगर निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। जिसके कारण आज गांव-टोलों में भी महिलाएं कामयाबी के झंडे गाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने ही बिहार की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान



किया है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन के लिए भी 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। इस मौके पर राजद पर हमला बोलते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि समाजवाद व परिवारवाद के बीच की लड़ाई है इसमें एक तरफ प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार जैसे राष्ट्र व जनता का हित चाहने वाले नेता हैं वहीं दूसरी तरफ परिवार की जमींदारी बचाए रखने की इच्छा रखने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादियों के राज में जहां सिर्फ एक खास परिवार और उनकी पालकी ढ़ोने वालों का विकास होता था वहीं नीतीश राज में पहली बार आम जनता के दरवाजे पर विकास पहुंचने लगा। यह नीतीश राज का समाजवादी मॉडल ही है जिसके कारण आज बिहार की 10.64 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है। आज बिहार जहां देश के तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में आज तीसरे नंबर पर पहुंच चुका है, वहीं देश दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज जहां बिहार का बजट 10 गुणा अधिक हो चुका है, वहीं देश 4 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन चुकी है। इस विकास की खासियत यह है कि इससे किसी खास परिवार के बजाए, आम लोगों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजद के युवराज पर आजकल कांग्रेस के युवराज का रंग चढ़ चुका है। जैसे राहुल गाँधी ने झूठ बोलने को राजनीति मानते हैं उसी राह पर तेजस्वी भी आगे बढ़ चुके हैं। इसीलिए वह 17 महीनों की रट लगाये और नीतीश सरकार के कामों का झूठा श्रेय लेते हुए घूम रहे हैं। सभी जानते हैं नीतीश जी के 7 निश्चयों के तहत दी गयी इन नौकरियों पर राजद के सत्ता में आने से पहले ही प्रारंभ हो चुका था। राजद को तो नीतीश कुमार का शुक्रगुजार होना चाहिए उन्होंने उनके नेताओं को फीता काटने और सर्टिफिकेट बांटने का मौका देकर पुरानी कालिख पोंछने का अवसर दिया। लेकिन जो लोग जनता के अहसानमंद नहीं है वह नीतीश जी के क्या होंगे? उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोग आरक्षण की भी बात करते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि अपने राज में उन्होंने किस-किस को आरक्षण दिया या किसका आरक्षण बढाया? हकीकत में उनके राज में समाज के किसी वर्ग को न तो आरक्षण मिला और न ही किसी का आरक्षण बढाया गया।

# बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की होगी जीत : सम्राट

## कहा - राजद के 15 वर्ष के कार्यकाल में गरीबों का हुआ अपमान



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद के 15 वर्ष के कार्यकाल में लालू यादव ने बिहार के गरीबों को अपमानित किया। उन्होंने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा देकर दलितों, पिछड़ों की हकमारी की। बिहार के विकास को कुंद कर सरकारी खजाने की लूट मचा दी। उनके शासनकाल में चारा, अलकतरा जैसे डेढ़ दर्जन घोटालों की वजह से न केवल बिहार की बदनामी हुई बल्कि पूरे देश में बिहारवासियों को शर्मसार भी होना पड़ा।

श्री चौधरी ने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार को जब-जब मौका मिला, इन लोगों ने सत्ता को नाजायज सम्पत्ति बटोरने का जरिया बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाने से पहले लालू परिवार को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। लालू यादव को बताना चाहिए कि पटना के वेटनरी कॉलेज के चपरासी क्वार्टर से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू कर आज हजारों करोड़ की सम्पत्ति, जमीन,फ्लैट, अपार्टमेंट, बिल्डिंग्स और महलों के मालिक कैसे बन गए हैं ?उन्होंने कहा कि चारा घोटाला करके लालू प्रसाद ने जहां पशुओं का निवाला छीना वहीं इस गरीब राज्य के करोड़ों पशुपालक-गौपालकों के साथ छल भी किया। डेढ़ दशक तक बिहार में चलने लायक उंगली पर गिनने की सड़कें भी नहीं थी मगर वर्षों तक कई सौ करोड़ का अलकतरा घोटाला होता रहा,जिसके आरोप में लालू के कई करीबी मंत्रियों को जेल तक जाना पड़ा था।

श्री चौधरी ने कहा है कि लालू यादव आज भ्रष्टाचार की अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए चाहे जितनी तिकड़म कर लें, बिहार की जनता उनकी भ्रष्टाचाररूपी काठ की हांडी को दुबारा वोट के चूल्हे पर नहीं चढ़ने देने वाली है। राजद सहित इंडी गठबंधन का बिहार में खाता नहीं खुलने वाला है। पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार की सभी 40 सीटों पर एडीए ही जीतने वाली है।

# जनता को सेवक चाहिए, पारिवारिक जमींदार नहीं : विजय

- कहा- संविधान भाजपा के लिए गीता के समान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने चालू लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव द्वारा जीत के दावे पर तंज कसते हुए कहा है कि उनके पिता लालू प्रसाद भी 2019 में भविष्यवाणी कर रहे थे पर राष्ट्रीय जनता दल एक भी लोकसभा सीट पर कामयाब नहीं हुई। श्री सिन्हा ने कहा है कि 2024 में तेजस्वी यादव भविष्यवाणी कर रहे हैं। इनका बड़बोलापन और अहंकार सिर चढ़ कर बोल रहा है। ये राज्य की जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ हैं। राजनीति इन्हें विरासत में मिली है। दूसरे शहजादे राहुल गाँधी भी इन्ही के पाठशाला के पुराने बैच के छात्र हैं। करोड़ों रूपया लगाकर अपना स्क्रिप्ट तैयार करने का टीम बनाये हैं। टीम भी वास्तविकता से अनभिज्ञ है क्योंकि इनका कार्यक्षेत्र बंद कमरा रहता है। श्री सिन्हा ने कहा है कि तेजस्वी यादव में नेतृत्व क्षमता नहीं है। इनकी मान्यता है कि धन-बल से सरकार को अस्थिर कर देंगे। बिहार विधानसभा में 2 माह पूर्व फ्लोर टेस्ट में उन्होंने प्रयास भी किया पर बुरी तरह असफल हुए और अब अनाप-शनाप बोलकर लोगों को भ्रमित करने में लगे हैं। इसी क्रम में देश के पवित्र संविधान के बारे में भी बार-बार झूठा आरोप लगा रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार को चार्टर्ड विमान पर केक खाने वाले नौटंकीबाज की नहीं सेवक की जरुरत है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल से प्रधान सेवक हैं। उनकी सेवा के बदौलत ही राज्य की जनता उन्हें आशीर्वाद दे रही है। इसके उलट तेजस्वी यादव और महागठबंधन के नेता खुद को अभिनेता समझते हैं। 4 जून को परिणाम आने पर इनका बड़बोलापन और अहंकार ध्वस्त हो जाएगा।

## कामरेड सत्यनारायण प्रसाद नहीं रहें

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड सत्यनारायण प्रसाद नहीं रहें। उनका निधन शुक्रवार को आठ बजे रात्रि में बक्सर जिला के डुमरांव में उनके निवास स्थान पर हो गया। वे 91 वर्ष के थे। वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बक्सर जिला के वर्षों सचिव और राज्य कंट्रोल कमीशन के सदस्य भी रहे। का प्रसाद के निधन की सूचना से पार्टी कतारों और उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है। का प्रसाद के निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, बिहार राज्य परिषद के सचिव का रामनरेश पांडेय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि सत्यनारायण प्रसाद 1954 से मृत्युपर्यन्त तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य रहे। इस दौरान उन्होंने वर्षों तक बक्सर जिला पार्टी और मजदूरों, किसानों तथा आम जनता के संघर्षों का नेतृत्व किया।वे शोषित पीड़ित जनता के नायक के रूप में याद किए जाते रहेंगे। अपने शोक संदेश में का० सचिव ने कहा कि हम उनके संघर्षों को मुकाम तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ साथ वामपंथी आंदोलन को गहरा धक्का लगा है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। भाकपा राज्य सचिव ने कॉमरेड सत्यनाराय प्रसाद को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोक संतप्त परिवार सहित बक्सर जिला पार्टी के तमाम सदस्यों को शोक संवेदना प्रेषित की है।

# बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बबन सिंह कुशवाहा राजद में शामिल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बबन सिंह कुशवाहा ने शनिवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक के समक्ष, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह,फैयाज आलम कमाल एवं प्रमोद कुमार राम की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की।

इनके अलावा श्री मोतीलाल कुशवाहा, अनिल कुशवाहा सहित सैकड़ों समर्थकों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बबन सिंह कुशवाहा और अन्य बसपा नेताओं को राष्ट्रीय जनता दल का प्रतीक चिन्ह गमछा ,सदस्यता रसीद देकर राजद सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराई गई। तथा लालू प्रसाद के संसदीय जीवन पर आधारित गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक तथा परिवर्तन पत्र देकर इन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने श्री बबन सिंह कुशवाहा सहित अन्य नेताओं को सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि श्री लालू प्रसाद और श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गो को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है, उन्हें हर स्तर पर सम्मानित भी करती रही है जिस कारण दुसरे दलों के नेताओं और कार्यकताओं के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास नौजवान नेतृत्वकर्ता श्री तेजस्वी प्रसाद यादव पर मजबूती से बढ़ रहा है। साथ ही सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार पार्टी के द्वारा कार्य किया जा रहा है, जो 17 महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में देखने को मिला।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, जेम्स यादव, सत्येंद्र यादव, मिथिलेश कुमार सिंह, जंगली यादव सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# होटल अग्निकांड में मालिक नहीं सरकारी सिस्टम दोषीः राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना में होटल अग्निकांड में हुई 6 लोगों की मृत्यु और तीन दर्जन से ज्यादा घायलों के मामले पर कांग्रेस राज्य सरकार पर हमलावर नजर आ रही है। इस मामले पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि होटल मालिक पर मुकदमा दर्ज करके राज्य सरकार अपने गिरेबान को दागदार होने से बचाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। जबकि इस मामले में मुख्य रूप से दोषी राज्य सरकार और उसके अधिकारी हैं जो होटलों की नियमित जांच यदि करते तो ऐसी घटना से बचा जा सकता था। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपनी निश्चित अंतराल पर होने वाली अपनी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें अन्यथा इस मामले में न्यायिक जांच होना बेहद जरूरी है ताकि राज्य भर में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी केवल कागजों में होटलों की नियमित जांच करते हैं और राज्य संपोषित हफ्ता वसूली करके तय मानकों की अनदेखी करते हैं। उन्होंने होटल सेफ्टी जांच अधिकारी, फूड सेफ्टी जांच अधिकारी और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को राजधानी के होटल में हुए भीषण अग्निकांड का



दोषी बताते हुए कहा कि वें यदि नियमित और मानकों के अनुरूप जांच करते तो आज इस तरीके के हादसे को टाला जा सकता था और कई निर्दोष जिंदगियों को बचाया जा सकता था। उन्होंने सरकारी कार्यशैली पर कहा कि राज्य सरकार को जंग लग चुकी है और वो केवल कागजों और फाइलों में ही सभी काम को दुरुस्त दिखाते हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और होती है और ऐसी घटनाएं बता जाती हैं कि राज्य के सभी जिलों में ऐसी अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मृतकों व घायलों को क्रमशः 50 लाख और 20 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए और इस मामले पर न्यायिक जांच आयोग बनाकर संबंधित सभी अधिकारियों को चिन्हित करके उनके ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई होनी चाहिए।

## तेजस्वी आज चार लोस क्षेत्रों में चुनावी सभा करेंगे



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि कल दिनांक 28 अप्रैल को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव चार लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके अन्तर्गत धनिक लाल मंडल उच्च विद्यालय, पिपरौल, लौकहा में झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में भीआईपी उम्मीदवार सुमन महासेठ के लिए, कबीर कृपा नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय हरिहरपुर, सुपौल लोकसभा क्षेत्र में राजद उम्मीदवार चन्द्रहास चौपाल के लिए, उच्च विद्यालय सौर बाजार, सहरसा, मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में राजद उम्मीदवार प्रो कुमार चंद्रदीप जी के लिए तथा उच्च विद्यालय पीरनगर, बेलदौर, खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में, माकपा उम्मीदवार कामरेड संजय कुमार सिंह के लिए जो इंडिया गठबंधन समर्थित प्रत्याशियों के लिए चारों लोकसभा क्षेत्र में आम सभाओं को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे।

# राजद के 24 जन वचन से प्रभावित होकर लोग इंडिया गठबंधन के पक्ष में गोलबंद : अरुण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्त अरुण कुमार यादव ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी से त्रस्त आमजन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी के 24 जन वचन से प्रभावित होकर समाज के सभी वर्ग के लोग इंडिया गठबंधन समर्थित उमीदवारों के पक्ष में गोलबंद है। श्री यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव जी जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने 17 महीनों की महागठबंधन सरकार में करके दिखा दिया है। इसलिए तेजस्वी यादव जी के प्रति जनता का अटूट विश्वास और भरोसा है। बिहार की 40 का 40 सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा-जदयू कुछ भी कर ले जनता उनके बहकावे में अब नहीं आने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से लोगों का भरोसा और विश्वास उठ गया है। क्योंकि दोनों ने जुमला-झूठ और नफरत की राजनीति के सिवा कुछ नहीं किया। इसलिए केंद्र की सत्ता से मोदी सरकार को हटाने के लिए जनता संकल्पित है।

# भाजपा भ्रम और धर्म की कर रही राजनीतिःएजाज



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जनहित और बिहार के हित में जिन 7 सवालों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा था, उस पर जवाब देने की जगह नरेंद्र मोदी ने भ्रम और धर्म की राजनीति करना शुरू कर दिया है। एजाज ने आगे कहा कि मोदी को महंगाई के मुद्दे पर जनता घेर रही है वहां उनके पास जवाब नहीं होता है। साथ ही नौजवान रोजगार के मुद्दे पर भाजपा से पूछ रहे हैं की हर साल 2 करोड़ नौकरी या रोजगार देने की बात की थी उसका क्या हुआ। महिलाओं के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करने वाले आज भी भाजपा में बने हुए हैं, क्या महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा के यही सोच है। एजाज ने आगे कहा कि बिहार के 40 लोकसभा सीटों में भाजपा और एनडीए ने एक भी महिलाओं को टिकट नहीं दिया क्या महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव प्रधानमंत्री की नजर में इसी तरह का है। दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा और एनडीए नेताओं को इस बात का एहसास हो गया है कि देश की जनता मुद्दों के साथ खड़ी है। और इंडिया तथा महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास जता रही है ,इसी कारण से नरेंद्र मोदी बेचैनी में है। और इनको इस बात का एहसास हो गया है कि देश की जनता अब जुमलाबाजी, भ्रम और धर्म की राजनीति से ऊब चुकी है। और उनकी पोल जनता के बीच में खुल चुकी है और जनता अब मोदी जी को सुनना नहीं चाहती है। कहा कि मोदी जी की सभा में जो भी भीड़ आ रही है वह लदुआ भीड़ होती है , और इसमें कोई उत्साह और उमंग भी नहीं होता है, क्योंकि जनता 10 सालों में केंद्र सरकार के द्वारा कार्यकलापों से ऊब चुकी है और इससे छुटकारा के लिए लोग केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में वोट कर रहे हैं।

# राजद ने अति पिछड़ा समुदाय को हमेशा दिया धोखा : मनोरंजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश महासचिव सह मीडिया पैनलिस्ट मंनोरंजन गिरि ने बयान जारी कर आरजेडी पर पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों को धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों की याद केवल चुनाव के समय आती है और वोट लेने के बाद वो उनको भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों के उत्थान के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं चला रही है। जिसका परिणाम है कि इन समुदाय से आने वाले लोग आज समाज में आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर रहे हैं और उनका जीवन खुशहाल है। उन्होंने कहा कि वहीं सामाजिक न्याय के नाम पर आरजेडी को स्थापित करने का दावा करने वाले लालू प्रसाद यादव ने असल में समाज के कमजोर वर्गों के साथ कभी न्याय नहीं किया बल्कि, आरजेडी को स्थापित कर उन्होंने केवल पारिवारिक न्याय किया और चुनावों में टिकट अपने बेटे और बेटियों को बांटे। आरजेडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि, आज आरजेडी में पिछड़ा, अति पिछड़ा समुदाय के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं, कारण है कि जब चुनाव के समय उनकी राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो लालू प्रसाद यादव उन्हें केवल वादों का झुनझुना थमाने का काम करते है। उन्होंने आरजेडी पर तंज कसते हुए कहा कि यही कारण रहा कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी आरजेडी बिहार में खाता नहीं खोल सकी और इस लोकसभा चुनाव 2024 में भी जनता उन्हें जीरो पर आउट करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि दरअसल राज्य की गरीब जनता लालू प्रसाद यादव के राजनीतिक चरित्र को बखूबी समझती और जानती है और उन्हें इस चुनाव में भी माकूल जवाब देने का काम करेगी।

# तेजस्वी यादव ने अग्नि पीड़ितों से की मुलाकात, दी सांत्वना



पटना। वैशाली जिला के जंदाहा अंतर्गत दुलौर गांव के अग्नि पीड़ित परिवार से मिलने तथा उनके प्रति हमदर्दी का इजहार करने के लिए आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने अग्नि पीड़ित गांव के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर भीआईपी पार्टी के सुप्रीमो पुर्व मंत्री मुकेश साहनी, शिवचंद्र राम,आलोक कुमार मेहता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार साहनी सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि गत दिनों जंदाहा अंतर्गत दुलौर गांव आग के चपेट में आ गया था और यहां काफी क्षति हुआ था। इस हृदय विधायक घटना की जैसे ही सूचना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी जी को मिली वह आज गांव के पीड़ित परिवार से मिलने और गांव के सभी लोगों से मिल कर सांत्वना देने के लिए पहुंचे । जहां हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी व्यथा नेता प्रतिपक्ष के समक्ष रखी। ज्ञातवय हो कि दुलौर गांव राजद अति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार साहनी का गांव है ,जहां अति पिछड़ा ,पिछड़ा और दलित समाज के के लोग निवास करते हैं। इस अग्निकांड में बड़ी संख्या मवेशियों की मौत हो गई और लोगों को रहने के लिए जो आशियाना था वह भी उजड़ गया करीब 2 किलोमीटर तक आज की लपटो ने लोगों को चपेट में ले लिया।

# दूसरे की उपलब्धि को अपना बता वोट मांग रहे राजद नेताः मंगल

- जनता को मालूम कि 2005 के पहले क्या थी राज्य की स्थिति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। श्री पांडेय ने कहा कि दूसरों की उपलब्धि बता जनता से वोट मांग रहे नेता प्रतिपक्ष अपने माता-पिता के शासनकाल के कारगुजारियों को क्यों नहीं बताते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछने वाले राजद नेता को मालूम होना चाहिए कि राजद के 15 साल के शासनकाल में राज्य का विकास तो नहीं हो सका, हां विनाश जरूर हुआ। राज्य की जनता उन 15 सालों के शासनकाल का नाम सुन आज भी सिहर जाती है। जब दिन के



दुपहरिया में भी लोगों का चलना दूभर हो गया था। 2005 के पहले बिहार में इस कदर अराजकता व्याप्त थी कि कोर्ट ने राजद राज को जंगलराज बता दिया था।

श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में न सिर्फ देश , बल्कि बिहार का का विकास भी तेजी से हो रहा है। लोगों को मुफ्त अनाज, किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधी आबादी को धुंए से मुक्ति, हर घर रोशनी और इज्जत घर के रूप में हर घर में शौचालय, हर घर नल का जल के अलावे गली-गली पक्की सडक और राज्य में सड़कों व पुल-पुलियां का जाल एनडीए शासनकाल की देन है, न कि राजद शासनकाल का। इसके अलावे एनडीए के शासनकाल में सभी क्षेत्रों में काफी संख्या में नौकरी, महिलाओं और उपेक्षित वर्गों को नौकरी के अलावे पंचायती राज और नगर निकाय में आरक्षण एनडीए शासनकाल की देन है, लेकिन वे अपने माता-पिता की गलतियों को छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ सवाल पूछ रहे हैं कि क्या विकास हुआ। दरअसल यह सब वे राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं। इसलिए उन्हें दिखाई नहीं पड़ता, लकिन राज्य की जनता सब जानती है। पहले स्कूलों में ताला लटका रहता था अस्पतालों में मवेशी बंधते थे, दिन में भी बिजली गायब रहती थी। डर के मारे लोग घरों से नहीं निकलते थे। लोगों का पलायन आम बात थी। राजद के शासनकाल में बिहार के बड़े-बड़े उद्यमी अपराध और अपराधियों से त्रस्त होकर दूसरे राज्य चले गए। नई पीढ़ी को भले ही यह सब मालूम नहीं हो, लेकिन उनके परिवार के लोग आज भी उन दिनों को याद कर कांप उठते हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राजद नेता आज घूम-घूम कर अपनी उपलब्धि बता रहे हैं कि हमने रोजगार दिया, हमने नौकरी दी। हमने यह किया, तो हमने वह किया, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि इन सब योजनाओं पर अमलीजामा पहनाने का काम काम एनडीए ने क्या। उन्होंने सिर्फ कुर्सी का भोग किया। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के कितने मामले चल रहे हैं और परिवार के कितने सदस्य बेल पर हैं। राज्य की जनता जानती है कि राजद को विकास से नहीं भ्रष्टाचार और अपराध से वास्ता है। राजद के शासनकाल में राज्य का तो विकास नहीं हुआ, लेकिन उनके पूरे परिवार का विकास जरूर हुआ। आरक्षण और संविधान की बात करने वाले राजद नेता यह क्यों नहीं बताते कि उनके माता-पिता ने अपने शासनकाल में संविधान और शासन की किस तरह धज्जियां उड़ायी और आरक्षण अपने परिवार को छोड़ किसी और को नहीं दिया।

# सूबे के कुछ हिस्सों में होगी हल्की बारिश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के कई जिलों में गर्म हवा चल रही है। लोग गर्मी से परेशान हैं। पारा झुलसाने लगा है। मौसम विभाग ने बिहार के उत्तर पश्चिम भाग के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण जिलों में एक या दो स्थानों पर एवं दक्षिण पश्चिम भाग के रोहतास एवं भभुआ जिला के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने शेखपुरा जिले को सबसे गर्म 43.9 जबकि किशनगंज सबसे कम तापमान 37 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कार्मिक वृद्धि का पूवार्नुमान बताया है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को राज्य के दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य जिला के कुछ स्थानों पर एवं दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्णिया, अररिया, सुपौल जिला में लू की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही राज्य के शेष भागों में उष्ण दिवस की संभावना बताई है।

इन जिलों में 42 से 44 डिग्री तापमानः

मौसम विभाग के अनुसार, बिहार राज्य के उत्तर पश्चिम सिवान, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सारण, गोपालगंज के अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री रहने की संभावना व्यक्ति की है। इसके साथ ही दक्षिण पश्चिम भाग बक्सर, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल का अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही उत्तर मध्य भाग सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने की संभावना व्यक्ति है।

अगले 48 घंटे में इस गति से चलेगी हवा इसके अलावा उत्तर पूर्व बिहार सुपौल, अररिया, किशनगंज ,मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने की बात बताई गई है। इसके अलावा दक्षिण मध्य भाग पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री। दक्षिण पूर्व बिहार में भागलपुर, बांका ,जमुई, मुंगेर, खगड़िया के जिला में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इन भागों में अगले 48 घंटे के दौरान राज्य के दक्षिण भाग में दिन के समय सत्य ही हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना बताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कम्पार्टमेंटल परीक्षा कल से 4 केन्द्रों पर

मुजफ्फरपुर। कम्पार्टमेंटल (सैद्धान्तिक) परीक्षा के लिए जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा 29. अप्रैल से दिनांक 11 मई तक आर के केडिया गर्ल्स हाईस्कूल,विद्या बिहार हाईस्कूल ,तिरहुत एकेडमी एवं डीएन हाईस्कूल मे आयोजित की जाएगी। स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा के संचालन हेतु केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अवांछित तत्वों पर नजर रखने एवं सामान्य शान्ति बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, मुजफ्फरपुर द्वारा केन्द्रों पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया गया है

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के रसलपुर बधला गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालात्कार कांड के आरोपी पुकार साह उर्फ राम पुकार साह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बालात्कार कांड का आरोपी था, जो फरार चल रहा था। वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### इंडिया महागठबंधन का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कापन स्थित एक निजी परिषद में इंडिया महागठबंधन के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। संचालन राजद के प्रदेश सचिव श्याम किशोर कुशवाहा कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उजियारपुर लोकसभा उम्मीदवार सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, चुनाव प्रभारी सुनील कुमार पुष्पम, राजेश्वर महतो, रोमा भारती आदि उपस्थित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आलोक कुमार मेहता ने कार्यकताओं से बूथ कमेटी स्तर पर समन्वय बनाकर प्रचार प्रसार करने का अपील किया। मौके पर इंडिया महागठबंधन के सभी दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अचानक लगी आग, गाय की बच्चा की झुलस कर हुई मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महथी दक्षिण पंचायत के वार्ड 2 सोनवार चक में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई।जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक जगदीश पासवान के मवेशी का बथान पूर्ण रूप से जल गया। वहीं एक गाय की बच्चा झुलस कर मौत हो गई। स्थानीय लोगों के सुझबुझ व कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया।

### चुनाव को लेकर इंडो नेपाल बॉर्डर पर हाई अलर्ट

मधुबनी जयनगर भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की 48 वीं बटालियन के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में चौकसी कड़ी करते हुए पूरे बॉर्डर पर हाई अलर्ट कर दिया गया है। चुनाव को देखते हुए बॉर्डर पर कड़ी निगरानी सहित गश्त की जा रही है। वहीं चुनाव को लेकर नेपाली सशस्त्र बल सहित भारतीय सुरक्षा एजेंसी के साथ कॉर्डिनेट कर सीमावर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पूरे बॉर्डर पर एसएसबी जवानों ने इन दिनों सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# सेक्टर पदाधिकारियों के प्रशिक्षण में डीएम ने दिए दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।लोक सभा आम निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयरहित सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सुब्रत कुमार सेन द्वारा प्रदत निदेश के अनुरूप सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण रामदयालु सिंह महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी को बिल्कुल पक्षपात रहित रहकर निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत दिशा निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए जा रहे कार्य एवं दायित्व के बारे में ध्यान से जानकारी प्राप्त करने तथा उसे व्यवहारिक रूप में शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में चुनाव संबंधी बुकलेट का अध्ययन करने तथा क्या करें एवं क्या नही करें संबंधी नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। सेक्टर पदाधिकारी की महती भूमिका को रेखांकित करते हुए जिलाधिकारी ने सेक्टर पदाधिकारी के चुनाव पूर्व जबावदेही, मतदान के तिथि के पूर्व जबावदेही, मतदान के तिथि की जबावदेही तथा मतदान की समाप्ति के उपरान्त के कार्य के संबंध में आयोग द्वारा दिये गये निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पवन कुमार सिंह, एवं नीरज कुमार द्वारा रामदयालु सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति में कुल 388 सेक्टर पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को उनके मौलिक कार्य एवं दायित्व से अवगत कराते हुए उन्हें चुनाव पूर्व जबावदेही के तहत मतदान केन्द्र तक पहुॅच पथ का निरीक्षण करना, मतदान केन्द्र का व्यापक प्रचार-प्रसार करना, मतदान केन्द्र के आस-पास के 05 वैसे व्यक्तियों का मोबाईल नम्बर एकत्रित करना जिनका किसी भी राजनैतिक दल से संबद्धता न हो, आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित कराना, अपने क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रों पर ए.एम.एफ. के तहत शौचालय, पेयजल, रैम्प, बिजली, पानी आदि की सुविधा सुनिश्चित कराने संबंधी तथ्यों से अवगत कराया गया। साथ ही मतदाताओं के बीच मतदान के प्रति विश्वास जागृत करने हेतु संबद्ध पुलिस पदाधिकारी के साथ मतदान क्षेत्र का भ्रमण करना तथा वैसे गांव टोलों, मतदाताओं के समूह, परिवार, व्यक्ति की पहचान करना जो चुनाव को भयाक्रांत कर या धमकी देकर प्रभावित कर सकते हैं।मतदान के तिथि की पूर्व जबावदेही के तहत सेक्टर पदाधिकारी का कार्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मतदान दल एवं मतदान सामग्री मतदान केन्द्र पर पहुॅच गये हैं। पुलिस बल मतदान केन्द्र पर पहुॅच चुके है इसकी जानकारी देना होता है। साथ ही ई.वी.एम./वी.वी.पैट संबंधी अंतिम क्षण के किसी प्रकार की शंका व दुविधा को मतदान दल को दूर करना।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उपस्थित थें।

# जदयू कार्यालय पर कार्यकर्ता को दिशा निर्देश देते विधायक मीना कामत



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली लोक सभा चुनाव को लेकर शनिवार को विधायक प्रतिनिधि रामकुमार सिंह के नेतृत्व में बाबूबरही विधायक मीणा कामत द्वारा प्रखंड़ क्षेत्र के कंहौली, ईनरवा एव सुक्की पंचायत के विभिन्न टोला , मुहल्ला में पहुँच कर चुनावी भ्रमण किया गया. विधायक मीणा कामत ने कहा कि झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रामप्रीत मंडल जी के पक्ष में प्रचार,प्रसार किया गया.उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकताओं से कहा कि एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में पंचायत,टोला, मुहल्ला में पहुँच कर डोर टू डोर जन सम्पर्क स्थापित कर एनडीए के पक्ष में वोट मांगने का निर्देश दिया गया.वही विधायक प्रतिनिधि रामकुमार सिंह ने कहा कि इस बार एनडीए के पक्ष में हवा की रुख बह रही है.उन्होंने सभी मतदाता मालिक को आग्रह किया कि एनडीए के उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के पक्ष में वोट करने की अपील की है.इस क्षेत्र भ्रमण के मोके पर प्रखंड़ अध्यक्ष रामबाबू सिंह,जदयू जिला छात्र संध अध्यक्ष मौसम कुमार श्रीवास्तव,लदनियां जदयू प्रखंड़ अध्यक्ष कारी ठाकुर,भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष राम वृक्ष सिंह,सत्यदेव सिंह,हरिओम सिंह,अमरेश जैशवाल,नवीन कुमार चौधरी,विनोद सिंह,संतोष शर्मा,प्रदीप सिंह,बिलट प्रसाद सिंह,लक्षण पंडित ,शिव कुमार सिंह,गुरुशरण चौधरी,भाजपा नेता व विधान सभा प्रचारक अर्जुन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

# मधुबनी डीएम द्वारा निर्वाचन क्षेत्र को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता मे दिया अहम जानकारी




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मधुबनी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा संबोधित किया गया। जिसमें 06 मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की विवरणी देते हुए बताया गया कि निवार्ची पदाधिकारी द्वारा सूचना प्रकाशन की तिथि 26.04.2024 नामांकन की तिथि 26.04.2024 नामांकन की अंतिम तिथि 03.05.2024 संवीक्षा की तिथि 04.05.2024 अभ्यथीर्ता वापसी की तिथि 06.05.2024 प्रतीक आवंटन की तिथि 06.05.2024 मतदान की तिथि 20.05.2024 एवं मतगणना की तिथि 04.06.2024 है। साथ ही उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या अनिल चौधरी नगर आयुक्त मधुबनी सह सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा दिनांक 03.05.2024 से अपश्चात लोक अवकाश दिन से भिन्न किसी दिन 11:00 बजे पूर्वाह्न और 03:00 बजे अपराह्न के बीच समाहरणालय मधुबनी स्थित जिला पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी 06 मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय प्रकोष्ठ में परिदत्त किया जा सकेगा। नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा के लिए जिला पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी 06 मधुबनी ससंदीय निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 04.05.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे लिया जायेगा। अभ्यथीर्ता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा जिसे अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो रिटर्निंग ऑफिसर को या अनिल कुमार चौधरी नगर आयुक्त नगर निगम मधुबनी सह-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को समाहरणालय मधुबनी स्थित जिला पदाधिकारी-सह-निवार्ची पदाधिकारी 06-मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक-06.05.2024 को अपराह्न 03:00 बजे के पूर्व परिदत्त किया जा सकेगा।06 मधुबनी ससंदीय निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान केन्द्र विधानसभावार 86-केवटी में जिला के संबद्ध मतदान केन्द्र305, 87जाले में 329, 31हरलाखी में 301, 32 बेनीपट्टी में 307 ,35-बिस्फी में 333 तथा 36 मधुबनी विधानसभा में 364 सभी विधानसभा मधुबनी संसदीय क्षेत्र में कुल 1939 मतदान केन्द्र संबद्ध है। जिसमें दिनांक 26.04.2024 के आधार पर अंतिम निर्वाचक की विवरणी कुल पुरूष-1013971 कुल महिला 920173 तथा अन्य 91 है।06 मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वी0टी0आर0 की लक्ष्य प्राप्ति हेतु स्वीप कोषांग द्वारा बृहत पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मेरा पहला वोट देश के लिए अंतर्गत युवा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# नेहरु युवा केन्द्र ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।नेहरू युवा केंद्र की ओर से महिला आईटीआई के सभागार में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उप निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रिय , स्वीप नोडल पदाधिकारी चांदनी सिंह सीडीपीओ आईसीडीएस, जिला युवा अधिकारी रश्मि सिंह, प्राचार्य महिला आईटीआई कुमार वैभव, अनुदेशक खुशबू कुमारी, विश्वजीत कुमार लक्ष्मी नारायण, शक्ति कुमार , उपस्थित थे।रंगोली प्रतियोगिता में 100से अधिक बच्चियों ने भाग लिया और स्लोगन में 250से अधिक बच्चे बच्चियों ने भाग लिया ।पेंटिग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नाजिया प्रवीण ,द्वितीय स्थान प्रिया कुमारी, तृतीय स्थान अनुष्का कुमारी को एवं स्लोगन मे प्रथम स्थान कशिश पारस, द्वितीय सोनाली शिखा, ततृतीय अंजली कुमारी ने प्राप्त किया।

दोनो प्रतियोगिता में जज के रूप में पूजा कुमारी ने अपना योगदान दिया।उप निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान हम सभी को करना चाहिए ये मेरा कर्तव्य बनता है और संविधान ने मुझे यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। चांदनी सिंह ने अपने व्याख्यान में कहा की युवा शक्ति को आगे आकार मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत को 100 प्रतिशत करने में योगदान करना होगा। भारत को ऐसे ही लोकतंत्र की भूमि नहीं कहा जाता हैं। वही जिला युवा अधिकारी रश्मि सिंह ने कहा हम सभी को अपने जिम्मेवारी है उससे शुद्ध अंतः मन से जिम्मेवारी निर्वहन करना हैं। यह एक महा पर्व है। यह सभी का पर्व है , । वही प्राचार्य ने बच्चो से कहा कि एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य बनता है लोकतंत्र के महा पर्व में वोट देकर अपना कर्तव्य पूरा करें। आजादी की लड़ाई हमारे महापुरुषों द्वारा त्याग बलिदान और संघर्ष का ही देन है की आम नागरिक आज वोट के प्रयोग से अपने मनपसंद उम्मीदवार को चुन सके।

# ट्रेन पर चढ़ने के दौरान हादसे का शिकार होने से फल दुकानदार की मौत

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर शुक्रवार की रात ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक युवक की हादसे में शिकार होने से मौत हो गई। युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 गुदरी बाजार पप्पू साह के पुत्र गोलू कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची रेल पुलिस के द्वारा शव को जब्त कर सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां शनिवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक गोलू कुमार के रिश्तेदार श्रवण कुमार ने बताया कि गोलू शहर के रामबाबू चौक पर फल की दुकान चलाता था। वह शुक्रवार की रात 11:40 बजे जयनगर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़कर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। ट्रेन पर चढ़ने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था। वहीं इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद आलोक ने बताया कि रेल पुलिस के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# बाजितपुर बाजार स्थित रेडीमेड की दुकान में आग लगने से लाखों के सामान जलकर राख

प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड क्षेत्र बाजितपुर बाजार स्थित निधि गार्मेंट्स नामक रेडीमेड की दुकान में शुक्रवार की देर रात अचानक आग लगने से लाखों के सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने के वक्त दुकानदार दुकान बंद कर घर चले गए थे। बताया जाता है कि बंद दुकान में सॉट सर्किट से लगी आग धीरे-धीरे भीतर में फैल गई।आग का धुआं बाहर निकलने के बाद जब-तक लोग पहुंचते दुकान के सभी सामान आग की चपेट में आ गए थे। सूचना पाकर मौके पर अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे बाजितपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार तथा मनीगाछी पुलिस ने आम लोगों की मदद से बगल की दुकान के सामानों को बाहर निकाला। जिससे दूसरी दुकान के सामान जलने से बच गए। इसी दौरान घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की पहुंची दो गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई और आग पर काबू पाया। आग लगने की इस घटना में लाखों के सामान जलने के अनुमान लगाए जा रहे हैं। वैसे क्षति का आकलन किया जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर घटी तीसरी घटना। सुरक्षा के लिए लोगों ने मनीगाछी में फायर ब्रिगेड देने की मांग की।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर आग लगने की यह तीसरी घटना है। मनीगाछी प्रखंड में सुरक्षा के मद्देनजर तीन थाना कार्यरत हैं। इसमें मनीगाछी,नेहरा एवं बाजितपुर थाना शामिल हैं। एक साथ तीन थाना वाले प्रखंड में आकस्मिक घटनाओं को लेकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां यहां नहीं है। ज्ञात हो कि 22 पंचायत वाले इस प्रखंड में 45 राजस्व गांव हैं। स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के लिए प्रशासन से गुहार लगाई जाती रही है। प्रखंड प्रमुख पवन कुमार यादव, संजीव झा, मनीष मेहता, श्रवण नायक, मुखिया शंकर कुमार मिश्र,प्रियंका मेहता, अन्नू कुमारी, गणेश मंडल सहित कई जनप्रतिनिधि व आम लोगों ने आकस्मिक घटनाओं को देखते हुए यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की तैनाती करने का आग्रह जिला प्रशासन से किया है।

# जीवन को संवारने में स्कूल का अहम योगदान : डॉ भूषण

## माउंट लिटरा जी स्कूल का हुआ विधिवत शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। वासुदेवपुर स्थित माउंट लिटरा जी स्कूल का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हो गया है. मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ माता-पिता भी पहुंचे थे। इस मौके पर दिल्ली से आए निदेशक डॉ. भूषण कुमार ने कहा कि जीवन को संवारने में स्कूल का अहम योगदान होता है. शिक्षक अच्छे स्तर पर बेहतर शिक्षा देकर छात्रों को सही दशा-दिशा तय करने में मदद करता है. ऐसी शिक्षा मिले, जिससे बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके. सही दशा-दिशा माउंट लिटरा जी स्कूल देने का कार्य करती है. सभी बच्चों में स्किल हो, यह जी लर्न प्रबंधन का उद्देश्य है. बच्चों का स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा यह हमारी प्राथमिकता है. भौतिक व मानसिक विकास के लिए संपूर्ण शिक्षा देने का काम हम करते हैं. कहा कि धरातल पर जब काम शुरू हो जाता है, तब विश्वास खुद आने लगता है. उन्होंने बच्चों व अभिभावकों से जुडकर क्वालिटी बेस शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला. ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़े, इसके लिए किए गए खास इंतजाम (जी लर्न ऐप) प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने आदि की विशेष व्यवस्था को बताया. प्रिंसिपल रिंकी चक्रवर्ती सिंह ने अभिभावकों का अभिनंदन व स्वागत किया. नये सत्र शुरू होने की जानकारी दी. बताया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से हमेशा क्रियाशील रहेगा. इसमें अभिभावकों से सहयोग की अपील की.इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर जितेंद्र कुमार, रमेश रंजन, प्रिंसिपल रिकीं चक्रवर्ती सिंह, एडमिशन काउंशलर अनुशिखा सिंह, शिक्षक आशुतोष कुमार झा, प्रकाश कुमार झा, धनंजय कुमार, समुद्र शंकर कार, प्रियनंदनी, स्वाति श्रीवास्तव, प्रबंधकीय टीम से पीएन दत्ता, गोपाल कुमार, अजय कुमार, संतोष कुमार के अलावा पार्षद प्रतिनिधि भगवानलाल सहित अभिभावकगण उपस्थित

# रेल पुलिस कर्मी पर ब्लेड से हमला, भाग रहे नाबालिग आरोपी को पब्लिक ने दौड़कर पकड़ा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ड्यूटी पर तैनात रेल पुलिस के एक कर्मी के ऊपर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसे रेल पुलिस के कर्मियों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल रेल पुलिस कर्मी की पहचान भागलपुर नवगछिया के रहने वाले अरुण कुमार के रूप में हुई है। वह समस्तीपुर रेल थाना में सिपाही के पद पाए पदास्थापित हैं। घटना के सम्बन्ध में घायल रेल पुलिस कर्मी ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर वैशाली एक्सप्रेस को देखने के बाद वापस प्लेटफार्म संख्या एक पर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक लड़का दौड़ता हुआ आया और उनके गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया और बाजार की तरफ फरार होने लगा, जिसे दौड़कर अन्य लोगों के सहयोग से बाजार से पकड़ लिया गया। ब्लेड लगने के बाद उनके गर्दन से काफी अधिक मात्रा में खून बहने लगा था। जिसके बाद उनके सहयोगियों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं बताया गया कि आरोपी नाबालिग है और पास के ही थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

# स्वास्थ्य की चुनौतियों का समाधान व खनिजों का महत्व पर सेमिनार आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। रसायन बिज्ञान विभाग में एक सेमिनार का आयोजन डॉ. विकाश कुमार सोनू द्वारा रसायन विज्ञान विभाग में किया गया, जिन्होंने इसे संचालित किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य था स्टूडेंट्स को खनिजों के महत्व और उनके सही उपयोग के बारे में जागरूक करना। यह सेमिनार रसायन विज्ञान विभाग के हेड, डॉ. प्रेम मोहन मिश्रा के द्वारा आधिकारिक रूप से उद्घाटित किया गया था। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ए. समद अंसारी ने अपने अद्वितीय ज्ञान और अनुभव से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने सेमिनार में यह बात कही कि हमारे शरीर को अलग-अलग कार्यों के लिए40 माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की आवश्यकता होती है।ये माइक्रोन्यूट्रिएंट्स हमें उन सभी विभिन्न कार्यों के लिए जरूरी होते हैं जो हमारे शरीर में होते हैं, जैसे कि ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा विनिमय, उत्सर्जन, और ऊर्जा संवहन के प्रक्रियाओं के लिए। विशेष रूप से, ये माइक्रोन्यूट्रिएंट्स हमारे बाल, नाखून, त्वचा, हड्डियों, और शरीर के अन्य कार्यों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। हालांकि, उपेक्षित खाद्य की कमी के कारण, आधिकांश लोग यह सामग्री अपने आहार में प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सेमिनार में दशार्या गया कि कैल्शियम और अन्य माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की दशार्यी गई मात्राओं को हमारे शरीर ठीक से अवशोषित नहीं करते हैं। उदाहरण के लिए, अगर हम चाक का सेवन करते हैं, जो कैल्शियम का एक अच्छा स्रोत होता है, तो यह हमारे शरीर द्वारा अवशोषित नहीं होता है। विपरीत, आयुर्वेदिक दवाओं में प्राप्त मोती पर्ल्स कैल्शियम को अधिक अच्छी तरह से अवशोषित करने में सहायक होते हैं, क्योंकि वे जैविक मूल के होते हैं। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. ए. समद अंसारी ने मैग्नीशियम की महत्वता पर भी विशेष ध्यान दिया। मैग्नीशियम एक महत्वपूर्ण खनिज है जो हमारे शरीर के 300 एंजाइमेटिक प्रक्रियाओं को सक्रिय करने में मदद करता है। अन्य रोगों के अलावा, कम पोटैशियम भी नकारात्मक और आत्महत्यावादी विचारों को उत्पन्न कर सकता है।सेमिनार में उपयोगित जानकारी के अलावा, विचार किया गया कि खाने के तरीके और बर्तनों का उपयोग भी हमारे आहार की गुणवत्ता पर प्रभाव डालता है, जिससे हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।इस सेमिनार में रसायन विज्ञान विभाग के फैकल्टी प्रो संजय कुमार चौधरी, डॉ अभिषेक राय, और डॉ आकांक्षा उपाध्याय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मूल्यवान जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष अतिथि डॉ. प्रगति भी मौजूद थीं। धन्यवाद का श्रेय डॉ. सोनू राम संकर ने दिया, जिन्होंने वक्ताओं, अतिथियों, सभी सदस्यों और छात्रों को धन्यवाद दिया।

# 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान, अगले कुछ दिनों में 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा 27 अप्रैल से एक मई तक का मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि इस पूवार्नुमान की अवधि में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। जिसके चलते अधिकतम तापमान 41-43 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है। जिसके कारण लू (प्रचंड उष्ण एवं शुष्क हवा) की स्थिति बन सकती है। जबकि न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इस अवधि में सतही हवा की गति तेज रह सकती है। औसतन 12 से 16 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। वहीं इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते हैं। हलाकि मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है। इस अवधि में सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 40 से 50 प्रतिशत तथा दोपहर में 20 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है। इन दिनों अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है। दोनों के बीच 20 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह रहा है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने की सम्भावना है। इससे दुधारु पशु व अन्य जीव जंतु भी प्रभावित होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में अत्यधिक बदलाव का असर मनुष्यों के प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ सकता है। क्योंकि मनुष्यों की सामान्य प्रतिरोधक क्षमता अधिकतम 24 घंटे में 10 डिग्री सेल्सियस के अंतर को सहने की होती है। इस अंतर में बढ़ोतरी होने पर बीमार पड़ने की अधिक संभावना रहती है। बता दें कि शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहते हुए 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं इस दौरान छह किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चली। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 64 फीसदी व दोपहर में 34 फीसदी रहा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम की वर्तमान स्थिति खेतों में लगी फसलों के लिए अनुकूल नहीं है। अधिकतम तापमान में सामान्य से बहुत अधिक बढ़ोतरी व प्रचंड धूप एवं पछिया हवा के कारण खेतों से नमी खत्म हो गई है। इस कारण यह सभी फसलों के लिए नुकसानदायक है। मौसम विभाग ने अभी बारिश की संभावना से भी इनकार किया है। वहीं मौसम विभाग के द्वारा जारी पूवार्नुमान में बताया गया है कि अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और इस दौरान प्रचंड लू चलने की संभावना है। उच्च तापमान एवं लू के प्रभाव से खड़ी फसलों में पानी की मांग अत्याधिक हो सकता है। खेत में नमी की कमी से फसलों के विकास एवं तत्पश्चात उपज पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस स्थिति में खेत की निगरानी कर आवश्यकतानुसार सिचाई शाम के समय करें। दुधारु पशुओं को दिन में धूप में चराने ना भेजें एक छायादार स्थान पर रखें। चारा दाना सुबह जल्दी एवं शाम में देर से खिलाए। सूखा चारा की मात्रा कम कर दें एवं तिलहन खल्ली और हरे चारा की मात्रा बढ़ा दें। लू लगने की स्थिती में पशु चिकित्सक की सलाह से मेलोक्सीकैम सुई लगवा लें एवं इंटालाईट ओरल 30 ग्राम पाउडर को 2 लीटर पानी में घोलकर सुबह शाम पिलायें।

# विकसित दरभंगा का सपना हो रहा है साकार : सांसद



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा(आससे)।विकसित दरभंगा सहित विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होकर रहेगा, उक्त बातें दरभंगा सांसद सह भाजपा(एनडीए प्रत्याशी) डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कही। वह संसदीय क्षेत्र के दरभंगा ग्रामीण विधानसभा के मनीगाछी प्रखंड अंतर्गत मनीगाछी बाजार, चकराजे, गंगौली, राजे ब्रहमस्थान, मनीगाछी स्टेशन, ब्रह्मपुरा, कोईलाखाहा, भटपुरा, सखवार, चियाटोल, विशौल, टटुआर, फुलबन, जगरनाथपुर, हनुमाननगर, चनौर, इंद्राथर, लाहो, जयनगर, भंडारिसम, मकरंदा, अमई, बलौर, डैनी टोल आदि गांवों में जनसंपर्क कर आम लोगों से संवाद कर, उनका आशीर्वाद मांगा और 13 मई को कमल के निशान पर वोट डालने का अपील किए। उन्होंने कहा की आजादी के पश्चात पहली बार दरभंगा में इतनी बड़ी संख्या में विकास परियोजना को स्वीकृति दिया गया है। दरभंगा एयरपोर्ट, एम्स, तारामंडल,आईटी पार्क,छः रेलवे गुमती पर ओवरब्रिज,एक लो कास्ट ओवरब्रिज,एक लाइट ओवरब्रिज, आमस-दरभंगा एक्सप्रेस वे सड़क, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दरभंगा,लहेरियासराय एवं सकरी रेलवे स्टेशन का विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकास, अंडर गैस पाइप लाइन एवं सीएनजी सहित दर्जनों बड़ी परियोजना पर कार्य चल रहा है। सांसद ने कहा कि वह विकसित दरभंगा के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। आने वाले समय में दरभंगा देश के पटल पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। सांसद ने मोदी सरकार द्वारा देश भर में चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंच रहा है। सरकार ने सभी योजना में डीबीटी लागू कर बिचौलियों का खात्मा कर दिया है। पहले सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए लोग सरकारी दफ्तर के चक्कर लगाते फिरते थे, अब सरकार लोगों के घर पहुंच रही है।यही बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि जनता को मोदी जी के नेतृत्व और ह्यमोदी की गारंटीह्व पर अटूट विश्वास है। इस आम चुनाव में जनता जनार्दन के आशीर्वाद से एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों पर रिकार्ड मत्तों से जीतेगी और अबकी बार, 400 पार का संकल्प पूरा होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 28 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सुबह आठ बजे से ही तेज धूप से लोग हो रहे परेशान

जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी शनिवार को अहले सुबह से और प्रचंड होती दिखी।चिलचिलाती धूप के साथ प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण पूरे दिन आम लोग बुरी तरह परेशान रहे।गर्मी की वजह बिजली विभाग भी उसके लोड को झेलने में नाकाम साबित हो रहा है। लगातार ट्रिपिंग से बिजली की आंख मिचौनी जारी है।इसके अलावा कई इलाकों में तार को लेकर भी ब्रेक डाउन हो रहा है।भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौनी से लोगों की पेरशानियों को लगातार बल मिल रहा है।लोग घरों में भी बिजली की कमी से बेचैन हो रहे है।मौसम का मिजाज बेहद गर्म हो जाने के कारण प्रखंड में किसानों के साथ साथ रोजमर्रा की जिंदगी व्यतीत करने वाले लोगों को परेशानियो के दौर से गुजरना पड़ रहा है।गर्मी से परेशान लोग आकाश की ओर टकटकी लगाकर राहत के बादलों की तलाश कर रहे है।शुक्रवार की देर शाम तक आसमान पूरी तरह साफ व धूप अपने पूरे तेवर में दिख रहा था।तापमान 42 डिग्री रहने के बावजूद 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान का एहसास हो रहा था।

# चारदीवारी निर्माण कराने गए एसडीओ को उग्र किसानों ने बैरंग किया वापस

प्रात: किरण संवाददाता



वैशाली। वैशाली स्थित लालगंज वैशाली मुख्य मार्ग में विपासना सेंटर के बगल मे चहारदिवारी निर्माण कराने आए सिवील एस डी ओ को किसानों के कड़ी विरोध का सामना करना पड़ा। किसानों ने जम कर हो हल्ला एवं नारेबाजी करते हुए सिवील एस डी ओ पर कई बड़े गंभीर आरोप लगाए।सिवील एस डी ओ, डी एस पी जब हाजीपुर लौटने के लिए मुख्य मार्ग की तरफ बढे वैसे हीं सैकडों महिलाएं सड़क पर आ गई। नारेबाजी करते हुए रास्ता घेर लिया। पुलिस प्रशासन स्थिती को गंभीर होते देख उल्टा दिशा से निकल चले। तत्पश्चात उग्र किसान पुलिस प्रशासन के वाहन पर पिछे से पथराव कर दिया। वही काम करने आए मजदूर वापस लौट गए। किसानों ने हंगामा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष डी सी एल आर के द्वारा अंचलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति मे जमीन का मापी हुआ था विपासना का जमीन निकलवाकर चाहर दीवारी करवा दिया गया। फिर कुछ दिन पहले स्थानीय प्रसाशन एवं जिला प्रसाशन द्वारा किसानो से दस फिट रास्ता विपासना सेंटर को देने की बात कही गई। इतना ही नही किसानों ने यह भी बताया की प्रशासन द्वारा रास्ता नही देने पर केस मे फंसाने की बात कही गई। वही शनिवार को अचानक एस डी एम द्वारा किसानो की जमीन पर चाहर दीवारी बनाई जाने लगी जब इसका किसानों ने विरोध किया तो प्रसाशन द्वारा किसानो पर लाठी चाटकाई गई एवं किसानो को उसके जमीन के नजदीक से यह कहकर भगा दिया की सरकार की जमीन है इस पर यात्री सेड बनेगा। वही इस घटना की सूचना किसानो को मिलने के बाद काफी संख्या मे घटना स्थल पहुंच निर्माण कार्य का बिरोध करने लगे हलाकी इस दौरान किसानो के साथ एस डी एम की खूब कहा सुनी भी हुई।किसानो को उग्र होते देख स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन घटना स्थल से दूसरे मार्ग से वापस लौट गए। इतना ही नही किसानो का आरोप था की स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन विपासना सेंटर से पैसे लेकर किसानो की जमीन पर जोर जबरदस्ती से चहार दीवारी का निर्माण कार्य करवाना चाह रहे है। किसानो ने कहा की अगर आगे निर्माण कार्य होगा तो हमलोगों को मजबूर होकर जन आंदोलन करना होगा।

एस डी एम से पूछे जाने पर बताया की 85 फिट चौड़ा सरकारी जमीन है उसी की मापी कराई जा रही थी ।ग्रामीणों द्वारा हंगामा किया गया है।हंगामा करने वाले को चिन्हित कर कानूनी कार्यवाई की जायगी।

मौके पर पहुंचे समाजसेवी कृष्ण कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया एवं कहा कि प्रशासन किसानों का जमीन जो सड़क के बगल मे है जो आने जाने का रास्ता है उस पर बेवजह चहारदिवारी निर्माण कार्य कर रास्ता अवरुद्ध करना चाहता है जो घोर निंदनीय है।

## अग्नि पीड़ित परिवार से मिले चिराग पासवान



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान देर शाम जंदाहा प्रखंड के डीह बिचोली पंचायत स्थित दुलौर गांव पहुँच कर अगिन पीड़ित परिवार से मुलाकात दुःख प्रकट किया। जहाँ गुरुवार के दोपहर बिजली के ट्रांसफार्मर से स्पार्क के कारण निकली आग की चिंगारी से लगभग पंद्रह सौ घर जल कर राख हो गई। पछुआ हवा एवं तेज धुप के कारण आग भयावह और तेज हो गई और 2 किलोमीटर क्षेत्रफल में बनें घर को अपने काबू में कर लिए। इस आगलगी की घटना में जागेश्वर पासवान को आग से झुलस कर दुःखद निधन के उपरांत श्री चिराग ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

वही वैशाली जिलाधिकारी यशपाल मीणा से मोबाइल से बात कर इस घटना की जानकारी से अवगत कराकर राहत समाग्री, मुआवजा राशी सहित सरकारी योजना से मिलने वाले लाभ सभी पीड़ित परिवार तक पहुंचाने का आग्रह किया।

## अग्नि पीड़ितों से मिले तेजस्वी व मुकेश



प्रात: किरण संवाददाता

जंदाहा।आगलगी की घटना की खबर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व वीआई पी सुप्रीमो मुकेश सहनी जंदाहा के दू लौ र ग्राम हेलीकाप्टर से पहुंचे तथा हुए भीषण अग्निकांड का अवलोकन कर व्यथित हो गए।प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और मुकेश स हनी ने अग्निपिरित परिवार को हर सम्भव सहायता करने का आश्वासन देते हुए कहा कि हम प्रशासन से कहेंगे कि जल्द पीड़ितों को सूची बनाएं जिससे पीड़ित परिवार को सहायता किया जा सके। साथ हीं श्री यादव ने कहा कि लालू जी ने भी ने अपने संदेश मे कहा है कि हम अग्नि पीड़ितों के साथ है।इस मौके पर राजद के प्रांतीय नेता अरविंद सहनी,प्रमुख ओमप्रकाश सह नी व महुआ के राजद विधायक मुकेश रौशन राजद नेता दिलीप राय व समाजसेवी राम अनुग्रह स हनी के अलावा बरी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने नाबालिग लड़की के नाक काटने की घटना में शामिल दो युवकों को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

महुआ ।महुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर ओस्ती पंचायत में रात्रि समय अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक नाबालिक लड़की का नाक काट दिए जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद घटना के सभी आरोपी भाग निकलने में सफल रहे थे।अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक नाबालिक लड़की की नाक काटने की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में शुरू कर दी गई थी ।इसी बीच पीड़िता के मां के द्वारा अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपनी पुत्री की नाक काट दिए जाने का आवेदन देते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी वैशाली के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बाद महुआ के एसडीपीओ सुरभ सुमन की अध्यक्षता में बनाई गई टीम ने घटना के 24 घंटे के अंदर घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दो मनचलो युवकों के द्वारा मौहम्मद बबलू की नाबालिग लड़की से बात करने की प्रयास लगातार किए जा रहे थे। लड़की के द्वारा इनकार करने के बाद वहीं घटना से एक दिन पहले घर के पास के मस्जिद के बगल में गाछी में युक्त युवती का फोटो खींची जाने को लेकर भी लड़की ने विरोध किया था।उसी दौरान लड़की को धमकी भी दिया गया था।इसी प्रतिशोध की भावना को लेकर कुछ मनचले युवकों के द्वारा बुधवार की देर रात अपने साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देते हुए नाबालिग की लड़की का नाक काट दिया गया था। नाक काट दिए जाने के बाद खून से लथपथ लडकी को आनन फानन में इलाज के लिए महुआ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसके नाजुक स्थिति को देखते हुए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। जहां पीड़ित लड़की का इलाज किया जा रहा है। घटना में शामिल दोनों युवक उसी पंचायत के उसी गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। एस पी वैशाली के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के बाद पुलीस टिम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घण्टे के अंदर इस घटना में शामिल हसनपुर ओस्ती निवासी मोहम्मद हुसैन के पुत्र मोहम्मद अनवर और महरुम मैरुद्दीन के पुत्र मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों को पुलिस के द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।इस घटना के बाद पीड़ित परिवार के सदस्य दहशत में थे। वही इस तरह की घटना इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ था।

## अस्पताल में शराब पीकर हंगामा मचाते प्रधान लिपिक हुआ गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर : बिहार में शराबबंदी को लेकर एक तरफ प्रशासनिक विभाग की ओर से लगातार शिकंजा कसने का काम किया जा रहा है। तो वही दूसरी ओर सरकारी कर्मी ही शराब पीकर मस्तमौला बनकर अस्पताल परिसर हंगामा मचाने में गिरफ्तारी का मामला सामने आया है। गिद्धौर स्थित दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। दरअसल अस्पताल में ऑडिट का कार्य हो रहा था,वही शुक्रवार की दोपहर को अस्पताल में चल रहे ऑडिट कार्य का निरिक्षण करने के लिए कुछ पदाधिकारी बाहर से आए हुए थे और निरीक्षण के दौरान वह प्रधान लिपिक को खोजने लगे। लेकिन अस्पताल में कार्यरत प्रधान लिपिक साकेत बिहारी नजर नही आए।जिसके बाद उनके अस्पताल के चैंबर पर लोग पहुंचे तो दरवाजा बंद पाया और काफी देर तक खटखटाने पर भी दरवाजा नही खुला तो लोगों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो पाया कि प्रधान लिपिक शराब के नशे में मस्त पड़ा हुआ है। जिसके बाद निरीक्षण करने आए पदाधिकारी के सामने उसने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। प्रधान लिपिक के अस्पताल में शराब पीकर हंगामा मचाने की खबर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अजिमा निशांत को मिली तो उसने सिविल सर्जन को प्रधान लिपिक के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके अलावे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने तुरंत इस बात की जानकारी गिद्धौर थाना को दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रीता कुमारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंची और प्रधान लिपिक को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच करवाया। जिसमें प्रधान लिपिक का शराब सेवन की पुष्टि हुई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रधान लिपिक के खिलाफ अस्पताल में शराब पीकर हंगामा मचाने को लेकर आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर प्रधान लिपिक को न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया है।

## भाकपा माले जिला कमेटी ने किया अग्निकांड प्रभावित गाँव का दौरा, मदद की मांग



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। भाकपा माले जिला कमेटी सदस्यों सुमन कुमार और योगेंद्र राय के नेतृत्व में एक टीम जिसमें नरेंद्र कुमार सिंह, लालबाबू पासवान, रामबाबू पासवान फर्स्ट, रामबाबू पासवान सेकंड शामिल थे, जंदाहा प्रखंड के अग्निकांड प्रभावित दुलौर गांव का दौरा किया।अग्निकांड में मृत जलेश्वर पासवान उम्र 50 वर्ष के घर के जलेअवशेष के निकट अन्य ग्रामीणों के साथइकट्ठा होकर मृतक जलेश्वर पासवान को श्रद्धांजलि दी गई। टीम ने 3 किलोमीटर तक जले 650 परिवारों के 1000 घरों का सर्वे किया। सैकड़ो बकरियों, गाय सहित अन्य जानवरों, गेहूं, दलहन ,तिलहन, तंबाकू के तैयार फसल के नुकसान का जायजा लिया।, नेताओं ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा राहत ऊंट के मुंह में जीरा के फोरन के बराबर है।भाकपा माले के जिला सचिव विशेश्वर प्रसाद यादव ने जांच टीम के हवाले से बताया की दुलौर का अग्निकांड जिसमें अधिकांश घर झोपड़ी के या ऊपर से एस्बेस्टस रखा हुआ था , यह साबित करता है कि 2022 तक सभी गरीबों को पक्का मकान देने का मोदी सरकार का वादा एक जुमला था। नेताओं ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह का पॉलिथीन अभी दिया गया है उसमें रहना मुश्किल है।मोटे तिरपाल का सामूहिक राहत शिविर बनाने, प्रत्येक वार्ड में चार-चार भोजन कैंप बनाने, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विशेष पैकेज देकर सभी गरीबों के पुनर्वास की गारंटी करने की मांग की है।नेताओं ने माले के आधार की जनता सहित अन्य सामाजिक लोगों द्वारा मदद को और बढ़ाने की अपील किया है।

## मध्यान भोजन को लेकर बच्चों ने किया हंगामा

प्रात: किरण संवाददाता

पताही प्रखंड के बाडा शंकर पंचायत के चकितवल गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन से वंचित रखा जा रहा है। बच्चे बिना भोजन किये पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय के प्रभारी शिक्षक मोहमद हारीफ की लापरवाही से एक माह से बच्चों की थाली में खाना नहीं परोसा जा रहा है। जिससे नाराज होकर शनिवार को विद्यालय के बच्चों ने स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रभारी शिक्षक ने रसोईयों को खाना बनाने से मना किया हुआ है। साथ ही चावल के अलावा सभी एमडीएम की सामग्री को रुम में रखकर ताला मारकर दिया है। मिड डे मील नहीं मिलने से सबसे ज्यादा परेशानी निचली कक्षाओं के छोटे- छोटे बच्चों को हो रही है। हर दिन बच्चों को यह उम्मीद होती है कि आज स्कूल में उन्हें खाने को मिलेगा। लेकिन दोपहर में टिफिन की घंटी बजने के बाद बच्चों में मायूसी छा जाती है। नजदीक के बच्चे तो टिफिन के समय अपने घर खाने चले जाते हैं। लेकिन दूर दराज से आने वाले बच्चों को दोपहर के वक्त पानी से ही अपने पेट की भूख को मिटाना पड़ रहा है। जिससे बच्चों की पोषण पर भी असर पड़ रहा है। शनिवार को बच्चों ने विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के घर जाकर मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की शिकायत की।

## चौपाल में किसानों के बीच मतदान के महत्व पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता




मधेपुरा : कुमारखंड प्रखंड के विशनपुर बाजार पंचायत भवन, परिसर में किसान चौपाल-सह-मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। किसान चौपाल सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी कुमारखण्ड के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी ने किसानों कृषि कार्य में आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते हुए वक्त में मौसम के अनुकूल किसानों को अब खेती करनी होगी। इसके लिए किसानों को कृषि के आधुनिक तकनीक को अपनाने की जरूरत है। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सात मई जिले में लोक सभा चुनाव को लेकर वोट डाले जाएंगे। इस दौरान किसानों को भी निश्चित रूप से मतदान में बढ़चढ़ हिस्सा लेना चाहिए। किसानों को जागरूक करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि ह्लमधेपुरा है तैयार, मतदान करेगें सब इस बारह्व का नारा दिया गया। इस वर्ष नये मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पुरी हो गयी है, उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ह्लमतदान एक जिम्मेवारी, उम्र अठारह की है बारीह्व का नारा दिया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केन्द के विज्ञानी डा. आरपी शर्मा ने किसान चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीकी सत्र में खरीफ मौसम में लगने वाले फसलों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिसमें उन्नत कृषि, नवीन तकनीक एवं फसलों में लगने वाले रोग के उपचार संबंधी चर्चा की गयी। किसान चौपाल में उपस्थित किसानों एवं प्रसार पदाधिकारियों के बीच जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा आधुनिक कृषि यंत्र का उपयोग बुआई से लेकर कटाई तक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही खेतों में रसायनिक खाद के उपयोग कम करते हुए वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन एवं उपयोग हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि मिट्टी की जांच कराते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुरूप मिट्टी में उर्वरक का प्रयोग करें। मौके पर कार्यक्रम में डा. आरपी शर्मा, स्वाती कुमारी, आत्मा के पंकज पचौरी प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा एवं पहला लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में सभी नागरिकों की भागीदारी लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए और किसी भी प्रकार के भय एवं प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। मधेपुरा में होगा रिकार्ड मतदान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि विगत दिनों संपन्न हुए दो चरणों के चुनाव में मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा है। लेकिन आशा है कि आगामी 7 मई को मधेपुरा में रिकार्ड तोड़ मतदान होगा। इसके लिए जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भी लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेना चाहिए और सभी तरह की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना चाहिए। मतदान का का प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीएनएमयू के सीनेटर सह परिषद् के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रंजन कुमार ने कहा कि इंग्लैंड एवं अमेरिका में लोकतंत्र आने के वर्षों पहले बिहार में गणतंत्र कायम था। लेकिन दुख की बात है कि आज बिहार में मतदान का प्रतिशत काफी कम है। हम सबों को मिलकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आमोद आनंद ने कहा कि युवाओं के ऊपर ही समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि ज्यादा-से-ज्यादा युवा मतदान में भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। परिषद् के विभाग संयोजक सौरभ यादव ने बताया कि परिषद् द्वारा बिहार के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। बीएनएमयू के विभिन्न महाविद्यालयों में भी लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं। आगे शिक्षाशास्त्र विभाग एवं टी. पी. कॉलेज में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, उत्तर बिहार कार्यालय द्वारा जारी एक पर्चा भी वितरीत किया गया। इसमें यह अपील की गई है और अपना वोट विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए तथा देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए दें। हमारा एक बोट लोकतंत्र को सफल बनाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। सरकार पर सवाल उठाने से अच्छा है हम अपने मत का उपयोग कर भारत में मजबूत और राष्ट्रवादी सरकार बनाएं। इस अवसर पर कई नारे लगाए गए। इनमें ह्यनेशन फर्स्ट -वोटिंग मस्टह्व, ह्ययुवा, बुजुर्ग, महिला, किसान सबसे पहले करें मतदानह्व ह्यदेश के लिए मतदानह्व, ह्यमतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी अबकी बार 18 की बारीह्व, ह्यमधेपुरा है तैयार, मतदान करेंगे सब इस बारह्व आदि नारे शामिल थे। दिलाई गई शपथ कार्यक्रम के अंत में सबों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। ह्लहम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, भयमुक्त होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।ह्व इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र, काजल, रोशनी, सानिया, मुस्कान, काजू, साक्षी, संदीप, आदित्य, प्रतीक, काजल कुमारी, सत्यम, भास्कर, दीपक, मोनू कुमार, कुंदन कुमार, प्रह्लाद कुमार, राजेश, आदित्य, सोनू कुमार, कुणाल कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रदान की गई गैस चूल्हा व सिलेंडर

महनार । आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषाहार पकाने हेतु एक गैस चूल्हा व दो गैस सिलेंडर कनेक्शन के साथ सरकार ने प्रदान किया है। अभी तक केंद्र पर लकड़ी जलाकर ही पोषाहार पकाने की व्यवस्था थी जिस कारण आग की तपिश एवं धुआं से बचने हेतु सेविकाएं बच्चों को पका पकाया पोषाहार नही दे कर बिस्कुट ही दे देती थी। इस सम्बंध में डीपीओ ने बताया कि बिस्कुट देना बिल्कुल गलत है एवं बच्चों को पका पकाया पोषाहार ही देना है। इसमें सभी दिन का अलग अलग मीनू है। इस मीनू चार्ट को केंद्र की दीवार पर चिपका कर रखना है ताकि कोई भी लोग देख सके । इसमे हलवा , खिचड़ी, पुलाव समेत अन्य चीज है । बताया गया है कि यदि कोई भी सेविका अब पोषाहार पका कर बच्चों को खिलाने में कोताही बरतेगी तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई होगी । आमजनता को भी चाहिए कि वह इस पर निगरानी रखे और किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर इसके विरुद्ध आवाज उठाए।

## एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव के जन संपर्क अभियान के दौरान हुआ विरोध प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के आलमनगर विधानसभा के कडामा में जनसंपर्क के दौरान एनडीए प्रत्याशी को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ गया, विरोध की वजह से प्रत्याशी ने अपनी गाड़ी वहां से जल्दी बाजी में भगा ली। मालूम हो कि मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कडामा गांव पहुंचे जहां सिर्फ एक ही परिवार के घर जाकर मुलाकात की और वहां से अपनी गाड़ी पर सवार होकर सीधे अन्य गांव जाने लगे. लेकिन इसी क्रम में गांव निकलने से पूर्व ही गांव के हीं कुछ लोगों ने उनके गाड़ियों के काफिले को रुकवाया और सांसद से गांव की समस्या को देखने की बात कही लेकिन सांसद दिनेश चंद्र यादव की गाड़ी आगे बढ़ती रही. इसी क्रम में पीछे बैठे बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नरेंद्र नारायण यादव ने गाड़ी को रुकवा कर लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि इस गांव के पुल की मांग निश्चित ही बहुत पुरानी है और हमारे द्वारा इस अनुशंसा कर विभाग को भेज भी दिया गया है जल्द ही पुल निर्माण होगा। लेकिन लोगों ने सांसद से आग्रह किया कि वह जर्जर पुल को एक बार स्वयं से गाड़ी से नीचे उतर कर देखे लेकिन उन्होंने बड़े तल्ख आवाज में कहा मुझे दिखता नहीं है क्या? और इसके बाद ग्रामीणों का विरोध होने झेलना पड़ गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्थानीय दर्जनों लोगों ने वोट बहिष्कार करने की बात तक कह डाली, लोगों ने कहा कि क्षेत्र का विकास नहीं तो वोट नहीं। विदित हो कि कडामा गांव को एन एच 106 को जोड़ने वाला एकमात्र पुल जो कि लगभग 60 वर्ष पहले बना था अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है पल में कई जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे कि उसके सरिया बाहर निकल गए हैं। मालूम हो कि स्थानीय लोगों ने कई बार इस पुल के पुनः निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक, सांसद सहित अन्य को लिखित आवेदन दिया लेकिन पुल ज्यों का त्यों पडा हुआ है। मालूम हो कि स्कूल पर से गिरकर पूर्व में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है कई लोग घायल हो चुके हैं कई गाड़ियां भी पलट गई है लेकिन जनप्रतिनिधि और विभाग पर कोई असर नहीं। इसी पुल की मांग को लेकर शुक्रवार को सांसद के काफिले को भारी विरोध झेलना पड़ गया। ग्रामीणों में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश झा, राजू झा, अभिषेक आचार्य, विवेकानंद आचार्य, गुलशन झा, ग्रिजेश कुमार, सावन झा, अमरजीत कुमार, निशांत कुमार, मानस आचार्य, विक्की कुमार, दिलखुश मिश्रा, दीपक कुमार, राहुल झा, अमरकांत झा, मनोज मंडल, संतोष मंडल इत्यादि शामिल रहे।

## तीन दरिंदों ने मिलकर वारी वारी से किया नाबालिक के साथ दुष्कर्म

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई जिले के टाउन थानांतर्गत बरूअट्टा इलाके में बीती रात्रि शुक्रवार को एक नाबालिग लड़की के साथ तीन व्यक्तियों द्वारा सामुहिक रूप से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है ।जैसा कि प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि पीड़िता के परिवार वालों ने किसी के यहां शादी समारोह में गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर तीनों दरिंदों ने मिलकर पहले नाबालिक को बंधक बनाया फिर किसी अन्य जगहों पर ले जा कर तीनों ने मिलकर वारी वारी से नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया ।तीनों दरिंदों ने नाबालिक को अपने हवस शिकार कर धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया ।जब परिवार वालों को पता चला तो इसकी सूचना दूरभाष से 112 को दी। सूचना प्राप्त होते हीं पुलिस के वरीय पदाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। पीड़िता को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ जरूरी काउंसलिंग देते हुए मेडिकल जांच एवं अन्य विधिसम्मत प्रक्रिया कराई गई है। इस आपराधिक घटना में संलिप्त सभी नामजद अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की जा चुकी है। पुलिस की एक विशेष टीम सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी कर रही है। जमुई पुलिस सभी नागरिकों से किसी भी आपराधिक घटना की सूचना एवं सहयोग की अपील करती है।

सम्पादकीय

# चलो नई गारंटी दी जाए

बाजारवाद का दौर है। पब्लिक एकदम नई चीज पसंद करती है। चाहे राजनीति हो, चाहे चाय पकौड़े की दुकान। राजनीति में कुछ नया दिखता है तो पब्लिक एकदम से दीवानी हो जाती है। पकौड़े की दुकान में कोई नई आइटम आ जाती है तो ग्राहक खिंचे चले आते हैं। अब चुनावों का मौसम है तो नई-नई गारंटियां दी जा रही हैं। पुरानी गारंटियां पब्लिक भूल रही हैं, इसलिए पुरानी गारंटियां कैंसिल हो रही हैं और नई गारंटियां ध्यान आकर्षित कर रही हैं। पब्लिक अब 10 गारंटियां भूल गई है। उसे इतना याद है कि गोबर खरीदने की बात हुई थी और गोबर के ढेर लगे हैं, लेकिन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सब कुछ गुड गोबर कर दिया है। क्योंकि पार्टी के ही कुछ विधायक साथ छोड़ कर चले गए हैं और सरकार गुड़ बचाने में लगी है। गोबर की तरफ अभी ध्यान नहीं है। गोबर इक्का वाले सरकार के खिलाफ कहीं मोर्चा न खोल दे, इसलिए नई गारंटियां चुनावी घोषणा पत्र में परोस दी गई हैं। इसमें रोजगार की बात नहीं है। महंगाई की बात नहीं है। पारदर्शी प्रशासन की बात नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की बात नहीं है। कानून व्यवस्था की बात नहीं है। सिर्फ एक ही वादा किया गया है कि जो बिक गए हैं, वह सलाखों के पीछे डाले जाएंगे। बिकने वाले क्यों बिक गए, इस पर घोषणा पत्र खामोश है। कुछ दल धर्म को भी घोषणा पत्र में घसीट कर ले आए हैं, ताकि पब्लिक को लगे कि अगर धर्म खतरे में हुआ तो देश भी खतरे में होगा। सबका अपना अपना एजेंडा है, लेकिन सबका एक ही फंडा है कि कैसे पब्लिक के वोट जुटाए जाएं और फिर कैसे पब्लिक को दरकिनार कर दिया जाए।

क्योंकि पब्लिक बीच में रहेगी तो सरकार को खतरा रहेगा। पब्लिक पूछती रहेगी कि वायदों का क्या हुआ और गारंटियां कहां गई। जो दूरदर्शी राजनीतिक दल होते हैं, वे पब्लिक को फालतू के मसलों में उलझा कर रखते हैं ताकि मतलब के मसले पर जनता का ध्यान न जाए। पब्लिक का ध्यान कहीं और होगा तो सत्तारूढ़ दल अपना ध्यान अपने निशाने पर केंद्रित कर सकेगा। लेकिन पब्लिक का ध्यान भटक गया तो सत्तारूढ़ दल का मिशन भी भटक जाएगा। खैर बात हो रही थी गारंटी की। इसलिए सत्तासीन दल ने डिसाइड किया था कि अब पुरानी गारंटियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए नई गारंटियां दी जाएंगी। इनमें चरणबद्ध ढंग से लोगों को चांद की सैर कराने का वायदा किया जाएगा ताकि चांद पर पहुंच कर लोग जब अपनी धरती को देखेंगे तो उन्हें चांद के विकास और अपनी धरती के डेवलपमेंट कार्यों पर तुलनात्मक अध्ययन करने का मौका मिलेगा। निश्चित रूप से चांद विकास के मामले में पीछे जाएगा। वहां पानी नहीं होगा, बिजली नहीं होगी, सडकें नहीं होंगी। इससे सत्तारूढ़ दल के नेताओं को यह प्रचार करने का मौका मिल जाएगा कि हम चांद से भी आगे हैं। कुछ नेता पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का उदाहरण देकर कह सकेंगे कि हम उनसे आगे हैं।

पब्लिक इन बातों से बहुत खुश होती है। उन्हें लगता है कि चांद भी हमारी धरती के मुकाबले तरक्की में पीछे है और पाकिस्तान की तो लुटिया डूब रही है। इससे पब्लिक को गौरवान्वित होने का मौका मिलता है। पब्लिक गौरवान्वित होती रहे, इससे बढकर चकाचक गारंटी और क्या हो सकती है। इसलिए यह गारंटी पब्लिक के बीच में आकर्षण का केंद्र बन रही है। चुनाव में कौन कितने में बिका, इस बारे पब्लिक फालतू में सोच कर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहती। पब्लिक को लगता है कि बाजारवाद का दौर है। इसमें हाईकमान भी खरीदा जा सकता है। हाईकमान का मुी में होना किसी भी दल के नेता जी के लिए अपने करियर में आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी गारंटी है। यही गारंटी सर्वोपरि है। नेताजी यही गारंटी दे रहे हैं। इसलिए उनका डंका बज रहा है। पब्लिक के बीच में यही मैसेज जा रहा है कि नेताजी की गारंटी पत्थर पर खींची लकीर होती है। नेताजी मानते हैं कि पब्लिक लकीर की फकीर होती है।

# सफेद झूठ की काली मूसलाधार

पंकज शर्मा

मैं ने इतिहास के वे पन्ने भी पढ़े हैं, जिन में 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की हार के बाद जयप्रकाश नारायण से उन की मुलाकात का जिक्र है। जेपी आपातकाल के बाद जनता पार्टी की जीत और इंदिरा जी की हार के महानायक थे। वे इंदिरा जी से मिलने गए तो भीगी आंखों के साथ उन का हाथ अपने हाथ में ले कर पूछने लगे, इंदु, अपना खर्च कैसे चलाओगी? जवाब भी नम आंखों के साथ मिला, पापू की किताबों से जो कुछ रॉयल्टी मिलेगी, उस से थोड़ा चल जाएगा।

मोशा-सूरत पर हवाइयां उड़ती साफ दिखाई दे रही हैं। अभी तो लोकसभा चुनाव का दूसरा ही चरण पूरा हुआ है और नरेंद्र भाई मोदी ऐसी आंय-बांय-शांय मुद्रा में आ गए हैं कि सफेद झूठ की काली मूसलाधार करने में इस बार सारी चौहद्दियां पार कर गए हैं। उन के दशकों पुराने अंतःपुरी सिपाहसालार अमित भाई शाह जैसे-तैसे ऊपरी आत्मविश्वास दिखाने की कोशिशों में अजीबोगरीब दावे कर-कर के अपने गिरोहाधीश की हवाहवाइयों पर गरबा करने में लगे हुए हैं।

मैं 1977 में छठी लोकसभा के लिए हुए चुनाव से अब तक हुए सभी 12 आम चुनावों को दूर-पास से देख चुका हूं। मगर तेरहवीं बार जो देख रहा हूं, वह हुक्मरान-खेमे द्वारा जम्हूरियत के अंतिम संस्कार के परम प्रयासों जैसा लग रहा है। अब से पहले लोकसभा के किसी भी चुनाव में महाझूठ का ऐसा प्रपंच और महाझूठों की ऐसी जुगलजोड़ी मैं ने तो नहीं देखी थी। नरेंद्र भाई सत्य के पुजारी नहीं है, यह मैं पहले भी जानता था। वे अपना सियासी मकसद साधने के लिए हर कुत्सित साधन का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते हैं, यह मैं पहले भी जानता था। वे जंग और इश्क में फतह के लिए सब-कुछ जायज मानने के मनके फेरते बड़े हुए हैं, यह भी मैं पहले ही जानता था। मगर यह मैं नहीं जानता था कि उन के पतनलोकी महल की बहुत-सी सीढ़ियां देखनी तो अभी बाकी हैं।

नरेंद्र भाई अगर प्रधानमंत्री न होते, नरेंद्र भाई अगर नरेंद्र भाई न होते, नरेंद्र भाई अगर गिरिराज सिंह, साध्वी प्रज्ञा, कुलदीप सेंगर, बृजभूषण सिंह, रमेश विधूड़ी, वगैरह-वगैरह होते तो मैं नरेंद्र भाई के कहे-किए पर मन मसोस भी लेता। मगर नरेंद्र भाई तो, एक भी कम नहीं, पूरे 140 करोड़ परिवारजन के मुखिया हैं; वे बहुसंख्यकों के मान-न-मान मेहमान हैं; हिंदुओं के हृदय सम्राट हैं; विश्वगुरु बनने की राह के राही हैं; वे एक अकेले सब पर भारी हैं; वे गारंटी-पुरुष हैं, ; गारंटी की भी गारंटी के गारंटर हैं; झोला ले कर कभी भी चल पड़ने वाले फकीर हैं। इसलिए मुझ से तो एक क्षण को भी यह सहा नहीं जा रहा है कि जिस महामना की उंगली पकड़ कर रामलला पांच सौ साल बाद अयोध्या आ कर विराजे, उस ने 2024 के चुनाव की पगड़ी किसी भी कीमत पर अपने सिर बांधने की हवस में जनतंत्र की सारी पवित्र परंपराओं पर कालिख मल दी है। चुनावी आचार संहिता जैसी निरामिष व्यवस्थाओं को ठेंगा दिखाने का काम तो नरेंद्र भाई के लिए दस साल से सब से प्रिय शगल रहा है। इस बार तो उन्होंने इस व्यवस्था को ठेंगे-फेगे पर रखने के बजाय उस का सीधे घंटा-दर्शन दिशा में प्रस्थान करा दिया है। इस घंट-ध्वनि की गूंज ने, चुनावों के वक्त आमतौर पर अंतरिम-सूरमा की भूमिका निभाने वाले निर्वाचन आयोग को, थरथर कंपा दिया है। मुसलमान-मुसलमान का अखंड-जप कर रहे नरेंद्र भाई की भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष को निर्वाचन आयोग ने अपने पार्किन्सनी-हाथों से हस्ताक्षरित एक नोटिस इसलिए नहीं भेजा है कि वरना जमाना क्या कहेगा? इसलिए भेजा है कि अगर इतने पर भी वह दूसरी तरफ मुंह किए बैठा रहता तो कहीं जनता निर्वाचन आयोग को धोबीपछाड़ देने की षारीरिक तैयारी न कर लेती! मगर चूंकि निर्वाचन आयोग को जनता की नाराजगी से ज्यादा चिंता आकाओं की नाराजगी की है, सो, वह राहुल गांधी के भाषण पर कांग्रेस को भी एक नोटिस भेजने की काइयां नटबाजी किए बिना बाज कैसे आता? कुंठा किसी से जो-जो न कराए, कम है। नतीजतन हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहले तो बिना शोध किए फतवा जारी कर दिया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में विरासत-कर लगाने का ऐलान किया है और विपक्ष की सरकार आई तो किसी की भी मृत्यु के बाद उस की आधी संपदा ही वारिसों को मिलेगी और आधी पर सरकार कब्जा कर लेगी। फिर जब यह तथ्य सामने आया कि कांग्रेस के घोषणापत्र में तो दूर-दूर तक इस का कोई जिक्र नहीं है और असलियत तो यह है कि नरेंद्र भाई की सरकार में वित्त मंत्रालय संभालने वाले अरुण जेटली उत्तराधिकार में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स का कानून लाने की खुली तरफदारी किया करते थे तो नरेंद्र भाई खुद बगलें झांकने लगे। वित्त राज्यमंत्री रहे जयंत सिन्हा के वे भाषण भी सामने आ गए, जिन में वे उत्तराधिकार-कर लागू करने की बात कहते थे। 2019 के आम बजट के पहले मीडिया में प्रकाशित-प्रदर्शित हुईं वे खबरें भी सामने आ गईं, जो बता रही थीं कि इनहेरिटेंस टैक्स लागू होने वाला है। फिर यह तथ्य भी सार्वजनिक हुआ कि 1953 से लागू इस टैक्स को तो खुद राजीव गांधी ने 1985 में खत्म कर दिया था।

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है।





ललित गर्ग
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2, 994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव

# शेषन ने बदली थी अराजक चुनावों की तस्वीर

इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं, करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलेट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी। ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इनसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया।





योगेन्द्र योगी
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड-खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे-ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं, करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलेट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी। ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे।

ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इनसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा। चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सडक पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनके विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया, लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडे वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया।

इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख को नजरबंद करवा दिया था।

शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस. राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे खराब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कत्र्तव्य है कि मैं आपकी हर जरूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी लेकर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का

# तीसरे चरण में राजनीति के तीरंदाज मैदान में

देवदत्त दुबे

प्रदेश में दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं अब तीसरे चरण में आठ लोकसभा सीटों के लिए 7 में को मतदान होगा तीसरे चरण में प्रदेश की राजनीति के तीरंदाज माने जाने वाले दो पूर्व मुख्यमंत्री एक केंद्रीय मंत्री सहित पूर्व विधायक सांसद अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

दरअसल प्रदेश में दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब सब की निगाहें तीसरे चरण की मुरैना भिंड ग्वालियर गुना सागर विदिशा भोपाल और राजगढ़ लोकसभा सीट पर तक गई है तमाम कोशिशें के बाद भी दोनों चरणों में मतदान प्रतिशत 2019 की अपेक्षा कम ही रहा एक बार फिर तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिशें तेज हो गई है इन सीटों पर दिग्गज नेताओं के मैदान में होने से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की उम्मीद भी लगाई जा रही है तीसरे चरण में प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा मानी जा रही है जहां प्रदेश के 10 वर्षों से मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में है जबकि भाजपा ने रोडमल नागर को चुनाव मैदान में उतारा है यह भी दिलचस्प है कि दोनों उम्मीदवार इस सीट से दो-दो बार सांसद रह चुके हैं दोनों के बीच पहला मुकाबला है अब 4 जून को तय होगा कि इनमें तीसरी बार सांसद कौन बनेगा वैसे तो कभी कांग्रेस की सीट मानी जाती थी राजगढ़ लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह भाजपा के कब्जे में है लेकिन जिस तरह से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतार दिया है उससे इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है भाजपा को जहां मोदी लहर का सहारा है वही कांग्रेस को दिग्विजय सिंह की क्षमताओं का भरोसा है दिग्विजय सिंह मतदाताओं के बीच पदयात्रा कर चुके हैं और अब आखिरी चुनाव की दुहाई देकर वोट मांग रहे हैं बुढ़ापे में लाज रख लेना जैसा संदेश मतदाताओं के बीच पहुंचा जा रहा है साथ ही उनके प्रदेश भर के समर्थक भी राजगढ़ में जगह-जगह मोर्चा संभाल रहे हैं लेकिन शुक्रवार को भाजपा के सबसे बड़े रणनीतिकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजगढ़ में जिस तरह से हुंकार भरी है और कहां की यहां बंटाधार करना है क्या दिग्गी राजा के साथ बंटाधार शब्द जुड़ गया है उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इन्हें राजनीति से परमानेंट विदाई देने का दिग्विजय की विदाई आपको करना है आशिक का जनाजा है जरा धूम से निकले सम्मान जैसी लीड से हराकर उनकी विदाई करना उन्हें घर पर बैठने का काम राजगढ़ वाले करें यही कहने आया हूं अमित शाह की सभा के बाद राजगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर बढ़ गया है तीसरे चरण की दूसरी महत्वपूर्ण सीट विदिशा है जहां से सर्वाधिक समय तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में है और उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है दोनों ही उम्मीदवार विदिशा सीट से सांसद रह चुके हैं शिवराज सिंह चौहान जहां लगातार सक्रिय राजनीति में बने रहे और विदिशा से हमेशा जुड़े रहे वही प्रताप भानु शर्मा पिछले दो दशक से किसी महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे और ना ही बीच में कोई चुनाव लड़े इस कारण उन्हें चुनाव मैनेजमेंट में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जबकि शिवराज सिंह चौहान के लिए विदिशा का चुनाव रिकॉर्ड बनाने का चुनाव माना जा रहा है शिवराज सिंह चौहान किसी भी प्रकार के अति आत्मविश्वास में ना रहते हुए टिकट घोषित होने के बाद से ही विदिशा क्षेत्र में सक्रिय है बहुत कम समय के लिए वह प्रदेश की अन्य सीटों पर गए हैं पत्नी साधना सिंह और पुत्र कार्तिकेय भी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएलओ की बैठक का हुआ आयोजन

दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार में बीएलओ की बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने की।बैठक में वीडीओ के द्वारा प्रत्येक बीएलओ से पेयजल, शौचालय, बिजली एवम बेंच डेस्क समेत सभी मतदानकेंद्र से जुड़ी आवश्यक सुविधाओ की जानकारी ली गई।इसके साथ ही यदि कुछ कमियां है तो शीघ्र उसे दूर कराने का निर्देश दिया गया। वहीं दिव्यांग एवम वृद्ध मतदाताओं की पहचान करते हुए संपर्क कर मतदान में शामिल होने की अपील करने का भी निर्देश दिया गया।इस मौके पर असलम अंसारी,नवलकिशोर सिंह,चंदन शर्मा,गांधी कुमार, अमरजीत पासवान,संतोष सिंह समेत सभी बीएलओ शामिल थे।

### पत्नी की मौत को वर्दास्त नहीं कर पाया पति,देखते ही हुई मौत

जलालपुरेप्रखंड के सम्होता गांव मे शुक्रवार की देर संध्या एक वृद्ध समाजसेवी दम्पति दो मिनट के अंदर ही एक दूसरे के साथ स्वर्ग लोक गमन कर गएघटना सम्होता ब्राह्मण टोली की है घटना के सम्बंध मे ग्रामीणों ने बताया कि सबसे पहले शाम को 75वर्षीय लक्ष्मी नारायण चौबे की पत्नी तेतरी देवी की हालत बिगड़ी और उनकी मौत हो गयी इस वाकये को देखने के दो मिनट बाद ही वृद्ध पति भी दम तोड़ दिएदोनो की मौत पर ग्रामीण स्तब्ध रह गयेपहले से दोनो स्वस्थ थेदोनो नेक दिल इंसान व कुशल समाजसेवी थेउनकी मौत पर पूर्व जिला जज रामप्रवेश चौबे ,डा वशिष्ट सिंह ,समाजसेवी श्री वंश सिंह ,सप्रेम सिंह, शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह ,सुरेन्द्र राम ,योगेन्द्र मांझी,माधुरी कुमारी,कनक कुमारी सहित कई अन्य ने गहरी संवेदना व्यक्त की है

### विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

जलालपुरेकोपा थाना क्षेत्र के मुसेहरी स्थित कन्या मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोड़कर बीती रात हजारो रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई इस सम्बन्ध में विद्यालय के एच एम रामजी तिवारी विद्यार्थी ने कोपा थाना मे आवेदन देकर पंखा, कुर्सी टेबल व अन्य कीमती सामग्रियो के साथ विद्यालय का विद्युत कनेक्शन के तार को तहस नहस करने ,पेय जल के पानी की टंकी को तोड़ने का आरोप लगाया है

### चोरी की दो बाइक के साथ एक गिरफ्तार

पानापुर(सारण) गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने लगुनी गांव में छापेमारी कर चोरी की दो बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया .बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि लगुनी गांव निवासी शंकर राय चोरी की बाइक एवं ट्रैक्टर बेचने की फिराक में है .सूचना के बाद पानापुर थाने के एएसआई संजय कुमार भारती एवं उपेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की .पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही भाग रहे शंकर राय को पुलिस ने धर दबोचा .पुलिस ने घर की तलाशी ली तो चोरी की दो बाइक बरामद हुई .पूछताछ में शंकर राय ने बताया कि दूसरा बाइक टोटहा गांव निवासी राकेश राय का है .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर शंकर राय को जेल भेज दिया गया वही राकेश राय की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है

### महिला नें एसडीपीओ से पति को वापस दिलाने की लगाई गुहार

रक्सौल बड़ा परेउआ निवासी बेबी कुमारी नें हरैया ओ पी प्रभारी पर उसके पति के गायब कर देने का आरोप लगाया है। इसके लिए इसने रक्सौल एस डी पी ओ धीरेन्द्र कुमार के पास आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में इसने बताया है कि 26 अप्रैल को उसके पति बब्लू पासवान को हरैया ओ पी प्रभारी नें मोबाईल पर फोन कर थाना कार्यालय बुलाया। इसके बाद वह उनसे मिलने थाना कार्यालय गए हुए थे। लेकिन काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटे तो वह अपने ननद के साथ हरैया थाना कार्यालय गई।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




● सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निदेश, आवश्यकतानुसार मतदान केंद्रों पर टेंट के माध्यम से होगी शेड की व्यवस्था

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को लोकसभा आम चुनाव से संबंधित तैयारियों को लेकर बैठक किया। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। जहाँ भी इसमें कुछ कमियां हैं, उन्हें तत्काल दूर करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में 1 मई तक एक्शन टेकेन रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया गया।शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता को संबंधित प्रखंड में कैम्प करने को कहा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मतदानकेन्द्र पर वर्त्तमान कमियों को तत्काल दूर कराने का निदेश दिया गया। इसमें विद्यालय भवन में स्थित मतदानकेन्द्र की कमियों को दूर करने हेतु शिक्षा विभाग के संबंधित कनीय अभियंता कार्रवाई करेंगे। चुनाव कार्य हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु चिन्हित विद्यालय भवनों में भी पेयजल, शौचालय एवं स्नानागार से संबंधित कमियों को प्राथमिकता से दूर करने को कहा गया। जिन मतदान केंद्रों पर प्रतीक्षारत मतदाताओं के लिये अलग से कमरे या बरामदा उपलब्ध नहीं है, वहाँ टेंट के माध्यम से शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। मतदान कर्मियों को मतदानकेन्द्र पर भेजने एवं वापस लाने हेतु तैयार रुट चार्ट के आधार पर उपयुक्त वाहन के प्रकार की फाइनल सूची अविलंब समर्पित करने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके आधार पर विभिन्न प्रकार के वाहनों की वास्तविक आवश्यकता मालूम होगी। कार्मिक कोषांग को निर्वाचन के समय विभिन्न कार्यालयों, कोषांगों एवं मतदान के अतिरिक्त अन्य निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिये निर्वाचन कर्तव्य से मुक्ति हेतु न्यूनतम कर्मियों की सूची संबंधित पदाधिकारी से प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया। मतदान की तिथि से दो दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्र की सफाई सुनिश्चित कराने को कहा गया। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्र पर पेयजल हेतु पानी के जार की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर तैयारी करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

## ट्रैक्टर के ठोकर से तीसरी कक्षा की छात्रा की मौत

**छात्रा घर से स्कूल जा रही थी ट्रैक्टर के ठोकर से हो गई अचेत छपरा उपच्चार के दौरान हुई मौत**



प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर स्थानीय थाना क्षेत्र के धर्मपुरजाफर पंचायत स्थित अमनौर जान गांव में ट्रैक्टर की ठोकर से एक आठ वर्षीय छात्रा बुरी तरह घायल हो गई।चालक गाड़ी छोर फरार हो गया।घटना शनिवार की सुबह का है।सूचना मिलते ही परिजनों ने घयाल छात्रा को लेकर आनन फानन में उपच्चार के लिए सदर अस्पताल छपरा लाया।जहा उसकी मौत हो गई।मृतक छात्रा गोपाल राय के मंझली पुत्री चांदनी कुमारी बताई जाती है।इनके मृत्यु से परिजनों में हाहाकार मच गया।ग्रामीण काफी आक्रोशित हो उठे।पुत्री के वियोग में माता कुंती देवी दादा जगत राय समेत सभी परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।घटना को सुन अमनौर पुलिस मौके पर पहुँच ग्रामीणों को समझाया बुझाया,ट्रैक्टर को जपत कर शव को हिरासत में लेकर छपरा पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।

छात्रा प्राथमिक बिद्यालय अमनौर जान में तीसरी कक्षा की छात्रा थी।पढ़ने में काफी तेज व देखने मे बहुत सुंदर थी।तीन बहन में मझला एक भाई थी।घर के लोग काफी प्यार करते थे।

छात्रा घर से स्कूल निकली थी स्कूल के निकट एक ट्रैक्टर ने छात्रा को ठोकर मार फरार हो गया

मृत छात्रा के दादा जगत राय ने बताया कि हम दरवाजे पर बैठे थे।घर से निकलकर आई बोली बाबा हाथ खोल अब मुट्ठी बांधो ,मुट्ठी खोला तो बिस्किट मिला बोली खा लो बाबा,इसके पश्चात बसता लेकर स्कूल चली गई।गांव में बराती की गाड़ी हैं लौटकर आया हुआ था।उसी में यह ट्रैक्टर आया हुआ था।चालक नाबालिक था।बच्ची स्कूल जा रही थी।पीछे से ठोकर मार कर चालक फरार हो गया।

## भेल्दी में चौकीदार की करंट लगने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)।भेल्दी थाने के एक चौकीदार की मौत बिजली की करंट लगने से हो गई।मृत चौकीदार मजिटर राय (35) भेल्दी थाने के तरवार गांव के जयराम राय का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के तरवार गांव के चौकीदार मजिटर राय के घर पर शुक्रवार को भतीजी की बारात आने वाली थी।शुक्रवार की शाम काम करने के दौरान उसे घर में करंट लग गई जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।हालांकि चौकीदार की मौत पर लोग तरह-तरह की चचाएं भी कर रहे हैं।

चौकीदार मजिटर राय की मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पत्नी रीना देवी दहाड़ मारकर रो रही थी।पुत्र चंदन,रोहित पुत्री रानी,शिवानी,स्वीटी का रो-रोकर बुरा हाल था धटना को सुनते हैं तलवार पंचायत के मुखिया पंकज कुमार राय ने पहुंचकर परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।इधर,थानाध्यक्ष अशोक कुमार का कहना है कि परिजनों से जानकारी मिली कि करंट लगने से चौकीदार की मौत घर पर हो गई है।शव का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में कराया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतिक्षा की जा रही है।

## राजेश बनाए गए जेपीयू के मीडिया प्रभारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में राजेश पांडेय की नियुक्ति की गई है इस आशय का पत्र जारी करते हुए जे पी यू के कुल सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार ने सूचित किया है कि राजेश कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य) कोषांग को अपने कोषांग के वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जय प्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया जाता है। वे जनसंपर्क से संबंधित कार्यों को भी निष्पादित करेंगे। आवश्यकतानुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगे और प्रेस ब्रीफिंग करेंगे।

विश्वविद्यालय स्नाताकोत्तर विभागाध्यक्ष, सभी प्राचार्य, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यालय प्रभारी अपनी बैठकों/ कार्यक्रमों की सूचना/प्रेस विज्ञप्ति राजेश कुमार पाण्डेय के मो.नं.-9709538660 पर वाहट्सएप के माध्यम से ससमय उपलब्ध कराएंगे।उक्त आशय का पत्र जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के आदेशानुसार कुल सचिव ने निर्गत किया है।

## लोकसभा चुनाव और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



परसा ।लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर परसा पुलिस ने रेवाघाट- हाजीपुर बांध मार्ग पर छपरा-वैशाली बॉर्डर होने के कारण वाहन जांच अभियान चलाया गया।इसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं बैग की गहनता से जांच की गई।बिना हेलमेट के चलने वाले दर्जनों वाहन चालकों को भी फटकार लगाया गया।एसएसटी मजिस्ट्रेट गौतम कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल पूर्वक संपन्न कराने हेतु यह विशेष अभियान चल रहा है।वही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है ताकि कहीं से किसी प्रकार की अवैध हथियार व अवैध सामग्री इस जिला से उस जिला में नहीं जा सके।साथ ही प्रत्येक दिन रेवाघाट-हाजीपुर बांध स्थित बनकेरवा मुख्यमार्ग पर बाहर से आने वाले छोटी-बड़ी वाहनों की जांच की जाती है। बनकेरवा स्थित बांध पर वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य है कि लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं पर किसी प्रकार की अवैध हथियार अवैध सामान शराब पार नहीं होने देना है।

## अग्नि पीड़ित परिवारों को मई माह का राशन मिलेगा अप्रैल में ही

**43 अग्नि पीड़ित परिवारों को मिलेगी सहायता राशि**



प्रात : किरण संवाददाता

ढाका, (पुर्वी चम्पारण) ढाका प्रखंड के जटवलिया पंचायत के गोरगावा गाव में भीषण अगलगी कांड के पीड़ित परिवारों को एक माह का एडवांस खदान मिलेगा।बता दें की अगलगी की घटना में लगभग पचास परिवार का आशियाना जल कर राख हो गया।जो दलित बस्ती के लोग हैं।और उन लोगों के सामने जीवन यापन शुरू करना चुनौती भरा होता। लेकिन घटना के बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार को सिकरहना एसडीओ कुमारी निशा के निर्देश के बाद ढाका एम ओ निवेदिता कुमारी एवं घोड़ासहन एम ओ चेतन कुमारी ने पंचायत का दौरा कर पीड़ित परिवारों का हाल जाना। और संबंधित जनवितरण प्रणाली के दुकानदार को मई माह का राशन अप्रैल में ही लाभुकों को देने का निर्देश दिया।जिसमें उजला कार्ड वाले को प्रत्येक व्यक्ति पांच किलो और पिला कार्ड वाले को प्रत्येक कार्ड पैंतिस किलो अनाज फ्री में देना है।जिससे अगलगी पीड़ित परिवारों को थोड़ा राहत महसूस हो। 43 अगलगी से पीड़ित परिवारों को सहायता पहुंचाने में जुटी प्रशासन। गोरगावा गाव में 43 अग्नि पीड़ित परिवारों को मिलेगी सरकारी सहायता राशि।मामले में एसडीओ निशा कुमारी ने बताया की फिलहाल पीड़ित परिवारों को बारह हजार रुपए मिलने है। लेकिन आवंटन के हिसाब से उपलब्ध राशि के अधार पीड़ित परिवारों को दिया जा रहा है।इधर घटना की खबर फैलते ही चैम्बर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता पहुंचाने में जुटी हुई है।

## मढौरा के भलुही में लगी आग से एक घर जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता



मढौरा बड़दहिया पंचायत के भलुही गांव में शनिवार को अहले सुबह अचानक लगी आग से भलुही निवासी रमन राय का झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में पीड़ित परिवार का कपड़ा, बर्तन, अनाज ,आधार कार्ड, एटीएम कार्ड,राशन कार्ड, वोटर आई कार्ड, बैंक पासबुक, नकदी सहित हजारों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। अहले सुबह अचानक लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और रमन राय की झोपड़ी नुमा मकान को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना को देख ग्रामीण बोरिंग चलाकर आग पर काबू पाने का हर संभव प्रयास किये किंतु आग पर काबू पाने में वे सफल नही हो सके। इस आग की लपटे इतने ऊपर तक उठ रही थी कि उसके पास जाने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा था। कुछ ग्रामीणों के द्वारा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई थी किंतु समय पर दमकल गाड़ी नहीं पहुंचने के कारण इस घर को नहीं बचाया जा सका और सब कुछ जलकर नष्ट हो गया। समाचार भेजे जाने तक पीड़ित परिवार को किसी तरह की सरकारी सहायता मुहैया नहीं कराई जा सकी है और पीड़ित परिवार चिलचिलाती तेज धूप में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। इस अग्निकांड की सूचना पीड़ित परिवार ने मढौरा सीओ को दे दी है।

## सेक्टर पदाधिकारियों के साथ डीएम,एसपी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। रक्सौल, सुगौली, नरकटियागंज एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विधानसभावार बनाए गए सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार बैठक कर सभी जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा 10-रक्सौल,11-सुगौली तथा 12-नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ सुगौली प्रखंड सभागार बैठक कर समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और आचार संहिता के अनुपालन पर कड़ी नजर रखें। निर्वाचन आयोग के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सेक्टर पदाधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। डीएम ने कहा कि जो भी संवेदनशील क्षेत्र है वहां पर लगातार नजर बनाए रखें एवं कहीं भी कोई तनाव की स्थिति पता चले तो उसकी सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारी को दें। डराने, धमकाने जैसे कृत्य के विरुद्ध 107 की कार्रवाई के लिए तत्काल सूचना दें। डीएम ने कहा कि सभी नाकों को पूर्ण रूप से एक्टिव करें। वहां निरीक्षण पंजी रखें और जो भी कार्रवाई की जा रही है, निरीक्षण पंजी में उसे अंकित करें। नाकों पर पेयजल की भी व्यवस्था कराई जाए। डीएम ने कहा कि सभी 39 जगह जहां एसएसटी की प्रतिनियुक्ति की गई है वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा भी जल्द ही इंस्टॉल करवाई जाए। सेक्टर को कहीं कोई परेशानी हो तो तुरंत संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में मुख्य रूप से ईवीएम कमिश्निंग,पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट की चुनाव में बड़ी भूमिका है : डीएम

**अपने अपने क्षेत्रों में भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाएं : एसपी**

प्रात : किरण संवाददातारी



सुगौली: चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट की अहम भूमिका होती है। इसके लिए हमने पहले ही सभी एआरओ को अच्छे व स्मार्ट कर्मियों को ही सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाने का सुझाव दिया था। जिन्हें पहले से ही चुनाव की हर बारीकियों पर नजर रखने सहित उसके उचित माध्यम से समाधान करने की समझ हो। इसके लिए आप सभी पर चुनाव कराने की अहम जिम्मेदारी है। उक्त बातें शनिवार को लोकसभा चुनाव को ले नरकटिया,रक्सौल व सुगौली विधानसभा के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक को संबोधित करते हुए डीएम सौरभ जोरवाल ने कही। उन्होंने कहा कि यह सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ हमारी अंतिम बैठक है। हमने सबके साथ बैठक कर चुनाव से जुड़ी हर जानकारी आपस मे शेयर कर ली है। वही बैठक को संबोधित करते हुए एसपी कांतेश मिश्रा ने कहा कि चुनाव के पूर्व आपके जिम्मे जितनी सारी मतदान केंद्र है वहां पहले ही जाकर स्थानीय स्तर पर लोगों से बात करें। चुनाव आयोग का पहले से भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान कराने के आदेश पर हमें भी कड़ाई से पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान को प्रभावित करने या फिर मतदाताओं को डराने धमकाने की कोशिश करता हो तो उसकी शिनाख्त कर इसकी जानकारी अपने वरीय अधिकारियों को दें। इसकी तैयारी पहले ही कर लें। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम रक्सौल शिवाक्षी दीक्षित,सदर एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम,बीडीओ सरोज बैठा,जेएसएस प्रियरंजन सहित सभी बीडीओ, सीओ,सेक्टर मजिस्ट्रेट,सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट सहित कई अन्य शामिल थे।

## शिक्षा में गुणवत्ता लाने पर चर्चा का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बाल केन्द्रित शिक्षा पर बल आदापुर प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकरदेई में शनिवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए प्रेरित किया गया। परिचर्चा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. ज्याउद्दीन ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर के वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा उपस्थित रहे। नवनियुक्त शिक्षको को संबोधित करते हुए मोहम्मद होदा ने कहा कि आप सभी नवनियुक्त शिक्षको से विभाग एवं समाज को बहुत अपेक्षाएं हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए कर्तव्यनिष्ठा के साथ विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण करें। विषय को रोचक बनाने के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, नवाचारों एवं बाल केन्द्रित शिक्षा देने का उपाय सुझाए। प्रधानाध्यापक मोहम्मद ज्याउद्दीन ने कहा कि इस विद्यालय को जिला के अग्रणी विद्यालय के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को मिलकर एक ईमानदार प्रयास करने की आवश्यकता है। हर आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के लिए मैं तैयार हूं। सभी नवनियुक्त शिक्षको ने विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण कार्य के लिए संकल्प लिया। मो. ज्याउद्दीन ने मुख्य अतिथि मोहम्मद नुरूल होदा को स्टेशनरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षक उमेश कुमार, विरेश कुमार, सरफराज अहमद, निशांत कुमार, रुबी रंजन, रंजना कुमारी, सुमन कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## युवा ब्राह्मण चेतना मंच ने डॉ जगजीत पांडे को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। विवाह की 10वीं वर्षगांठ पर डॉ. जगजीत पांडे कैंसर विभाग अध्यक्ष एम्स पटना ने छपरा कटहरी बाग स्थित महाश्मशान मुंड मालिनी देवी शक्तिपीठ पर आकर पूजा अर्चना की। मां भगवती से समाज की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आचार्य श्यामसुंदर मिश्रा पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष अरुण पुरोहित, कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य आचार्य विमलेश तिवारी उर्फ बबलू बाबा, आचार्य संजय पाठक, आचार्य मनीष पांडे, पंडित सोनू तिवारी, नागेंद्र पांडे, सोनू तिवारी, रंजन कुमार ओझा घनश्याम मिश्रा विशाल पांडे राजन कुमार ने सभी ने अंग वस्त्र माला पहनकर सम्मानित किया एवं उनके मंगल भविष्य की कामना मां भगवती से की। युवा ब्राह्मण चेतना मंच के जिला अध्यक्ष पंडित अरुण पुरोहित में अपने सैकड़ो कार्यकताओं को डॉक्टर जगजीत पांडे के द्वारा किए जा रहे कार्यों का बारे में बताया। कैंसर जागरूकता शिविर लगाकर उन्होंने जो गरीबों की सेवा का संकल्प लिया है उसमें मंच उनके साथ बराबर मिलकर कार्य करने को संकल्पित है।

## पिता हैं टिफिन व्यवसाई, पुत्र ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता पाकर बढ़ा दिया सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। अगर मन में जज्बा हो और कुछ कर गुजरने का हौसला, लगन और ईमानदारी हो तो किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए रोड़ा राह में बाधा नहीं बन सकता है, इसको चरितार्थ कर दिखाया है रक्सौल के नागा रोड निवासी विशेष राज ने। विशेष ने जिला सहित रक्सौल का भी मान सम्मान बढ़ाया है। विशेष के पिता सुनील कुमार भगत, पटना में ही टिफिन का व्यवसाय करते है। विशेष का इस परीक्षा में सफलता के बाद हौसला बुलंद है। वह देश की प्रतिष्ठित एजेंसी एनटीए अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाने वाली जेईई मेंस की परीक्षा में 98.5 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण किया है और जिले के मान को बढ़ाया है। बिशेष ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई शहर के एस. ए. वी. विद्यालय से की। अब उसने इस मुकाम को हासिल किया है। उसके इस उपलब्धि पर एस. ए. वी. विद्यालय के प्राचार्य साइमन रेक्स सहित शिक्षक विक्टर डेका, मंदीप कुमार, कुंदन कुमार, रामभरोष कुमार, इंद्रजीत कुमार, अतुल सर्राफ, कृष्णा कुमार इत्यादि ने बढ़ाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। ड्डक्या है एन. टी. ए. एन. टी. ए. का पूरा नाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी है जो देश के राष्ट्रीय स्तर के परीक्षाओं का आयोजन करती है। इसके द्वारा देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं फेलोशिप के परीक्षाओं का आयोजन कराया जाता है। इसका निर्माण मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षा व्यवसाय में बड़े पैमाने पर सुधार करना है।

## अंग्रेजी शराब तस्करी मामले में दो भाइयों को सश्रम सजा एवं अर्थ दंड

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। विशेष न्यायाधीश उत्पाद सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अतुल वीर सिंह ने सोनपुर थाना कांड संख्या 599/ 21 के सत्र विचारण के बाद सोनपुर थाना के सबलपुर पछियारी टोला निवासी मुकेश कुमार राय और प्रमोद कुमार को अवैध शराब का कारोबार करने और अपने घर और खेत में 950 लीटर अंग्रेजी शराब रखने एवम कारोबार करने के आरोप में दोनो अभियुक्तों को पांच पांच साल सशर्म सजा एवं एक एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है ।अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त एक-एक साल की सजा भुगतनी होगी।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक उत्पाद सर्वजीत ओझा एवं उनके सहयोगी अनिल कुमार पांडे एवं कृति ने अपना अपना पक्ष न्यायालय में रखा। पुलिस द्वारा 28 मार्च 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। न्यायालय द्वारा 27 मई 2022 को आरोपियों के विरुद्ध संज्ञान लेकर विचारण प्रारंभ किया गया। कुल छह गवाहों की गवाही न्यायालय में अभियोजन द्वारा कराया गया। विदित हो की सोनपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष अकील अहमद ने 14 अक्टूबर 2021 को गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्तों के घर छापामारी की थी। जहां विभिन्न कंपनियों के अग्रेजी शराब बरामद हुए थे। कुल तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी परंतु दो अभियुक्त ही पकड़े जा सके थे जिनका विचारण हुआ।

## रंगोली और मेहंदी के जरिए लोगों को मतदान के लिए जागरुक कर रही जीविका दीदीयां

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर । आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईश्वरपुर में जीविका दीदीओं ने जागरूकता अभियान चलाया। इस संबंध में प्रखंड परियोजना प्रबंधक गोपाल कुमार झा ने बताया कि विभिन्न सामुदायिक संगठनों में विगत एक माह से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को बताया तथा समझाया जा रहा है। वहीं स्वीप गतिविधि के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत जीविका दीदीओं द्वारा जागरूकता रैली मेहंदी रचो प्रतियोगिता, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता हस्ताक्षर आदि का भी संचालन किया जा रहा है। वहीं उड़ान महिला संकुल सढ़वारा में अध्यक्ष ज्ञान्ती देवी के संचालन में रंगोली, मेहंदी, हस्ताक्षर के साथ 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए शपथ भी दिलाई गई। यह कार्यक्रम प्रखंड के अन्य जगहों महुली,चकहन, शामकौरियां में भी चलाया गया है। इस दौरान वोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल। आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराएं। के भी नारे लगाए गए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर गांवों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 28 अप्रैल, 2024
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### भूगोल विभाग में संगोष्ठी का आयोजन



आरा। वीर कुंवर सिंह विवि के पीजी भूगोल विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ ललित सागर की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी के विषय रोहतास जिला में कृषि प्रारूप एवं प्रादेशिक विकास का भौगोलिक अध्ययन था।वक्ता व अतिथि रूप में रांची विश्वविद्यालय रांची के प्रो जीतेंद्र शुक्ल थे। मौके पर नरेंद्र कुमार सिंह, डॉ नरेंद्र प्रताप पालित, डॉ अम्बरीश राय, शोधार्थी अर्चना कुमारी, डॉ मुन्ना कुमार ज्योति, डॉ बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ आदित्य आनंद सहित अन्य मौजूद थे।

### ई-रिक्सा पर अंकुश नही लगा तो आम आदमी पर खतरा

गया। गया शहर में भारत सरकार एवं बिहार सरकार काफी संख्या में रुपया लगा रही है लेकिन गया शहर में टोटो कोन चला रहा है क्या उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस है कि नही है इसको पुंछने वाला कोई नहीं,इसको अठराह साल से कम उम्र के लोग भी चला रहे हैं लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी कोई खबर नहीं लेते हैं जिससे कही भी अनहोनी की आशंकाएं से भयभीत है शहर वासी, सबसे ज्यादा बाहर से आकर चलाते हैं लोग गया शहर में कोई भी एसा मोड़ नही है जहा जाम की सयस्या नही हो एक तरफ डिवाइडर बनाकर नगर निगम रोड पर और डिवाइडर पर फुटपाथ लगा रही है दुसरी तरफ टोटो घामीटोला मे घुस जाती है जिससे लोगों को काफी पेरशानी आती है वही हर रोड पर यातायात पुलिस की व्यवस्था को दरकिनार भी टोटो चलाई जा रही है। इसपर अंकुश लगाने से बहुत सुंदर दिखाई देगी गया।

### विदेशी महिला से लूट, गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी महिला

गया। गया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ एक विदेशी महिला से कुछ बदमाशों ने 2 लाख रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामला यह बोधगया के वर्मा मंदिर के बाहर घाट लगाए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। बदमाशों की संख्या तीन बताई जा रही है।जिसमें एक लुटरे को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया है। जबकि 2 आरोपी फरार हो गए है। अभी तक लूटे गए 2 लाख कैश की बरामदगी नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक जापानी महिला गया एयरपोर्ट जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान घात लगाए लुटेरों ने पैसे से भरा बैग छीन लिया और फिर फरार हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना की सूचना जब पुलिस को मिली तो, एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर धर दबोचा। शेष तीन लुटेरे भागने में कामयाब हो गए हैं। घात लगाए बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। जिस जापानी महिला के साथ लूट को अंजाम दिया गया है।

### तेल घाणी विकास बोर्ड गठन करने की मांग

औरंगाबाद। अखिल भारतीय तेली महासभा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष सह संपूर्ण वैश्य समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राम बहादुर प्रसाद गुप्ता ने बिहार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास एक अणे मार्ग जाकर उनसे मुलाकात की। उनके साथ 6 सदस्यीय शिष्ट मंडल के रूप में डा रामाधार साहू,विजय विकास, भोला साहू, मुकेश मधुकर, अभिषेक कुमार गुप्ता ने सहभागिता निभाई। शिष्टमंडल ने मुलाकात के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री से बिहार प्रदेश में तेल घाणी विकास बोर्ड एवं वैश्य सुरक्षा आयोग के गठन के लिए पुरजोर तरीके से मांग की।अध्यक्ष डॉ राम बहादुर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज वैश्य समाज जिस तरह से जागरूक हो चुका है ऐसी स्थिति में हमें जितनी हमारी साझेदारी उतनी हमारी राजनीतिक भागीदारी के फामूर्ले को अपना कर हमें हमारा हक मिलना चाहिए।वैश्य सुरक्षा आयोग का यदि गठन हो जाता है तो जिस तरह से आज वैश्य समाज पर अत्याचार किया जा रहा है उससे हमें निजात मिल सकती है।

### समकालीन जवाबदेही का सातवां अंक संस्मरण विशेषांक के रूप में

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले से निकलने वाली प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका समकालीन जवाबदेही 2023 का संस्मरण विशेषांक शीघ्र ही पाठकों के समक्ष उपलब्ध होने वाला है। पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि इस विशेषांक में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित साहित्यकारों की रचनाएं संकलित की गई है।समकालीन जवाबदेही पत्रिका के सह संपादक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि औरंगाबाद जिला जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के पत्रिका निकालना भागीरथी कार्य है। यह सातवां अंक है और संस्मरण विशेषांक के रूप में सजाया गया है। इसके पूर्व निकाले गए छह अंक में दो विशेषांक के रूप में निकली।

# स्वीप के तत्वधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




काराकाट (रोहतास)। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास के निर्देश के आलोक में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में देव पंचायत में पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी के उपस्थिति में स्विप कार्यक्रम के तहत पंचायत के सभी गावों में घर घर जाकर मतदान संवाद कार्यक्रम करते हुये प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।

शनिवार को देव पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय सकला में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। तथा छात्रों को वोटिंग की पूरी प्रक्रिया को समझा गया । बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। जिसमे प्रखंड के विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं कई स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कहा की कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान कराने के साथ महिला मतदाताओं को जागरूक करने का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपस्थित देवाशीष सिंह, अनुज कुमार, रूकसना खातुन, अविनाश कुमार, गुंजेश कुमार सुमन, प्रभावती देवी, आनन्द कुमार सिन्हा, रविरंजन सिंह, बैजनाथ राम, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, मनोज कुमार, छात्र-छात्राओं इत्यादि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# आरा लोकसभा एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी आर.के सिंह कोईलवर पहुँचे

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी आर.के सिंह कोईलवर पहुँचे जहां उन्होंने प्रखण्ड के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया। बैठक में चुनावी चर्चा के बाद आरके सिंह ग्रामीणों के समस्या से रूबरू हुए। इस दौरान नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम ने नगर के मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति की समस्या को उठाया। वही वार्ड 3 निवासी अरविंद ने शालीनता से कहा कि कोईलवर में रेल यात्रियों के लिए भभुआ इंटरसिटी, कुर्ला-पटना और बक्सर-टाटा एक्सप्रेस के ठहराव समेत स्टेशन पर एक यात्री शेड निर्माण करवाने की मांग की। वही अन्य लोगों ने सुरौंधा टापू पर बिजली और पानी की समस्या दूर करने की मांग रखी।सभी समस्याओं को दुरुस्त करने के लिए सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया।मौके पर विनोद राय, नीरज सोलंकी, प्रभाकर सिंह, ऋतुराज,शेखर गुप्ता, शिवकुमार सिंह, मुस्तकीम, लड्डन, विश्यामप्रकाश बिंद, सितानन्द विवेक, पिंटू, रॉकी,समेत नगर के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 200 वर्षों बाद मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा, भव्य भंडारे के साथ हुई पूणार्हुति

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। जिले के पीरो में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया।इसमें बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली।जगदेवपुर गांव में दो सौ साल बाद इस तरह के यज्ञ का सफल आयोजन किया गया। यज्ञ को लेकर पूरे इलाके में माहौल भक्तिमय बना रहा और मंदिर में विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोचारके बीच प्राण प्रतिष्ठा हुआ है इस रुद्र महायज्ञ को लेकर हर रोज भक्तों की भीड़ लगी रहती थी। रुद्र महायज्ञ में काशी से आए वैदिक विद्वानों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंत्रोच्चार से समूचा जगदेवपुर गांव समेत आसपास के गांव गुंजता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके जीवन का इस तरह का यह पहला आयोजन था। और मंदिर के निर्माण के बाद इसमें भगवान भोलेनाथ मां दुर्गा भगवान भास्कर समेत बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गई है जिस्म की एक साथ भक्तगण सभी भगवान का दर्शन कर सकेंगे। जगदेवपुर का ये जयश्री शिवभक्ति मंदिर काफी भव्य है। इसमें शिवलिंग के साथ सूर्य भगवान और बजरंगबली की दिव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं।इसके संयोजक ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण के लिए वे दस वर्षों से ग्रामीणों को जागरूक कर रहे थे। वही आज इस यज्ञ का भव्य भंडारे के साथ पूणार्हुति हुआ जिसमें की हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। लोकसभा चुनाव के मौके पर जगदेवपुर गांव में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि इलेक्शन से इसका कुछ भी लेना-देना नहीं है।ये महज संयोग है, इसका डेट साल भर पहले ही फिक्स किया गया था। वही इस यज्ञ में हर रोज हजारों की संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण पहुंच रहे थे मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के बाद ग्रामीणों की खुशी देखते ही बन रही थी क्योंकि वर्षो की उनकी कठिन तपस्या के बाद यह मौका आया जब मंदिर बनकर तैयार हो गया और सभी देवी देवताओं की मूर्ति उसमें स्थापित भी हो गई।

# नई दिल्ली मे धूमधाम से मना एआईआरएफ का शताब्दी समारोह



आरा। रेलवे के सबसे संगठन "ऑल इण्डिया रेलवेमेंस फेडरेशन" अक्क्रक्र मे 24 अप्रैल को अपना 100 वर्ष पुरा किया! इस अवसर पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम मे 23 से 25 अप्रैल तक भव्य रूप से शताब्दी समारोह मनाया गया! जिसमे देशभर से हजारो रेलकर्मियों ने भाग लिया! जिसमे पूर्व मध्य रेलवे से लगभग 1500 रेलकर्मियों ने ईसीआरकेयू के बैनर तले अपने महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव के नेतृत्व मे स्पेशल ट्रेन से दिल्ली पहुँचे। समारोह का संचालन एआईआरएफ के महामंत्री साथी शिव गोपाल मिश्रा ने की. इस अवसर उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के बाद आठवे वेतन आयोग का गठन और नई पेंशन नीति की खामियों को दूर कर रेलकर्मियों के मांग के अनुरूप कराया जायेगा। समारोह के अंतिम दिन अखिल भारतीय कमिटी का गठन हुआ जिसमे ईसीआरकेयू के महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव को एआईआरएफ का उपाध्यक्ष बनाया गया व एसएसडी मिश्रा को एआईआरएफ कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। इस समारोह मे आरा से शामिल होने वालों मे ईसीआरकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, शाखामंत्री नीरज कुमार सिंह, अशोक कुमार, संजय कुमार दुबे थे।

# डीएम ने वार्ड में बंद पड़े योजनाओं को चालू करवाने के निर्देश

गया।वर्तमान समय मे गया जिला गर्म हवा के साथ 40 से ऊपर के तापमान से गुजर रहा है। इसके साथ ही मौसम विभाग द्वारा भी गर्म हवा, लू संबंधित पूवार्नुमान जारी करते हुए लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। इस मौसम में संभावित होने वाले पेयजल समस्या को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंताओ, सहायक अभियंताओं, कनिये अभियंताओं, सभी संवेदकों एव जिला पंचायती राज विभाग के साथ साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी पंचायतों के टेक्निकल असिस्टेंट भी जुड़े थे। इस बैठक में जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत अक्रियाशील , अपूर्ण वार्डो की जानकारी ली गयी। डीएम ने बताया की पंचायत राज विभाग द्वारा पूर्व में गया जिला के वार्डो का सर्वेक्षण किया गया था।

# विश्वविद्यालय परिसर में शपथ-ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में मतदान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना योजना के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में शपथग्रहण करके वोट के प्रति जागरूकता अभियान एवं वोट के महत्व को स्वयं सेवकों द्वारा बताया गया । यह कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय डा.साधना रावत के निर्देशन में आयोजित किया गया ।इसमें स्नातकोत्तर इकाई की कार्यक्रम पदाधिकारी डा.अंकिता मिश्रा , ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित किया । इसमें कैम्पस अम्बेडकर अंजलि तिवारी ने शपथग्रहण कराया । श्वेता कुमारी, रितु राज,मानसी सिंह , श्रेया सिंह , साधना कुमारी , नेहा कुमारी, शिखा कुमारी, योगेश, अजीत ,अराधना, स्वयं सेवकों नें उत्साह के साथ भाग लिया।

# इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों ने गड़हनी प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रातः किरण संवाददाता



गड़हनी(भोजपुर) ।जिले आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव को ले अगिआंव विधानसभा के गड़हनी प्रखंड क्षेत्र के बड़ौरा पंचायत अन्तर्गत शिवपुर एवं कुरकुरी ,इंचरी,बलिगांव समेत कई गांव-टोलों और चट्टी-बाजारों में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा(माले) उम्मीदवारों आरा संसदीय क्षेत्र के सुदामा प्रसाद और अगिआंव धानसभा क्षेत्र के शिवप्रकाश रंजन ने विभिन्न गांवों में संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया।

जनता से संवाद करते हुए सुदामा प्रसाद ने कहा कि देश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। देश में बेरोजगगारी चरम पर है और महंगाई ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। किसान, मजदूर, छोटे व फुटपाथी दुकानदार समेत सभी मेहनतकश तबकों ने इस बार भाजपा से छुटकारा पाने की ठान लिया है। स्थानीय भाजपा सांसद ऊर्जा मंत्री भी हैं लेकिन आरा में ऊर्जा के क्षेत्र में विकास का एक भी कार्य नहीं हुआ है. उपभोक्ता व किसान महंगी बिजली खरीदने को बाध्य हैं।अगिआंव विधानसभा के उपचुनाव में शिवप्रकाश रंजन के समर्थन में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि भाकपा(माले) विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य व सिंचाई सुविधाओं के लिये सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाती रही है,आंदोलन की धार कम नहीं होने दी जाएगी। भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे के साथ विश्वासघात किया है। छात्र-नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहे इसका करारा जवाब देते हुए आरा लोकसभा और अगिआव विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएँगे।मौके पर माले के प्रखण्ड सचिव सुनील कुमार, राजद राज्य परिषद के सदस्य श्री निवास यादव,प्रमोद गुप्ता,व्यवसायी संघ के जिला सहासचिव राजन, सुनील पासवान, दसई राम, विनोद चौधरी,अंजय मेहता, भूलेटन चौधरी, नागेंद्र यादव, पूर्व मुखिया कृष्णा गुप्ता, आइसा के प्रदेश सचिव सबीर कुमार, अप्पू यादव, मनमोहन कुमार और टुनटुन यादव,डॉ० शेष बहादुर, एमडी निकु, निमोर्ही जी, रोशन कुशवाहा, आईसा के दिल्ली से अंजली कुमारी, आयुष कुमार सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# दिनारा थाना के सेमराडीह गांव समीप पिता समेत पुत्री को मारी गोली

प्रातः किरण संवाददाता



दिनारा (रोहतास ) बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भुई के सेमराडीह गांव के पास शुक्रवार की रात एक पिता और पुत्री को गोली मार दी गई । जिस घटना क्रम में पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जख्मी पुत्री का इलाज गंभीर हालत में ट्रामा सेटर में चल रहा है ।

बताते चलें कि बेटी की शादी के लिए ही पूरा परिवार भलुनी धाम मंदिर जा रहा था,तो रास्तें में ही गोतिया-परिवार के एक सदस्य द्वारा ही वारदात को अंजाम दिया गया । मृतक सेमराडीह गांव के स्वर्गीय चंद्रमा सिंह के 50 वर्षीय पुत्र कुंज बिहारी सिंह बताए जाते हैं जबकि उनकी 19 वर्षीय पुत्री जख्मी निभा कुमारी को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जाया गया । घटना के उपरांत परिवार में कोहराम मच गया है, शादी की खुशियां मातम में बदल गई । घटना के बारे में मृतक के पुत्र ने बताया कि सपरिवार बहन की शादी के लिए भलुनी धाम जा रहे थे, अभी डेढ़- दो किमी ही गए थे, कि गाड़ी रोककर पिता और बहन को गोली मार दिया गया ।

जिसमें पिता की मौत हो गई, और बहन जख्मी हो गई । उन्होंने कहा कि पुराना जमीन को लेकर विवाद था, उसी में गोली मारी गई है । लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ मामला बताया जा रहा है । घटना के उपरांत दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा ले गए, जहां पिता को मृत घोषित किया गया और बहन को रेफर कर दिया गया । बहन का इलाज अभी ट्रामा सेंटर में चल रहा है । इस संदर्भ में बिक्रमंगज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि पिता और पुत्री को गोली मारी गई है, जिसमें पिता की मौत हो गई है, जबकि पुत्री का इलाज अभी चल रहा है । उन्होंने कहा कि घटना को प्रत्येक एंगल से जांच की जा रही है। इस संबंध में दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि गोतिया-परिवार के सदस्य के द्वारा ही गोली मारी गई है । शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार द्वारा अभी आवेदन नहीं दिया गया है,आवेदन मिलने पर उसके अनुसार प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# श्री राधा- कृष्ण एवं शिव-पार्वती मंदिर निर्माण को लेकर रखी गई आधारशिला, बनेगा भव्य मंदिर

प्रातः किरण संवाददाता

गया। विष्णु नगरी गया धाम में श्री राधा कृष्ण एवं शिव पार्वती मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त के अनुसार भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है।स्थानीय नई गोदाम स्थित पीपरपांती चौराहे पर वैदिक पाठशाला मंत्रालय के रामाचार्य पं राजा आचार्या जी के सानिध्य में भक्ति भावना के साथ उनके शिष्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मुख्य यजमान कुमार रोहित एवं उनकी धर्मपत्नी मेघा लाल के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा -अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी है। इस दौरान श्री विष्णुपद वैदिक पाठशाला के बच्चों के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण और विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ से आसपास का माहौल भक्तिमय हो उठा है। पं राजा आचार्य ने कहा की श्री गया गजाधर के धरा-धाम में श्री राधा कृष्ण सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति स्थापना को लेकर मंदिर निर्माण करने की योजना है। जो बड़ा ही हर्ष का विषय है।मंदिर निर्माण से गया क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है।

इस मौके पर रौनियार वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों में काफी उमंग एवं उत्साह देखा गया है।वर्षो से मंदिर निर्माण की बाट जो रहे उक्त प्रस्तावित स्थल पर मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अथक प्रयास से किए गए भूमि पूजन के उपरांत निर्माण कार्य शुभारंभ होने पर समाज के लोगों ने जमकर सराहना की है।

मंदिर जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि नई गोदाम मोहल्ले में प्राचीन काल से देवी- देवताओं के मंदिर हैं,जो हमारे पूर्वजों से मिली है। इस ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और विकसित करना हमारा कर्तव्य बनता है इसी उद्देश्य को लेकर के नए और आधुनिक रूप में राधा कृष्ण जी एवं शिव-पार्वती का भव्य और आकर्षक मंदिर बनाया जाएगा। जो श्रद्धालुओं के लिए दर्शनीय और आस्था का केंद्र रहेगा। भूमि पूजन के बाद लोगों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया है।मंदिर जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि मंदिर निर्माण होना हम सबों के लिए खुशी की बात है। मंदिर निर्माण के लिए सभी सनातन धर्मावलंबी सहयोग देकर यश के भागी बनें।पुरे इलाके की सफाई वार्ड पार्षद डिम्पल कुमार सुबह से ही करवाई एवं चुना का छिड़काव करवाई है।

# शहर समेत जिले के 162 गांवों में बनेगा मास्टर प्लान

प्रातः किरण संवाददाता



गया। शहर समेत जिले के 162 गांवों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, इसके द्वारा आम लोगों की जरूरत का खासा ध्यान रखा जाएगा,गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई है इसमें गया आयोजन क्षेत्र के जीआइएस मास्टर प्लान निर्माण के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा चयनित एजेंसी स्टेसीलाइट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता के साथ बैठक की गई है।इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समस्यायों जैसे मे की जाम की सयस्या,पेयजल,गया नगर के आस पास क्षेत्र का समग्र विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है,गया आयोजना क्षेत्र के विकास के लिए अर्बन ग्रोथ सेटर का निर्माण किया जाएगा, मास्टर प्लान के द्वारा आयोजना क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, नगर आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गया आयोजन क्षेत्र के द्वारा एजेंसी से एक कलमबद्ध और चरणबद्ध प्रतिवेदन और अब तक किये गये कामो का विस्तृत जानकारी की मांग की गई है।

गया आयोजना क्षेत्र के मास्टर प्लान के लिए सहायक टाउन प्लान पर्यवेक्षक अंकिता को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नगर प्रबंधक आसिफ सिराज को वरियप्रभार मे रहेंगे, नगर आयुक्त ने आगे बताया कि गया आयोजना क्षेत्र के विकास गया की आम जनता के लिए ईजी आफ लिविंग सूचकांक में प्रगति आएगी,गया नगर निगम का मास्टर प्लान अमृत योजना के दिए हुए दिशा निर्देश और नीती आयोग की आधुनिक शहरी विकास के बारिकीयो को ध्यान में रखकर किया जाएगा, नगर आयुक्त आगे यह भी बताया की शीघ्र गया आयोजना क्षेत्र के विकास से संबंधित विभागों के साथ बैठक कि जाएगी।

# व्यक्तिगत एवं सामूहिक जीवन में शान्ति ही आदर्श मानव समाज की पहचान

औरंगाबाद। औरंगाबाद से बांग्लादेश आनंदमार्ग धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने गए आनंद मार्ग के प्रतिनिधि सेक्टोरियल सेक्रेटरी आचार्य परमानंद अवधूत एवं आचार्य पुष्पेंद्रनंद अवधूत के प्रयास से बांग्लादेश श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख दादा का प्रतिनिधित्व करने बांग्लादेश धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने गए सीनियर पुरोधा आचार्य विमलानंद अवधूत बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हिस्टोरिकल रामना काली मंदिर, ढाका यूनिवर्सिटी के पास में आयोजित किया गया आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया। किसी कारणवश श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत बांग्लादेश नहीं जा सके उनके प्रतिनिधित्व के लिए वरिष्ठ पुरोधा आचार्य विमलानंद अवधूत को धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने के लिए संस्था की ओर से भेजा गया।

# पराली जलाने के आरोप में 21 किसानों के पंजीकरण को किया गया अवरूद्ध

प्रातः किरण संवाददाता



गया। जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा दिये गये निर्देष के आलोक में दिनांक 26 को जिला कृषि पदाधिकारी, गया के द्वारा फसल अवशेष पराली जलाने की घटना पर सतत निगरानी रखने हेतु बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देष दिया गया है। बिना जिला प्रषासन के अनुमति पत्र पास के कम्बाईन हार्वेस्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देष दिया गया है। इसके साथ ही बार-बार अनुरोध के बावजूद जिन किसानों द्वारा फसल अवषेष पराली जलाया जा रहा है, उन किसानों का पंजीकरण अवरुद्ध करते हुये पर्यावरण प्रदुषित करने के आरोप में उनके विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देष दिया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले 4 कृषि समन्वयक, 1 सहायक तकनीकी प्रबंधक का वेतन अवरुद्ध किया गया है। जिन पंचायतों में फसल अवषेष पराली जलाने की घटना प्रकाष में आती है तो संबंधित पंचायत के कृषि कर्मियों के विरुद्ध आरोप गठित कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कुछ हठधर्मी किसान फसल अवशेष जलाने से बाज नही आ रहे है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हमारी मिट्टी में पहले से ही जैविक कार्बन कम है। फसल अवशेष जलाने से जैविक कार्बन भी जलकर नष्ट हो जाते है। जिन खेतो में फसल अवशेष जलाया जाता है, उन खेतो में मौजूद सभी लाभदायक सुक्ष्मजीवी भी मर जाते है। फसल अवशेष जलाने से सांस लेने में तकलीफ, आँखो में जलन तथा नाक एवं गले की समस्या बढ़ती है। इस संबंध में बार-बार जागरूक करने के बावजूद कुछ किसान फसल अवशेष जला देते है। फसल अवशेष जलाने वाले किसानों का पंजीकरण संख्या अवरूद्ध ;ठसवबाद्ध कर दिया गया है। कसान अपने पंजीकरण संख्या की सहायता से ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान, कृषि इनपुट अनुदान, बीज अनुदान, कृषि यंत्रो पर अनुदान ले सकता है। इसके अलावा पैक्सों को धान,गेंहूँ आदि की बिक्री हेतु आनलाइन सिर्फ वे किसान कर सकते हैं, जिन्हे किसान पंजीकरण संख्या कृषि विभाग से आवंटित है। फसल अवशेष जलाने के कारण जिन किसानों का पंजीकरण अवरूद्ध ;ठसवबाद्ध कर दिया गया है।वे अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि विभाग की किसी भी योजना का लाभ नही ले सकेंगे, न ही वे अपने गेहूँ की बिक्री पैक्सों को कर सकेंगे।

# डीएम ने की धान एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में धान एवं गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिसमें धान अधिप्राप्ति कार्य के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में अभी तक कुल 326 पैक्स ,व्यापार मंडलों द्वारा 18819 किसानों से 126908.265 मे0 टन धान का खरीद किया गया है।

खरीद किये गये धान के समतुल्य 86297.620 मे0 टन सी०एम०आर० की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को किया जाना है। जिसमें अबतक 65125.330 मे0टन 75.50 प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति की जा चुकी है। शेष बचे सी०एम०आर० की आपूर्ति ससमय समितियों द्वारा कर दिया जायेगा। सी०एम०आर० आपूर्ति में मोहनपुर, बांकेबाजार, मोहडा, फतेहपुर, डोभी प्रखंडों में जिला के औसत से कम आपूर्ति रहने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सक्रियतापूर्वक कार्य करते हुये सी०एम०आर० आपूर्ति में तेजी लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्ययोजना तैयार कर 31.05 तक शत प्रतिशत सी०एम०आर० की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। इस समीक्षा के दौरान बताया गया कि डोभी स्थित हनुमान राइस मिल की काफी ज्यादा शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस मिल में 06 पैक्स टैग हैं। मिल लगातार चालू नही रहता है। प्रायः मिल को बंद ही रखा जाता है। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी को निर्देश दिया कि इस हनुमान मिल की विस्तृत जांच करते हुए रिपोर्ट भेजे। मालूम हो कि 52 लौट सीएमआर अब तक लंबित है। रब्बी विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि जिला में अभीतक कुल 896 किसानों द्वारा गेहूँ बिक्री हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। जिला में कुल 62 समितियों का चयन किया जा चुका है एवं 05 समितियों में 06 किसानों से 24.300 मे०टन गेहूं की खरीद की गई है। आज की बैठक में अन्य 264 समितियों का चयन भी जिला टास्क फोर्स द्वारा किया गया।

# मुंबई शिफ्ट हो रहे यूट्यूब सेंसेशन भुवन



एक्टर और यूट्यूब सेंसेशन भुवन बाम दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर रहे हैं। उनका मानना है कि शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। भुवन वर्तमान में ताजा खबर 2 के प्रोजेक्ट की शूटिंग में काफी बिजी हैं। भुवन ने कहा, मैं मुंबई में अपने करियर के इस नए चैप्टर को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। मैंने हमेशा मुंबई की वाइब्रेंट एनर्जी देखी है और उसकी ओर आकर्षित रहा हूं, और अब, चूंकि मेरा काम यहां ज्यादा रहता है, इसलिए मुझे यहां शिफ्ट होना सही लगा। हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित और हुसैन और अब्बास दलाल की जोड़ी द्वारा लिखित ताजा खबर 2 में महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बीबी की वाइन्स प्रोडक्शंस के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित, ताजा खबर 2 जल्द ही डिज्नी+हॉटस्टार पर आएगी।



# पति सूर्या के मनाने पर श्रीकांत में काम करने को तैयार हुईं ज्योतिका

**ज्योतिका** बीते दिनों फिल्म शैतान में नजर आई थीं। अब उनकी अगली फिल्म श्रीकांत भी रिलीज को तैयार है। श्रीकांत के निर्देशक ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि ज्योतिका ने पहले फिल्म करने से इनकार कर दिया था। अभिनेत्री ज्योतिका फिल्मी दुनिया की जानी-मानी हस्ती हैं। उन्होंने हिंदी, तामिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। हाल में ही वह अभिनेता अजय देवगन और माधवन के साथ शैता में नजर आई थीं। इस फिल्म से उन्होंने हिंदी सिनेमा में वापसी की थी। ज्योतिका, राजकुमार राव की आगामी फिल्म श्रीकांत में एक बार फिर से पर्दे पर नजर आने वाली हैं। हालांकि, इस फिल्म के लिए उन्होंने शैतान से पहले ही हामी भर दी थी। शैतान के बाद ज्योतिका तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित श्रीकांत में दिखने वाली हैं।

इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी नजर आएंगे, जो फिल्म में श्रीकांत का रोल अदा कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में तुषार ने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए ज्योतिका को उनके पति सूर्या ने राजी किया था। सूर्या साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। उन्हें साल 2020 में फिल्म सोरारई पोटरू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्टीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुका है।

### ज्योतिका ने श्रीकांत को कर दिया था मना

फिल्म श्रीकांत के निर्देशक ने बताया कि वे ज्योतिका के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने ज्योतिका की कई तामिल फिल्में देखीं थीं। उन्हें हमेशा से लगता था कि ज्योतिका एक बेहतरीन अदाकारा हैं। जब तुषार फिल्म में शिक्षिका के किरदार को लेकर अभिनेत्री के पास पहुंचे तो उन्होंने ये किरदार करने से मना कर दिया। ज्योतिका ने उन्हें ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वह इस किरदार को नही निभा पाएंगी। इसके अगले दिन ही अभिनेत्री ने उन्हें वापस से फोन कर घर बुलाया और फिल्म के लिए हां कर दी।



# निमरत कौर ने आगामी फिल्म की बारें में बात की

**अपने** अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी एक्ट्रेस निम्रत कौर ने बताया कि रात की शूटिंग के बारे में सबसे अच्छा क्या है। निम्रत मुंबई के मड आइलैंड पर शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पानी, जो नीला दिखाई दे रहा है और उगते सूरज की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने इसे कैप्शन दिया, रात की शूटिंग का एकमात्र अच्छा हिस्सा। हालांकि एक्ट्रेस ने मड आइलैंड पर अपनी शूटिंग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

# प्रियंका ने किराए पर दिया पुणे वाला बंगला



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनकी फैमिली ने अपना पुणे वाला बंगला किराए पर दे दिया है? । प्रियंका और उनके पति निक ने पिछले साल मुंबई वाले अपने दो पेंटहाउस भी बेच दिए थे। जानिए प्रियंका और परिवार को हर महीने इस बंगले का कितना किराया मिलेगा। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपना पुणे स्थित बंगला किराए पर दे दिया है, और अब इससे हर महीने वह लाखों रुपये की कमाई करेंगी। प्रियंका के परिवार ने यह बंगला द अर्बन नोमैड्स कम्युनिटी प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म को 2 लाख रुपये प्रति महीने किराए पर दिया है। एक्ट्रेस की मां मधु चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ ने इस फर्म के साथ डील साइन की। मधु चोपड़ा और सिद्धार्थ ने 21 मार्च को रजिस्ट्री करवाई थी। फर्म ने प्रियंका के परिवार को इस बंगले के लिए 6 लाख रुपये का डिपॉजिट भी दिया। अब यह हर महीने 2.06 लाख का किराया भी देगी।

### प्रियंका के पुणे वाले बंगले का एरिया

यह बंगला पुणे के कोरेगांव पार्क में स्थित है। इसका आकार यानी प्लॉट साइज 3754 स्क्वायर फुट है, जबकि ग्राउंड फ्लोर 2180 स्क्वायर फुट, बेसमेंट एरिया 950 स्क्वायर फुट और गार्डन एरिया 2232 स्क्वायर फुट है। वहीं, पार्किंग एरिया 400 स्क्वायर फुट है। मालूम हो कि साल 2023 में प्रियंका चोपड़ा और पति निक जोनस ने ओशिवाड़ा के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दो पेंटहाउस 6 करोड़ रुपये में बेच दिए थे। इनका बिल्ट-अप एरिया 2,292 स्क्वायर फुट था।

# रवि किशन को मिली राहत

● कोर्ट ने खारिज की बेटी का दावा करने वाली शिनोवा की अर्जी



**भोजपुरी** अभिनेता और बीजेपी नेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में डिंडोशी कोर्ट की ओर से राहत मिल गई है। भोजपरी अभिनेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। मुंबई की डिंडोशी कोर्ट ने शिनोवा नाम की महिला की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें महिला ने अभिनेता रवि किशन के डीएनए टेस्ट करवाने की मांग की थी। शिनोवा शुक्ला की उम्र 25 साल है। शिनोवा खुद को रवि किशन की बेटी बता रही थी। इस बात को साबित करने के लिए महिला ने अभिनेता के डीएनए टेस्ट की मांग की थी, जिसको कोर्ट ने अब खारिज कर दिया है।



# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

**एक्ट्रेस** व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है।

एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।



# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**लाखों** फॉलोअर बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।

सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब खबर आ रही है कि उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है।

### कैंसर के नाम पर जुटाए फॉलोअर

बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।

इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।

# काजोल ने वर्कआउट की तस्वीर की शेयर



**काजोल** ने इंस्टाग्राम पर अपनी पिलेट्स क्लासेस से वर्कआउट की एक मजेदार तस्वीर शेयर की और फैंस से पूछा कि वे यह बताएं उनकी यह तस्वीर एक्सरसाइज से पहले की है या बाद की। फोटो में एक्ट्रेस एथलीजर और सनग्लासेज पहने पिलेट्स मशीन पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चूंकि हर कोई जानना चाहता है कि मेरा वर्कआउट कैसा दिखता है... यहां एक तस्वीर है... अब बताओ ये वर्कआउट के पहले की है या बाद की। वर्कफ्रंट की बात करें तो, काजोल जल्द ही कृति सेनन और शाहीर शेख के साथ दो पत्ती में दिखाई देंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, यह रहस्य थ्रिलर फिल्म उत्तर भारत की पहाड़ियों में स्थापित एक मनोरम कहानी को दर्शाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बगीचे में आग से आम सहित अन्य कई वृक्ष को हानि

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पहाड़पुर गांव के वार्ड नंबर 12 स्थित बगीचे में और सामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाए जाने से 200 से अधिक पेड़ को नुकसान पहुंचा है किसन धनंजय कुमार सिंह प्रवेश कुमार विक्रम कुमार सिंह मुकेश कुमार सिंह अरुण कुमार सिंह के बगीचे में आग लगाए जाने से शीशम सागवान महोगनी गला हर बाबुल सहित आम अज्ञात के द्वारा आग लगाए जाने से कई वृक्ष आग की चपेट में आने से झुलस गए फायर बिग्रेड दस्ते ने आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे बगीचे के मालिक ने सीओ को आवेदन देकर पेड़ों के हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है।

### कूड़ा जलाने से लगी आग, हादसा होते-होते बचा

बरियारपुर (मुंगेर)। मध्यरात्री मे कुड़ा जलाने से लगी आग भयंकर हादशा होते होते बची। घटना के सम्बंध मे बताया गया है कि माणीक मार्केट के समीप जमा कुड़ा के ढेर मे किसी ने आग लगा दिया। आग की लपक देख राहगीरों ने अग्नि शामक दल को सूचीत कर दिया। अग्नि शामक दल ने आग पर काबु पाया। इस सम्बन्ध मे धनंजय कुमार ने बताया कि मध्य रात्री मे अगर आग विक्राल रुप धारण कर लेती तो माणीक मार्केट नही बच पाता।

### बटवारा के मामले में नोटिस जारी

बरियारपुर (मुंगेर) बरियारपुर थाना प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया अध्यक्षता एस आई पुजा कुमारी ने किया। जहां पुर्व से कोई विवाद लम्बित नही रहने के कारण नये विवाद के रुप मे पड़िया पंचायत से एक बटवारे के लिये विवाद आया। आवेदक आशादेवी पति चन्देश्वरी यादव, हिमांशु प्रसाद पंकज, रेखा देवी पति श्याम सुन्दर यादव, दिपक कुमार पिता अनिरुद्ध प्रसाद यादव सभी साकिनान पड़िया। इस विवाद मे द्वितीय पक्ष के उपस्थित नही होने के कारण द्वितीय पक्ष को नोटिस भेजकर उपस्थित रहने को आदेश जारी किया गया है।

### स्वीप गतिविधि के तहत कार्यक्रम आयोजित

मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में मतदाता जागरुकता के लिए लगातार स्वीप गतिविधि के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को धरहरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्र सं० - 90 मध्य विद्यालय गोरैया को प्राथमिक विद्यालय इनरवाटांड़ (उत्तरी भाग) और मतदान केन्द्र सं०-91 सखौल को प्राथमिक विद्यालय इनरवाटांड़ प्राथमिक विद्यालय सखौल (दक्षिणी भाग) में स्थानांतरित किया गया है। इस अवसर पर शनिवार को मध्य विद्यालय गोरैया और प्राथमिक विद्यालय सखौल में स्वीप कोषांग के द्वारा नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों पर स्वीप आईकॉन सुश्री श्रीजा सेन गुप्ता के नेतृत्व प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश नारे के माध्यम से दिए जा रहे थे, साथ ही उन्हें आगामी 13 मई को होने वाले मतदान के दिन हर हाल में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### निर्वाचन आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को मुंगेर लोकसभा के लिए भेजा

मुंगेर। लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए 28 - मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक का आगमन हो चुका है, जिनका आवासन जिला अतिथि गृह मुंगेर में किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि 28 - मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में विजया कृष्णन भा.प्र.से. को प्रतिनियुक्त किया गया है। इनसे सम्पर्क हेतु मोबाइल संख्या 8434050654 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं पुलिस प्रेक्षक के रूप में देवराज डी भा.पु.से. की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिनका मोबाइल सम्पर्क संख्या 8757742404 है।

### जिला निर्वाचित पदाधिकारी ने मतदान का समय बदला

मुंगेर। 28 - मुंगेर लोक सभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 167 - सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर पूर्व में मतदान का समय सुबह 7 बजे से संध्या 4 बजे तक निर्धारित किया गया था। जिसमें संशोधन कर किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार ने बताया कि 167 - सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 1-112, 122-128, 134-163, 167-169, 171, 172, 192, 193, 225-271, 273, 275, 276, 279-285, 296, 297, 300, 301, 315-317, 319-323, 326, 328-331 पर मतदान सुबह 7 बजे से संध्या 6 बजे तक कराया जाएगा, जबकि शेष बचे 119 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कार्य कराया जाएगा।

# सामान्य पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन तैयारी की गई समीक्षा बैठक

प्रात: किरण ब्यूरो




मुंगेर। लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत चौथे चरण में मुंगेर लोक सभा संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में सामान्य प्रेक्षक विजया कृष्णन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा मुंगेर लोक सभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी विधान सभा सीटों पर होने वाले तैयारियों के विषय में बिंदु वार जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त निखिल धनराज निपणीकर, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सहित मुंगेर, लखीसराय, बाढ़ एवं मोकामा के अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, मुंगेर राजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक द्वारा ईवीएम कमीशनिंग की जानकारी ली गयी।

जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुंगेर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 165 - मुंगेर तथा 166 - जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के ईवीएम कमीशनिंग का कार्य आरडी एंड डीजे कॉलेज में किया जा रहा है। साथ ही डीजे कॉलेज में ही ईवीएम डिस्पैच सेंटर का निर्माण किया गया है। वहीं 167 - सूर्यगढ़ा विधान सभा क्षेत्र के लिए डिस्पैच सेंटर आर लाल कॉलेज तथा 168 - लखीसराय विधान सभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर खेल भवन लखीसराय में बनाया गया है। प्रेक्षक द्वारा पोस्टल बैलेट, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उन्हें बताया गया कि सभी नक्सल प्रभावित बूथों का संबंधित पदाधिकारियों द्वारा भ्रमण तथा निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी विधान सभा क्षेत्रों में अवस्थित बूथों पर भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान के दिन मतदाताओं के लिए शेड निर्माण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं यथाः पेयजल, बिजली की आपूर्ति, दिव्यांगजन के लिए व्हील चेयर, सहित चिकित्सा सुविधा की भी समुचित व्यवस्थाएं की जाएगी। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतदान को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बलों की व्यवस्था की गयी है। साथ ही सभी बूथों तथा नक्सल प्रभावित बूथों को भी चिन्हित कर लिया गया है। नक्सल प्रभावित बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की व्यवस्था की गयी है, ताकि मतदान को सफलता पूर्वक शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विधान सभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से लगातार गुगल मीटर के माध्यम से निर्वाचन की पूरी जानकारी ली जा रही है। प्रेक्षक द्वारा सभी एआरओ को प्रत्येक दिन के कार्रवाई की अद्यतन जानकारी संबंधी डेटा/रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है और इसे सफलता पूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गाईड लाइन के तहत ही सभी कार्य पूर्ण किए जाने हैं। उन्होंने सभी एआरओ को आगामी 6 मई तक डिस्पैच सेंटर संबंधी सभी डेटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही डिस्पैच प्लान, ट्रेंनिंग शिड्यूल्ड संबंधी सभी जानकारी प्रत्येक दिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व सभी बूथों पर कार्यरत वीडियोग्राफर के साथ एक ब्रिफिंग बैठक जरूर कर लिया जाए तथा उन्हें वीडियोग्राफी कैसी करनी है से संबंधी पूरी जानकारी अवश्य दे दें। वीडियोग्राफर द्वारा क्या-क्या आवश्यक वीडियोग्राफी की जानी उसकी जानकारी उन्हें हर हाल में दें, ताकि वे मतदान के दिन उसी तरीके से वीडियोग्राफी करें। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर यह भी अवश्य देखें मतदाता मतदान हेतु किस पहचान पत्र का उपयोग कर रहे हैं। यदि मतदाता वोटर आई कार्ड के अलावे किसी अन्य (मान्यता प्राप्त जरूरी) दस्तावेज को दिखाकर मतदान कर रहे हैं तो उनसे यह भी अवश्य जानकारी लें के उन्होंने अब तक अपना मतदाता पहचान पत्र क्यों नहीं बनाया है और इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अथवा उप निर्वाचन पदाधिकारी को भी अवश्य उपलब्ध कराएं। लो वीटीआर वाले बूथों पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराते रहें, ताकि मतदाता मतदान के प्रति जागरूक हों और मतदान के दिन मतदान के प्रतिशत में इसका इजाफा भी दिखे।

## जैविक खाद उत्पादन के लिए किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को अब घर पर ही जैविक खाद बनाकर जैविक खेती करना शुरू कर दिया है जैविक खेती का असर इस बार खरीफ फसल में देखने को मिला सकता है। सरकार भी इसके प्रति संवेदनशील है जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मुंगेर जिले के जैविक कॉरिडोर योजना के बाद अब जैविक खाद्य प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत इस योजना को सरकार ने मंजूरी दी है इस गोबर कचरा आदि से वर्मी कंपोस्ट यूनिट लगाकर खाद तैयार करने वाला लागत का 50 फीसदी राशि अनुदान देगी जिला कृषि कार्यालय के अनुसार जिले में लगभग 246 यूनिट जैविक खाद के लिए स्वीकृति दी गई है जिला जैविक प्रभारी नालनी कुमार पंकज ने बताया कि मुंगेर में जैविक कॉरिडोर योजना के तहत जैविक खेती की जा रही है।

रबी फसल में 20 से 25% तक किसानों ने जैविक खाद का इस्तेमाल किया है इससे उपजी दर में वृद्धि भी हुई है और लागत भी काम आई है किसानों को जैविक खाद के प्रयोग को लेकर प्रोत्साहित की जा रही है इसके लिए किसानों को सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है 5000 तक किसानों को मिलेगा अनुदान की राशि जैविक प्रभारी नालनी कुमार पंकज ने बताया कि इस योजना के तहत जैविक खाद तैयार करने के लिए तीन देश का निर्माण पर 10000 की लागत आती है किस गोबर और घर के कचरे जैसे सब्जियों के टुकड़े सवाल के जैविक खाद तैयार कर सकेंगे सभी प्रखंडों में इस योजना का काम शुरू हो गया है किसानों को खुद से तीन पक्का बेड बनाना होगा इस पर 10000 खर्च होंगे इसमें 5000 की राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी पशुपालक मवेशी का गोबर एवं घर के कचरे को बेड में डालकर जैविक खाद बनाएंगे संबंधित लाभार्थी न्यूनतम 10 वर्षो तक डेट का उपयोग करेंगे विभाग के अधिकारी जैविक खाद यूनिट का निरीक्षण करेंगे इसके बाद संबंध किस के खाते में अनुदान के 5000 की राशि भेज दी जाएगी।

## मतदाता ने निर्वाचन का जमकर किया विरोध

प्रात: किरण/भरत पोद्दार



शाहकुंड (भागलपुर)। बांका लोकसभा परिक्षेत्र अंतर्गत सुलतानगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरहा गाँव स्थित सभी मतदान केंद्रों पर स्थानीय मतदाता ने अपना विरोध जताया है। गांव में पुल नहीं तो वोट नहीं को लेकर अपना कड़ा रुख अपनाते हुए ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। इस दौरान गांव के मतदाता ने वोट न करने के साथ साथ निर्वाचन का कड़ा विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि जिलाधिकारी के इस गांव में आने पर और पुल निर्माण का अस्वाशन मिलने के बाद ही वोट करने की बात कही गई थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा गांव के ग्रामीणों के इस फरियाद को अनसुना कर दिया। जिसके बाद देर शाम तक ग्रामीणों ने एक भी वोटिंग नही की। वही ग्रामीणों ने बताया कि गांव मार्ग के बीच में पुल नहीं रहने पर चचरी पुल अपने खर्च पर निर्माण के बाद उक्त पुल की मदद से आवागमन करते हैं, गांव में बने बूथ पर मौजूद कर्मी भी इसी पुल के सहयोग लेकर मतदान कराने आते है। जिसके कारण हम ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य की मांग को लेकर कई बार अपील की गई हैं। वही गांव मार्ग में पुल नही रहने के वजह से क्षेत्र के सभी ग्रामीण मतदाताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

वही उन्होंने बताया कि पुल की मांग को लेकर काफी लंबे समय से स्थानीय विधायक, सांसद व जिला प्रशासन तक को समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन ग्रामीणों के सभी लोगों के समक्ष अपनी व्यथा सुनाने व कहने के बाबजूद अबतक गांव में पुल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वही ग्रामीणों ने कहा कि जब क्षेत्र का विकास ही नही हो सकता है, तो मतदाता करने को लेकर जिला प्रशासन को आवश्यकता ही क्यों है। यही वजह है कि हम ग्रामीण अपने मतदान न करने के संकल्प के साथ निर्वाचन का विरोध की बात कही है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में स्थानीय सरकारी तंत्र में जुड़े कर्मियों में सेविका, शिक्षकोत्तर कर्मी व जीविका दीदी के साथ साथ अन्य सरकारी संस्थान में कार्यरत लोगों ने ही मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया है। इस दौरान ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने के बावजूद अपने इरादे पर अडिग दिखे थे।

## जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद भी नही दिखा जागरूकता का असर

### मतदाता के घरों तक नहीं पहुंचा मतदान पर्ची, मतदाता अपने घर से निकल कर पर्ची खोज में काफी दिखे परेशान

प्रात: किरण/भरत पोद्दार



शाहकुंड (भागलपुर)। दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से तमाम व्यवस्था की गई थी, इसी कड़ी में जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये थे। उसके आदेशों के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारी के द्वारा कई लोगों के उनके घरों तक मतदान पर्ची वितरण नहीं किया जा सका है।

जिससे क्षेत्र गांव इलाके के सैकड़ो मतदाताओं को अपने मतदान पर्चियों को खोजबीन करने व उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। क्षेत्र के कई जगह पर वोट बहिष्कार की सूचना सामने आने के बाद उक्त संबंधित गांव में अपनी पहुंच बनाने के साथ मतदाता जागरूकता पैदा करने की दिशा में लगातार संपर्क स्थापित करने के भी निर्देश दिये थे। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से वोटिंग प्रतिशत बढ़ोतरी की दिशा में तमाम व्यवस्था के दाबे के साथ कई क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता को लेकर काफी प्रचार प्रसार भी किया गया था, ताकि मतदान को लेकर मतदाताओं को कोई असुविधा महसूस न हो सकें और इसका विशेष ख्याल रखा गया है इस बात से मतदाता को अवतग करना सुनिश्चित था। वही दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का भी व्यवस्था की गई थी, साथ ही हिट वेब से बचने के लिए जिला प्रशासन की ओर से टेंट लगाकर ठहरने का भी व्यवस्था किया था, उसके बावजूद भी संबंधित जिम्मेदार बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची मुहैया नहीं करा पायी, जिससे की वोटिंग प्रतिशत में प्रत्यक्ष रूप में काफी गिरावट देखने को मिली है। ज्ञात हो कि बिहार के पांच जिलों में लोकसभा चुनाव के दूतीय चरण में मतदान सम्पन्न हो गया है, जिसमें सबसे कम वोटिंग की संख्या प्रतिशत भागलपुर जिला का रहा है। इस बड़ी चूक को लेकर स्थानीय प्रशासन के लापरवाही बरतने की बात ग्रामीण इलाके से निकल कर सामने आती दिख रही हैं।

वही निर्वाचन क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान को लेकर भेजी गई, लेकिन जागरूकता रथ वाहन मुख्य सड़कों पर पर ही देखी गई, वाहन न तो वह ग्रामीण क्षेत्र के गांव इलाकों से गुजरी न ही कोई मतदान की कोई पर्ची बाटी गई। जिसका प्रत्यक्ष रूप में सीधा असर मतदान केंद्र पर देखने को मिला था। अब देखने वाली बात है कि जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की लापरवाही बरतने के आलोक में अपने संबंधित चुनाव पदाधिकारी कार्य रवैया को लेकर क्या रुख इख्तियार कर कौन सी कार्रवाई निति अपनाती नजर आती हैं ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना चल रहा है।

## मतदान केंद्र पर पहुंच अपने परिवार संग बक्सर सांसद ने किया मतदान

प्रात: किरण/ कुंदन कुमार राज



भागलपुर। लोकसभा आम चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग करने हेतू भाजपा दल के वरिष्ठ नेता सह बक्सर के सांसद अश्वनी कुमार चौबे अपने परिवार के साथ भागलपुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने दूसरे चरण के लोक सभा आम चुनाव में अपना मत का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने आदर्श मतदान केंद्र दुर्गा चरण हाई स्कूल के प्रांगण में पहुंच कर अपने परिवार संग वोट किया। इस दौरान अश्वनी चौबे ने मतदान की सारी प्रक्रिया को पूरी कर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने मीडिया प्रतिनिधि के समक्ष अपनी मतदान की बात साझा करते हुए कहा कि सभी को अपना मत का प्रयोग करना चाहिए, जिससे देश के निर्माण में अपना हिस्सेदारी निभाने के साथ अपना कर्तव्य पालन चाहिए। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि इस बार बिहार में 400 और देशभर में 4000 से बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार में होगी। वही उनके टिकट नहीं मिलने के बात पर अपनी नाराजगी के सवाल पर जब पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि इससे मुझे कोई एतराज नहीं है, कल भी मैं लोगों का सेवा कर रहा था, और आज भी मैं कर रहा हूं, और आगे भी बिना टिकट मिले भी करता रहूंगा। वही उन्होंने कहा कि मेरे लिए स्वाभिमान से बढ़कर टिकट नहीं हो सकता है, में जनता के बीच उनके सहयोगी के रूप में बना रहूंगा। वही लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों से निकल कर अपने लोकतांत्रिक शक्ति को मजबूत करने पर जोड़ दे और देश विकास में अपना सार्थक योगदान दे।

## केएसबी लिमिटेड ने साल की पहली तिमाही में दिखी अच्छी प्रगति और स्थिरता

पटना। पंप और वाल्व के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली केएसबी लिमिटेड ने वर्ष 2024 की पहली तिमाही में अपने कामकाज में अच्छी प्रगति दर्शाई है। इस दौरान उसकी बिक्री राजस्व 544.2 करोड़ रुपए हो गई है, जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही के मुकाबले 11 प्रतिशत ज्यादा है। सोलर विभाग में भी कंपनी काफी प्रगति दिखा रही है। महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी से 2500 सौर जल पंपिंग प्रणालियों के लिए 63 करोड़ रुपए की पीएम-कुसुम -कक्क योजना के तहत क्रय आदेश प्राप्त हुआ। न्यूक्लियर प्लांट में काम आने वाले लाइट वाटर एप्लीकेशन में कंपनी के हालिया विस्तार कार्यक्रम को अच्छी सफलता मिल रही है। केएसबी सऊदी से 11 करोड़ रुपए मूल्य की डी-सेलिनेशन (निर्लवण) परियोजना के लिए पहला ऑर्डर प्राप्त हुआ। एनर्जी सेगमेंट ने 50 करोड़ रुपए के ऑर्डर का लक्ष्य पार कर लिया। इसमें प्रमुख ऑर्डर जनरल इलेक्ट्रिक से 4.1 करोड़ रुपए एफजीडी और हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड से एचजी पंप के लिए 5.6 करोड़ रुपए के हैं। वित्तीय वर्ष 2024 की एक शानदार शुरूआत हुई है और हमारा पूरे वित्त वर्ष के लिए आत्मविश्वास बढ़ा है। केएसबी अपने सभी हितधारकों के लिए उत्कृष्टता, स्थिरता और स्थायी मूल्य बनाने के प्रति आशावादी और पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## बोलेरो गाड़ी खाई में पलटी, चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

प्रात: किरण संवाददाता



शाहकुंड (भागलपुर)। इन दिनों सड़क हादसों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक और सड़क दुघर्टना के घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार शाहकुंड थाना परिक्षेत्र अंतर्गत लत्तीपुर धमना नदी के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर एक ब्लेरो वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ब्लेरो चालक तेज गति में रहने के कारण अपना संतुलन को दिया और ब्लेरो वाहन को लेकर पलटी मार खाई में जा गिरी है। इस घटना क्रम में ब्लेरो चालक गंभीर रूप से चोटिल होने के साथ जख्मी व घायल हो गया है। वही घटना के बाद आसपास के स्थानीय ग्रामीणों व अन्य राहगीर की मदद से आनन फानन में चालक को ब्लेरो से निकाल कर त्वरित इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहकुंड लेजाया गया। जहां चिकिसक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना के क्रम में घायल चालक की पहचान अभिषेक कुमार पिता रविंद्र यादव घर कसवा खेरही शाहकुंड के रूप में बतायी जा रही है। वही दूसरी तरफ ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय शाहकुंड थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है, साथ ही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ब्लेरो वाहन को अपने कब्जे में लेलिया है।

## आर के सिंह क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमो मे हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता



आर। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्पित भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए।

शनिवार को एनडीए भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह कोईलवर मे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा की एवं मजबुती से लोकसभा चुनाव मे जीत तय करने की बात कही। इस दौरान कार्यकताओ द्वारा अपने प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया गया। कोईलवर बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष अंगद सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रितु राज, भाजपा युवा नेता राकेश ओझा, संतोष सिंह, वीणा गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी शाहपुर के लहंग डुमरिया मे हनुमान प्राण प्रतिष्ठा मे भी शामिल हुए जहाँ राकेश ओझा, गंगाधर पांडेय सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता थे।

आरा नगर मे हिन्दु जागरण मंच के बैठक मे शामिल हो कर आर के सिंह ने युवायो को राष्ट्रहित मे जनता को जागृत कर अधिक से अधिक मतदान कराने पर बल दिया।

वहीं एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी आरा नगर के दो वार्डो के जनता से जनसंपर्क करते हुए विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। पहले वार्ड नं. 16 महाराणा प्रताप नगर स्थित माँ काली मंदिर मे दर्शन और पुजा के साथ जनसंपर्क की शुरूआत की। वार्ड 16 के महाराणा प्रताप नगर, महादलित वस्ती और वशिष्ठ नगर मुहल्ले मे एनडीए प्रत्याशी को भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ। लोगो ने ढोल-बाजा, फूल माला, अंगवस्त्र के साथ अपने प्रत्याशी का स्वागत किया और पूरे मन से जीतने का आशीर्वाद दिया। वार्ड नं. 14 संकटमोचन नगर सहित अन्य मुहल्ले मे भी केन्द्रीय मंत्री सह एनडीए भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह का जनसंपर्क चला। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विकास पुरुष आर के सिंह जिंदाबाद, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, अबकी बार चार सौ पार आदि नारो से आसमान गुंज उठा। सैकड़ो कार्यकताओं के साथ वार्ड भ्रमण के दौरान लोगो ने अपने घरो से निकलकर उनको प्रणाम किया और आशीर्वाद दिया। राजग गठबंधन के प्रत्याशी को सबसे अधिक प्रेम और आशीर्वाद वार्ड 16 के महादलित मुहल्ले से प्राप्त हुआ, झहाँ मुहल्ले के महादलित समुदायो द्वारा स्वागत किया गया, वही महिलाओं ने अपने प्रत्याशी को माथे पर हाथ दे कर आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष दुर्गा राज, जदयू अध्यक्ष संजय सिंह, परमजीत सिंह, रोहित बजरंगी, बबलू पांडेय, मंटु सिंह, रामकुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता थे।

## शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ मतदान : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा आम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न होने के बाद जिलाधिकारी सह जिला निवार्ची पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि मतदाताओं ने इस भीषण गर्मी में अपने मत का प्रयोग बढ़ चढ़कर किया है, और शांतिपूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक सभी के सहयोग से चुनाव को सम्पन्न हुआ है, इसके लिए भागलपुर की जनता का धन्यवाद देता हूँ, पर्ची नहीं मिलने के कारण बहुत से मतदाताओं को वोट देने में परेशानी हुई है, इस सवाल पर डीएम ने कहा कि 90 प्रतिशत पर्ची बीएलओ के द्वारा घर-घर बांटी गयी थी। वही पर्ची की वजह से काफी परेशानी नहीं हुई है, साथ ही मतदाता को वोट देने में परेशानी न हो इसके लिए वोटर - हेल्प डेस्क बनाया गया था। साथ ही उन्होंने बताया कि गोपालपुर में सड़क को लेकर एक जगह से वोट वहिष्कार की सूचना मिली, जिसके बाद डीएम ने विद्युत अधीक्षण अभियंता कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान कर चुके मतदाताओं को जदालू आम का पौधा प्रदान किया। मतदान में मुस्लिम समाज की महिलाएं सबसे ज्यादा पुरुषों की तुलना में आगे रहीं है। लोकतंत्र के महापर्व के प्रति मुस्लिम महिलाएं काफी उत्साहित दिख रही थीं, महिलाएं मतदान बूथ पर पहुंचकर कर सभी ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कड़ी धूप व गर्मी के बीच कतार में खड़ी होकर अपनी बारी का का इंतजार करतीं रहीं थी। वोट करने के बाद मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि मजहब व जाति से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर मतदान किया है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र जैसे हबीबपुर, चमेलीचक, शाहजंगी, मोजाहिदपुर, हुसैनपुर, बरहपुरा, मौलानाचक, तातारपुर, बरारी, इमामपुर, भीखनपुर सहित अन्य मुस्लिम मुहल्लों में पुरुष की तुलना में मुस्लिम महिलाओं कतार में अधिक दिखीं, सुबह के समय महिलाएं बड़ी संख्या में वोट करने के लिए उर्दू मध्य विद्यालय बरहपुरा पहुंचने लगी थीं, यही हाल अन्य मुस्लिम मोहल्लों में भी रहा है, हालांकि पुरुष भी बूथ पर पहुंच रहे थे। जहां उनकी संख्या काफी कम रही है, जुमा की नमाज के बाद उक्त मोहल्लों के मतदान केंद्रों पर मुस्लिम महिलाओं की संख्या बढ़ गयी है, साथ ही संख्या में और बढ़ाने का एलान करते हुए सभी से वोट करने की अपील की। जुमा की नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ने लोगों से अपील किया है जिसकी जानकारी मिल रही है कि वोट प्रतिशत काफी कम है, ऐसे में वोट प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता है। समाजसेवी रिजवान खान ने बताया कि मोजाहिदपुर जामा व मस्जिद, हुसैनपुर मस्जिद मोजाहिदपुर पश्चिम टोला के मस्जिदों में इमाम ने लोगों से अपील कर कहा कि लोग घर से निकल कर अपने बूथ पर वोट करे, तो भी दूसरी तरफ बरहपुरा में भी जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया था।

## टहनी को काटने के दौरान व्यक्ति का पैरा कटा

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोकरम खोह में ताड़ के पेड़ पर टहनी को काटने के दौरान बसुली से व्यक्ति का पैर कट गया जहां गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरमा गांव निवासी स्वगीर्य महादेव चौधरी के 55 वर्षीय पुत्र सुखदेव चौधरी बताया जाता है। घायल ने बताया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के मकरी खोह में बिजनेस के उद्देश्य से ताड़ का ताड़ी उतार कर बेचने का काम किया जाता है। उसी को लेकर ताड़ के पेड़ पर चढ़कर टहनी का छटनी कर रहा था। तभी हाथ से बसुली छुटकर पैर पर गिरा जहां पैर पूरी तरह से कट गया है। भगवानपुर से इलाज के बाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# 27 गेंद में 84 का तूफान

## जेक फेजर को नीलामी में जिसे किसी ने नहीं खरीदा, उसने बुमराह की बैंड बजा दी, दिल्ली ने मुंबई को 10 रन से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के युवा ओपनर जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 84 रन की धुआंधार पारी खेली। मैकगर्क तेजी से अपने पहले आईपीएल शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अनुभवी पीयूष चावला को बड़ा शॉट मारने के चक्कर में आठवें ओवर की तीसरी बॉल पर कैच आउट हो गए। इससे पहले 22 वर्षीय इस ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने सिर्फ 15 गेंद में अर्धशतक जड़ा था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी इतनी ही गेंद में उनके बल्ले से फिफ्टी निकली थी। यानी अब सीजन के सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहली और दूसरी पोजिशन इसी खतरनाक बल्लेबाज के नाम हो चुकी है। मैकगर्क को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के लिए मुंबई इंडियंस को 258 रन का टारगेट दिया था।

### इस आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक

- 15 गेंद - जेक फ्रेजर मैकगर्क - सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली
- 16 गेंद - अभिषेक शर्मा 1ह्य एमआई, हैदराबाद
- 16 गेंद - ट्रैविस हेड -कैपिटल्स, दिल्ली

### बुमराह का छक्के से स्वागत

मैच के पहले ओवर में ल्यूक वुड के खिलाफ 19 रन धुनने के बाद जेक फ्रेजर मैकर्गक ने दूसरे ओवर में बुमराह की भी जमकर धुनाई की। पहली ही गेंद पर छक्के से स्वागत किया, जो नो बॉल भी थी। अगली गेंद को भी मिड ऑन पर चौके के लिए डिपॉजिट कर दिया। आखिरी गेंद पर भी बाउंड्री लगाई। बुमराह ने ओवर में 18 रन दिए, जो उनका सीजन का सबसे महंगा ओवर भी रहा।

### जेक मैकर्गक का प्रदर्शन

- 84 मुंबई
- 23 -गुजरात
- 65 एसआरएस
- 20 गुजराट टाइंस
- 55 - लखनऊ



### फ्रेजर-मैगर्क ने 84 रन बनाए, रसिख-मुकेश को 3 विकेट; तिलक ने लगाई फिफ्टी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने 10 रन से हरा दिया। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। मुंबई ने भी कड़ी टक्कर दी लेकिन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 247 रन ही बना सकी।
दिल्ली से जैक फ्रेजर–मैगर्क ने 27 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में 11 चौके और 6 सिक्स लगाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 47 और शाई होप ने 41 रन बनाए। मुंबई की ओर से ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला और मोहम्मद नबी को 1–1 विकेट मिला। मुंबई से तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशान 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली से रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3–3 विकेट लिए। 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबी रेस के घोड़े

प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक मारने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में सेंचुरी ठोकी थी। उससे पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। आज जेक फ्रेजर गेल को भी पछाड़ सकते थे, लेकिन उससे पहले आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने इस साल दो मैच खेलने का मौका मिला है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज थी।



आर्चरी वर्ल्ड कप

## भारत के तीरंदाजों ने वर्ल्ड कप में की गोल्ड मेडल की बरसात, चीन में लहराया तिरंगा

**शंघाई (एजेंसी)।** भारत ने गैर-ओलिंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए शंघाई में चल रहे विश्व कप के पहले चरण में टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए गोल्ड मेडलों की हैट्रिक लगायी। सत्र के इस पहले वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की महिला कंपाउंड टीम ने इटली को 236-225 से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर गोल्ड मेडल से खाता खोला। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं के कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में भी गोल्ड जीता।

### एक दिन में भारत को चार गोल्ड

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा गोल्ड मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।

### दीपिका भी मेडल की रेस में

दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया। छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178-171 से बढत बना ली।

चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरुआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफेक्ट शुरूआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी। भारतीय जोड़ी 119-117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया।

## युवराज बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एमबेस्डर, कहा- इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। टी20 क्रिकेट के प्रमुख वैश्विक आयोजन के शुरू होने में केवल 36 दिन शेष हैं। यह घोषणा भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 अभियान के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की युवराज की प्रतिष्ठित उपलब्धि के जश्न में की गई है।



युवराज वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ टूर्नामेंट के लिए घोषित होने वाले पहले एम्बेस्डर के रूप में शामिल हुए। अपनी भूमिका के तहत युवराज संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है, जो अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होने वाला है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। टी20 विश्व कप के दौरान न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला इस साल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक होने वाला है, इसलिए इसका हिस्सा बनना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को नया स्टेडियम में खेलते देखना सौभाग्य की बात है।

## क्रुणाल पांड्या दूसरी बार बने पिता, पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने बेटे को दिया जन्म



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या दूसरी बार पिता बन गए हैं। भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बच्चे के जन्म का खुलासा किया। क्रुणाल पांड्या की पोस्ट के अनुसार उनके बेटे वायु क्रुणाल पांड्या का जन्म पांच दिन पहले 21 अप्रैल को हुआ था।

क्रुणाल ने तीन तस्वीरें अपलोड की हैं जिनमें वह अपने बड़े बेटे कविर को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। नवजात शिशु को गोद में लिए हुए उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा उनके बगल में बैठी हैं। पंड्या परिवार मुस्कुरा रहा था क्योंकि उन्होंने अपने परिवार में नए सदस्य का स्वागत किया।

## बल्ले और गेंद में संतुलन जरूरी, हर जगह गेंदबाज पिट रहे : गांगुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में सपाट पिचों पर और 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी के तौर पर अतिरिक्त बल्लेबाज की मौजूदगी से गेंदबाजों की दुर्दशा पर ध्यान दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड को बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। आईपीएल के इस चरण में अब तक की पिचें बल्लेबाजों के लिए मुफीद रही हैं। टीम अब आसानी से 200 रन का आंकड़ा पार कर रही हैं।

गांगुली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि गेंदबाजों के लिए यह आसान नहीं है। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं और भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। आईपीएल की संचालन संस्था ने मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच समानता के प्रयास में गेंदबाजों को अधिकतम दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी है। कुछ 'इम्पैक्ट% खिलाड़ी नियम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असंतुलन का कारण मानते हैं। गांगुली के अलावा महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी गेंदबाजों के संबंध में अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं।



बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

### पंजाब ने टी–20 का सबसे बड़ा चेज किया लगे रिकॉर्ड 42 छक्के, पंजाब ने 24 सिक्स लगाए

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार की रात रिकॉर्ड-ब्रेकिंग रही। कोलकाता ने अपने होमग्राउंड पर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 261 रन बनाए। टूर्नामेंट के 17वें सीजन में 7वीं बार 250 से ज्यादा रन का स्कोर पार हुआ। इतना कम ही था कि पंजाब ने इस रिकॉर्ड स्कोर को 18.4 ही ओवर में चेज कर दिया। जो टी-20 इतिहास का सबसे सफल चेज है। मैच में कुल 42 छक्के लगे, जो एक टी-20 मैच में पहली बार ही हुआ।

## तीरंदाजी विश्व कप: दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में पहुंची, चार पदक पक्के

शंघाई (एजेंसी)। मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया।

विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना



एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी।

# आज हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी)।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे



के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।



रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आए और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।

आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए।

गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

चेन्नई सुपर किंग्स - रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान

सनराइजर्स हैदराबाद-अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, जयदेव उनादकट

समय - शाम 7.30 बजे से।

## संक्षिप्त समाचार

### बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका, अपील खारिज, नहीं मिली रिहाई



**इलाहाबाद, एजेंसी।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका मिला है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में जौनपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए से मिली सात साल की सजा को स्थगित करने और जमानत पर रिहा करने की पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी।। इससे पहले शनिवार को सुबह आठ बजे धनंजय को जौनपुर जिला जेल से बरेली जेल शिफ्ट किया गया। धनंजय छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे। आपको बता दें कि पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने सजा पर रोक लगाने और फैसला आने तक जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर गुरुवार को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। इससे पहले बुधवार को धनंजय की तरफ से अधिवक्ता ने कहा था कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अनुमति दी जाए। अधिवक्ता ने आगे कहा कि ट्रायल के दौरान धनंजय सिंह जमानत पर थे उन्होंने जमानत का कोई दुरुपयोग नहीं किया वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए।

### विधायक इरफान सोलंकी के मामले में नहीं हो सकी लिखित बहस, मांगा समय



**इलाहाबाद, एजेंसी।** विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में शुक्रवार को लिखित बहस दाखिल नहीं हो सकी। एमपी/एमएल सेशन कोर्ट में बचाव पक्ष ने बहस तैयार न होने का हवाला देकर समय मांगा, जिसका अभियोजन ने विरोध किया। अभियोजन ने पत्रावली में दाखिल नए दस्तावेजों की नकल मांगी। कोर्ट ने अभियोजन को नकल मुहैया कराने और लिखित बहस के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की। विधायक समेत सभी आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए। आगजनी मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष को लिखित बहस कोर्ट में शुक्रवार को दाखिल करनी थी। सुनवाई शुरू होते बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने विधायक इरफान और रिजवान सोलंकी की ओर से प्रार्थना पत्र दिया। अभियोजन की ओर से डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी और एडीजीसी भाष्कर मिश्रा ने इसका विरोध करते हुए रोज सुनवाई की बात कही। अभियोजन ने कहा कि लिखित बहस दाखिल करने के दौरान पत्रावली का मुआयना करने पर कई नए दस्तावेज अभियुक्त पक्ष ने दाखिल किए पर उसकी नकल नहीं दी गई। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने बताया कि अब 29 अप्रैल को लिखित बहस दाखिल करनी है। वहीं, पेशी के दौरान कोर्ट में वादिनी नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा भी मौजूद रहीं। कनीज ने कहा कि न्याय मिलने में देरी हो रही है। इससे डर लग रहा है। कहीं उनके परिवार के साथ कुछ गलत न हो।

# कांग्रेस मुसलमानों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है, योगी आदित्यनाथ का बड़ा हमला

**लखनउ, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ये बेशर्म लोग गौमांस खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं। क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद



जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस स्त्रीधन को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए सरकार के तहत 2004 से 2014 तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।

उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, जब उनकी सरकार थी तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है। आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए।

## कोरोना काल में एंटीबायोटिक दवाओं का खूब हुआ इस्तेमाल, क्या इससे आपकी सेहत को खतरा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कोरोना महामारी के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं का काफी इस्तेमाल हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे लेकर अब एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक, इन दवाओं का अत्यधिक यूज होने से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसका मतलब यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि हॉस्पिटल में भर्ती कोविड-19 से पीड़ित केवल 8 प्रतिशत लोगों में बैक्टीरियल को-इंफेक्शन था। ऐसे मामलों में इसकी आवश्यकता थी, मगर तीन-चौथाई रोगियों को एंटीबायोटिक्स दिए गए। सबसे अधिक एंटीबायोटिक का इस्तेमाल गंभीर रोगियों में देखा गया, जिसका वैश्विक औसत 81 प्रतिशत



है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी भूमध्यसागरीय और अफ्रीकी देशों में एंटीबयोटिक दवाओं का सबसे अधिक 83 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ। ये नतीजे 3 साल की अवधि के लिए 65 देशों के क्लिनिकल डेटा के आधार पर निकाले गए। इसके अनुसार, सबसे बड़ी चिंता यह रही कि वॉच एंटीबायोटिक्स का विश्व स्तर पर सबसे अधिक बार इस्तेमाल देखा गया। इनमें उच्च प्रतिरोध क्षमता होती है। विषाणु, जीवाणु, फफूंदी और अन्य परजीवों में समय बीतने के साथ कुछ बदलाव होते हैं। इसके कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित हो जाता है। इस स्थिति में एंटीबायोटिक और अन्य जीवनरक्षक दवाएं अनेक प्रकार के संक्रमणों पर असर नहीं कर पातीं।

कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन ने दिए थे सुझाव

यूएन एजेंसी की प्रवक्ता डॉक्टर मार्गरेट हैरिस ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य संगठन की ओर से कुछ सुझाव दिए गए थे। किसी भी समय कोविड-19 के इलाज के लिए एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल करने की सिफारिश नहीं की गई।

## राजस्थान कांग्रेस का बड़ा एक्शन, अमीन खां और बालेंदु शेखावत को पार्टी से निकाला

**जालौर, एजेंसी।** राजस्थान में दूसरे चरण की वोटिंग समाप्त होते ही कांग्रेस ने एक्शन लिया है। पार्टी ने पूर्व सचिव बालेंदु शेखावत और पूर्व मंत्री अमीन खां को पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायतें मिली थी। अमीन खान और बालेंदु सिंह शेखावत को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित करने की चिट्ठी जारी कर दी गई है। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के हस्ताक्षर से जारी हुई चिट्ठी पर दोनों नेताओं को पार्टी ने निष्कासित करने का फरमान सुनाया है। उल्लेखनीय है कि अमीन खान बाड़मेर की शिव विधानसभा सीट से पिछली बार चुनावी मैदान में थे। लेकिन उन्हें वहां हार का सामना करना पड़ा था। अमीन खान को हराकर रविंद्र भाटी शिव से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। विधानसभा में मिली हार के बाद अमीन सक्रिय राजनीति से दूर से हो गए थे। हालांकि, विधानसभा चुनाव में अमीन खां तीसरे नंबर रहे थे। जबकि दूसरे नंबर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फतेहा खां रहे थे। जिनकी हाल ही में घर वापसी हुई है। माना जा रहा है कि वापसी की वजह से ही अमीन खां कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद भी वो अपने क्षेत्र में सक्रिय नहीं थे। पार्टी ने उन्हें जो काम दिया उससे भी वो दूरी बनाते नजर आ रहे थे। चुनाव प्रचार अभियान के बीच वो हज की यात्रा पर चले गए थे।

## भजनलाल सरकार का एक्शन, दूदू कलेक्टर पर आधी रात को एसीबी का छापा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बड़ी मछलियों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। एसीबी ने शुक्रवार आधी रात को दूदू कलेक्टर के ठिकानों पर छापे मारे है। भष्टाचार की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की है। एसीबी सूत्रों के अनुसार दूदू कलेक्टर पर हनुमान मल ढाका पर भू-रूपांतरण के लिए 25 लाख रुपये मांगने का आरोप था। घूस मांगने के आरोप में शुक्रवार रात करीब 1 बजे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के यहां छापेमारी की।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका, बीरभूम से पार्टी उम्मीदवार का नामांकन रद्द, हाई कोर्ट पहुंचा मामला

**बीरभूम, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की बीरभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। धर ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। वह पूर्व ढ्क्क अधिकारी रहे हैं। चुनाव आयोग सूत्रों ने कहा है कि अगर नौकरीशुदा कोई शख्स इस्तीफा देकर चुनाव लड़ता है तो उसे उस विभाग (जहां वह काम करता था) से नो



ड्यूज और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जमा करना होता है। धर ने अपने नामांकन के साथ यह कागजात नहीं जमा कराए थे, जिसकी वजह से आयोग ने उनका नामांकन रद्द कर दिया है। भाजपा ने अब उनकी जगह देबतनु भट्टाचार्य को बीरभूम सीट से नया उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। देबाशीष धर ने हाल ही में आईपीएस अधिकारी के पद से इस्तीफा दिया था और राजनीति में एंट्री ली थी।

## इजरायल ने राफा पर हमले रोकने के लिए 33 बंधकों की रिहाई की मांग की

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजरायल ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर योजनाबद्ध हमलों को रोकने के लिए हमास से कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने की मांग की है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह मांग मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व वाले मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के सामने रखी थी।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने हाल ही में काहिरा की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को राफा पर योजनाबद्ध हमले पर अपने देश की चिंता जताई थी। मिस्र को डर है कि राफा क्षेत्र पर हमले से नागरिक तबाही होगी। साथ ही मिस्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा क्योंकि राफा, देश के सिनाई क्षेत्र से सटा है।

इजरायल ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 129 इजरायली बंधकों में 33 लोग ऐसे हैं जो बुजुर्ग, महिला और बीमार की श्रेणी में आते हैं। इजराइल के मुताबिक, 129 बंधकों में से कई की मौत



हो चुकी है। इजरायली खुफिया ने दावा किया है कि सैन्य कमांडर और 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार मानव ढाल के रूप में इजरायली बंधकों के साथ हमास सुरंगों में से एक में राफा में है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हमले से पहले ही राफा में अपनी विशिष्ट नाहल ब्रिगेड को तैनात कर दिया है।

## तिरंगे के अपमान का ऐसा बदला, ब्रिटेन-कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क की नींद ही उड़ गई

**ब्रिटेन, एजेंसी।** भारत ने खलिस्तायों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया है कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही इनकी रूह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। इन बुजदिल खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। इंदरपाल सिंह गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इंदरपाल सिंह गाबा ठीक है गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। इसने ब्रिटेन कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है। एनआईए ने




खुद ही इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो के निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च को 2,000 से अधिक खालिस्तान समर्थक समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी।

## तीन महीने बाद सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार किंग चार्ल्स तृतीय, बकिंघम पैलेस ने दी जानकारी

**लंदन, एजेंसी।**
किंग चार्ल्स तृतीय जल्द ही अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए सार्वजनिक जीवन में लौटने को तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में चिकित्सा विशेषज्ञों को कैंसर का पता चला था, जिसके बाद से उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार से काफी खुश थे। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। 75 वर्षीय किंग चार्ल्स अगले मंगलवार को अपनी पत्नी क्वीन कैमिला के साथ लंदन के एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे। बकिंघम पैलेस ने बयान में कहा, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए आगे के सार्वजनिक जिम्मेदारियों वाले कार्यक्रमों को



प्रबंधित किया जाएगा।

इसमें आगे कहा गया, कैंसर के उपचार और स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद किंग चार्ल्स जल्द ही सार्वजनिक जिम्मेदारियों में लौट आएंगे। बयान में कहा गया, किंग और क्वीन अगले मंगलवार को एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे, जहां वे चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों से मिलेंगे। आने वाले हफ्तों में किंग द्वारा की जाने वाली कई बाहरी गतिविधियों में यह पहली यात्रा होगी। बकिंघम पैलेस ने कहा कि किंग की मेडिकल टीम अब तक हुई प्रगति से बहुत खुश है। टीम उनके लगातार ठीक होने को लेकर पॉजिटिव बनी हुई है। छह मई को किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की पहली वर्षगांठ नजदीक आ रही है।

## बंग्लादेश में पीएलए की तैनाती करेगा चीन, भारतीय सेना से बढ़ेगा टकराव

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है। खबर है कि चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में तैनात करने वाला है। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता वू कुयान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया है कि बांग्लादेश के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश के सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है।

### हिमाचल उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का ऐलान

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपुचनाव के लिए कांग्रेस ने तीन प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। प्रदेश की सुजानपुर सीट से कांग्रेस ने कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गगरेट विधानसभा सीट से राकेश कालिया और कुटलेहर विधानसभा सीट से विवेक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राज्य विधानसभा के तीन सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के वास्ते इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। बीते कई दिनों से हिमाचल प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। प्रदेश की एक सीट पर राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के 6 विधायकों ने बगावत कर दी थी। बागी विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। 6 विधायकों के अयोग्य घोषित होने के बाद प्रदेश की 6 विधानसभा सीटें खाली हो गई थीं। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के साथ ही विधानसभा उपचनाव का भी ऐलान किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129